You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-36 ❒ शुक्रवार, 06 मार्च 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



भारत फिनलैंड को एक महत्वपूर्ण और विश्वसनीय साझेदार के रूप में देखता है, और दोनों देशों के बीच संबंध पारस्परिक विश्वास तथा साझा लोकतांत्रिक परंपराओं पर आधारित हैं।

द्रौपदी मुर्मु

भारत विश्व की वैश्विक कौशल राजधानी बनने की दिशा में अग्रसर : जयंत 11

नीतीश कुमार सहित राजग उम्मीदवारों ने राज्यसभा के लिए दाखिल किया नामांकन 12

## संक्षेप

### रूस जल्द रोक सकता है ईयू को गैस आपूर्ति : पुतिन

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस वाणिज्यिक फायदे के लिए यूरोपीय संघ (ईयू) के देशों को उम्मीद से पहले प्राकृतिक गैस की आपूर्ति रोक सकता है। श्री पुतिन ने बुधवार को एक साक्षात्कार में कहा कि ईयू देश 'एक महीने में रूसी गैस की खरीद पर नयी रोक लगाने और एक साल में उन्हें पूरी तरह से बैन करने की योजना बना रहे हैं। दूसरे बाजार अब खुल रहे हैं। शायद हमारे लिए अभी यूरोपीय बाजार में आपूर्ति रोकना और नयी दिशाओं में निर्यात स्थापित करना ज़्यादा फायदेमंद होगा। इसमें कोई राजनीतिक मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ 'खुलकर सोचे गये विचार' हैं। अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। ईयू की परिषद ने जनवरी में ईयू में रूसी पाइपलाइन गैस और लिक्विफाइड प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात पर प्रतिबंध को मंज़ूरी दी। इसके तहत एलएनजी के लिए जनवरी 2027 से और पाइपलाइन गैस के लिए 2027 के पतझड़ से पूरा प्रतिबंध लागू होगा। परिषद के मुताबिक, पाइपलाइन गैस और एलएनजी को मिलाकर, 2025 में कुल ईयू गैस आयात में रूस का हिस्सा लगभग 13 प्रतिशत था।

### ब्रह्मपुत्र पर बनेगा देश का पहला नदी आधारित प्रकाश स्तंभ

**नयी दिल्ली।** पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने अंतर्देशीय जलमार्ग नौवहन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कदम उठाते हुए ब्रह्मपुत्र नदी पर चार प्रकाश स्तंभ बनाने की आधारशिला रखी है। श्री सोनोवाल ने गुरुवार को गुवाहाटी के लाचित घाट पर आयोजित समारोह में प्रकाश स्तंभ एवं प्रकाश जहाज महानिदेशालय और भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित समारोह में यह आधारशिला रखी। श्री सोनोवाल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में, अंतर्देशीय जलमार्ग न केवल सड़क और रेल परिवहन का विकल्प हैं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक शक्ति गुणक के रूप में सक्रिय और सक्षम बन रहा है। जलमार्ग से एक टन माल ढुलाई की लागत सड़क परिवहन की तुलना में बहुत कम है, कार्बन उत्सर्जन भी नगण्य है। ब्रह्मपुत्र पर बने ये प्रकाश स्तंभ इस इरादे का प्रमाण हैं कि भारत की नदियां चौबीसों घंटे व्यापार के लिए खुली हैं। आधिकारिक सूचना के अनुसार ये चारों स्थल असम के डिब्रूगढ़ जिले में बोगीबील, कामरूप जिले में पांडू, नागांव जिले में सिलघाट और बिश्वनाथ जिले में बिश्वनाथ घाट पर स्थित हैं और ये सभी स्थल सबसे महत्वपूर्ण अंतर्देशीय माल और यात्री गलियारों में शामिल हैं। चारों प्रकाश स्तंभों की कुल परियोजना लागत लगभग 84 करोड़ रुपये है। प्रत्येक प्रकाश स्तंभ 20 मीटर ऊंचा होगा, जिसकी भौगोलिक सीमा 14 समुद्री मील और प्रकाशीय सीमा 8-10 समुद्री मील होगी, और यह पूरी तरह से सौर ऊर्ज़ा से संचालित होगा।

# कई देशों में तबाही, सैकड़ों मौतें

## मध्य पूर्व में जंग की आग: अमेरिका-ईरान संघर्ष छठे दिन और भड़का

एजेंसी



❒ हिंद महासागर में अमेरिकी पनडुब्बी ने ईरानी युद्धपोत को डुबोया

❒ तेल अवीव से कुवैत तक धमाके, क्षेत्रीय युद्ध में बदल रहा अमेरिका-ईरान संघर्ष

❒ ओमान तट के पास टैंकर पर हमला, 1 मौत, कुवैत में हमले में 6 सैनिक मारे गए

❒ ट्रंप की युद्ध संबंधी शक्तियों को सीमित करने का प्रस्ताव अमेरिकी सीनेट में ख़ारिज

❒ होर्मुज बंद, पश्चिम एशिया में तेल की सप्लाई बाधित

वॉशिंगटन/तेहरान/तेल अवीव। अमेरिका और इस्राइल की ओर से ईरान पर किए जा रहे हमलों के छठे दिन युद्ध का दायरा अब मिडिल ईस्ट की सीमाओं को पार कर हिंद महासागर तक फैल चुका है। एक तरफ जहां ईरान के 33 नागरिक और सैन्य ठिकानों पर बड़े हमले हुए हैं, वहीं दूसरी तरफ होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से वैश्विक व्यापार और ऊर्ज़ा सप्लाई पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है। आइए, एक विस्तृत सवाल-जवाब के जरिए समझते हैं कि युद्ध के मौजूदा हालात, भू-राजनीतिक समीकरण और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसके क्या असर हो रहे हैं।

ईरानी स्टेट मीडिया के मुताबिक, हमलों के पांच दिनों में अब तक 1,045 लोगों की मौत हो चुकी है और 6,000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। ईरानी विदेश मंत्रालय ने दावा किया है कि अमेरिका और इस्राइल ने 33 नागरिक ठिकानों को निशाना बनाया है, जिनमें अस्पताल, स्कूल, तेहरान का प्रमुख आर्थिक केंद्र 'ग्रैंड बाज़ार' और ऐतिहासिक गोलस्तान पैलेस शामिल हैं। इस बीच, कुर्दिश-ईरानी सशस्त्र समूहों ने उत्तर-पश्चिमी ईरान में सरकार के खिलाफ जमीनी हमला भी शुरू कर दिया है।

ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मोजतबा खामेनेई देश के अगले सर्वोच्च नेता के रूप में सबसे मजबूत दावेदार बनकर उभरे हैं, जिनके इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के साथ गहरे संबंध हैं। सैन्य मोर्चे पर, श्रीलंका के तट के पास हिंद महासागर में एक अमेरिकी पनडुब्बी ने ईरान के युद्धपोत 'आइरिस डेना' को टारपीडो से डुबा दिया है, जिसमें 87 शव बरामद हुए हैं।

युद्ध की शुरुआत के बाद हालात तब और बिगड़ गए जब संयुक्त हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर सामने आई। इसके बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई तेज करते हुए इजरायल के कई शहरों को निशाना बनाया। तेल अवीव और यरूशलम समेत कई जगहों पर मिसाइल हमले किए गए।

इसी के साथ ईरान ने कतर, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर भी हमले किए। कुछ नागरिक ठिकानों को भी निशाना बनाए जाने की खबर है, जिससे पूरे खाड़ी क्षेत्र में डर और तनाव का माहौल गहरा गया है। यह संघर्ष अब सिर्फ मध्य पूर्व तक सीमित नहीं रहा है। खबरों के मुताबिक श्रीलंका के पास हिंद महासागर में एक अमेरिकी पनडुब्बी ने ईरान के एक युद्धपोत को डुबो दिया। इससे साफ है कि जंग का असर समुद्री इलाकों तक फैल चुका है और वैश्विक व्यापार मार्ग भी खतरे में आ गए हैं। युद्ध में सबसे ज्यादा नुकसान ईरान को हुआ है। ईरानी अधिकारियों के अनुसार अब तक 1230 लोगों की मौत ● शेष पेज 11 पर

### ईरान के हवाई क्षेत्र पर जल्द होगा अमेरिका का कब्ज़ा : व्हाइट हाउस

वॉशिंगटन। अमेरिका ने कहा है कि अगले कुछ घंटों में ईरानी हवाई क्षेत्र में उसकी वायु सेना का पूरा दबदबा होगा।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बुधवार को यह जानकारी दी है। सुश्री लेविट ने व्हाइट हाउस की दैनिक प्रेस वार्ता में कहा, ''हमें उम्मीद है कि आने वाले घंटों में ईरानी एयरस्पेस पर हमारा पूरा दबदबा होगा। उन्होंने कहा कि ईरान में अमेरिका के सैनिकों को तैनात करने की अभी कोई योजना नहीं है, हालांकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले कहा था कि वह भविष्य में इस विकल्प के लिए तैयार हैं। दिन की शुरूआत में अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने पेंटागन में संवाददाताओं से कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल सैन्य अभियान अभी शुरुआती चरण में है। संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के चेयरमैन डैन केन ने कहा कि जैसे-जैसे अभियान आगे बढ़ेंगा, अमेरिकी सेना ईरानी इलाके में धीरे-धीरे और अंदर तक हमला करना शुरू कर देगी। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कल सीएनएन को बताया कि ईरान और लेबनान के उग्रवादी समूह हिज़्बुल्लाह ने चल रहे तनाव के बीच इजरायल पर अपना पहला सुनियोजित हमला किया।

### ईरान संघर्ष में अमेरिकी सेना के भारतीय बंदरगाहों के इस्तेमाल के दावे को भारत ने किया खारिज

**नयी दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध के बीच भारत ने उन दावों को नकार दिया है जिनमें कहा गया था कि ईरान के खिलाफ हमले में अमेरिका भारतीय बंदरगाहों का इस्तेमाल कर रहा है। यह प्रतिक्रिया एक पूर्व अमेरिकी कर्नल के उस दावे के बाद आयी है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिकी नौसेना मौजूदा संघर्ष में भारतीय बंदरगाहों का सहारा ले रही है। अमेरिकी चैनल 'वन अमेरिका न्यूज नेटवर्क' (ओएएनएन) को दिये साक्षात्कार में कर्नल डगलस मैकग्रेगर ने कहा, ''हमारे सभी ठिकाने नष्ट हो गये हैं। हमारे बंदरगाह प्रतिष्ठान नष्ट हो गये हैं। हमें वास्तव में भारत और भारतीय बंदरगाहों पर निर्भर होना पड़ रहा है, जो आदर्श स्थिति से कम है। नौसेना का यही कहना है और मुझे लगता है कि हमारी निराशा के बावजूद ईरान बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। सवाल यह है कि हम इसे कब तक जारी रख सकते हैं? इस दावे को फर्जी बताते हुए पीआईबी तथ्य जांच ने 'एक्स' पर पोस्ट किया अमेरिका स्थित चैनल 'वन अमेरिका न्यूज नेटवर्क' पर अमेरिकी सेना के पूर्व कर्नल डगलस मैकग्रेगर ने एक बयान दिया है, जिसमें कहा गया है कि चल रहे ईरान-अमेरिका संघर्ष में अमेरिका ईरान पर हमला करने के लिए भारतीय नौसेना के ठिकानों का इस्तेमाल कर रहा है। यह दावा फर्जी है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने भी मैकग्रेगर के दावे को खारिज कर दिया। 'एक्स' पर एक पोस्ट में मंत्रालय ने लिखा, ''फ़ेक न्यूज अलर्ट! अमेरिका स्थित चैनल ओएएनएन पर किये गये दावे कि अमेरिकी नौसेना भारतीय बंदरगाहों का उपयोग कर रही है फर्जी और झूठे हैं। हम आपको ऐसे निराधार और मनगढ़ंत बयानों के प्रति आगाह करते हैं। गौरतलब है कि बुधवार को 100 से अधिक नाविकों को ले जा रहे ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस डेना पर हिंद महासागर के अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में एक अमेरिकी पनडुब्बी ने हमला किया था। भारतीय नौसेना ने विशाखापत्तनम में आयोजित 'इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026' में अपनी भागीदारी पूरी करने के बाद ईरानी नौसैनिक फ्रिगेट आईआरआईएस डेना ने वापसी के लिए निकला था। इसी बीच हिंद महासागर में उस पर हमला हुआ और बाद में वह श्रीलंका के दक्षिणी तट के पास डूब गया। रिपोर्टों के अनुसार, इस टॉरपीडो हमले में 87 ईरानी नाविक मारे गये, जबकि 32 को श्रीलंकाई नौसेना ने बचा लिया। इस युद्धपोत ने इससे पहले भारत के सबसे बड़े बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यासों में से एक, 'एक्सरसाइज मिलान 2026' में भाग लिया था। ● शेष पेज 11 पर

## शाह ने जनगणना के लिए चार डिजिटल प्लेटफार्म शुरू किए



एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को जनगणना-2027 के लिए चार डिजिटल प्लेटफार्म का 'सॉफ्ट लॉन्च' और शुभंकर- ''प्रगति'' (महिला) और ''विकास'' (पुरुष) - का औपचारिक अनावरण किया। देशभर में गणना कार्यों को सुगम बनाने के लिए सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक) ने ये एडवांस डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किए हैं। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह सचिव और भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

केन्द्र सरकार पिछले वर्ष जून में जनगणना-2027 की अधिसूचना जारी की थी। इसके बाद जनगणना-2027 की प्रक्रिया औपचारिक रूप से प्रारंभ हुई। दो चरणों में होने वाली जनगणना-2027 दुनिया का सबसे बड़ा जनगणना कार्य है। पहली बार जनगणना डिजिटल माध्यम से की जाएगी और साथ ही पहली बार स्व-गणना का विकल्प भी दिया जा रहा है। जनगणना-2027 के शुभंकर ''प्रगति'' (महिला प्रगणक) और ''विकास'' (पुरुष प्रगणक) को मैत्रीपूर्ण और सहज प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया है। साथ ही प्रगति और विकास 2047 में भारत को एक विकसित राष्ट्र ● शेष पेज 11 पर

## नेपाल में 60 प्रतिशत मतदान हुआ

काठमांडू। नेपाल के चुनाव आयोग ने गुरुवार को बताया कि आम चुनावों में लगभग 60 प्रतिशत मतदान हुआ है।

कार्यवाहक मुख्य चुनाव आयुक्त रामप्रसाद भंडारी ने चुनाव समाप्ति के बाद मीडिया से कहा कि विशिष्ट परिस्थितियों में घोषित इस चुनाव को निर्धारित तिथि पर उत्साहजनक रूप से संपन्न कराना अपने आप में चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने कहा कि देशभर से प्राप्त प्रारंभिक विवरणों के अनुसार, करीब 60 प्रतिशत मतदान हुआ है। श्री भंडारी ने अंतिम आंकड़ो के संबंध में कहा, ''इसका विस्तृत विवरण संकलन करने का कार्य जारी है।'' आयोग ने बताया कि गुरुवार सुबह 7 बजे से शुरू हुआ मतदान शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि नेपाल में प्रत्यक्ष और समानुपातिक दोनों विधियों से सांसदों का चुनाव हुआ। 165 सीटों के लिए प्रत्यक्ष मतदान प्रक्रिया का पालन हुआ, जबकि 110 सीटों के लिए समानुपातिक विधि का पालन। प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली में 65 राजनीतिक दल 61 चुनाव चिह्नों पर चुनाव लड़ रहे हैं तथा इसके तहत 3,406 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 3,017 पुरुष और ● शेष पेज 11 पर

## जंग जल्द खत्म हो, सैन्य संघर्ष किसी समस्या का समाधान नहीं

❒ पश्चिम एशिया स्थिति पर भारत और फिनलैंड ने कहा, केवल सैन्य टकराव से मुद्दों का समाधान संभव नहीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में चल रहे सैन्य टकराव के बीच भारत और फिनलैंड ने कानून के शासन तथा कूटनीति पर जोर देते हुए कहा है कि केवल सैन्य टकराव से किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं निकल सकता। दोनों देशों ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन में संघर्ष की शीघ्र समाप्ति और शांति स्थापना पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत यात्रा पर आये फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ गुरुवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि भारत और फिनलैंड ने प्रौद्योगिकी से लेकर रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने के लिये अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्ज़ा देने ● शेष पेज 11 पर



### भारत और फिनलैंड ने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्ज़ा किया, कई समझौते भी किये

**नयी दिल्ली।** भारत और फिनलैंड ने द्विपक्षीय संबंधों को 'डिजिटलीकरण तथा सतत विकास' के क्षेत्र में रणनीतिक स्तर तक बढाने और प्रौद्योगिकी, गतिशीलता और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए गुरुवार को कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए और अनेक नयी पहलों की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भारत यात्रा पर आये फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ गुरुवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। दोनों देशों ने पर्यावरण सहयोग , सांख्यिकी और माइग्रेशन तथा मोबिलिटी के क्षेत्र में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये और डिजिटल प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, अनुसंधान, स्टार्टअप और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग प्रगाढ करने के लिए नई संयुक्त पहलों की ● शेष पेज 11 पर

## भारत चौथी बार टी-20 वर्ल्डकप के फाइनल में

एजेंसी

❒ इंग्लैंड को 7 रन से हराया, सैमसन ने 89 रन बनाए, बेथेल का शतक बेकार



मुंबई। भारत ने चौथी बार टी-20 वर्ल्डकप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने गुरुवार को दूसरे सेमीफाइनल मैच में इंग्लैंड को 7 रन से हराया। टीम 2007, 2014, 2024 में भी फाइनल तक पहुंच चुकी है।

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम इंडिया ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 253 रन बनाए। 254 रन चेज कर रही इंग्लैंड की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 246 रन ही बना सकी। जैकब बेथेल ने 48 बॉल पर 105 रन की पारी खेली। लेकिन, अपनी टीम को फाइनल में नहीं पहुंचा सके। संजू सैमसन ने फिफ्टी लगाई, भारत 253/7 भारतीय टीम की ओर से संजू सैमसन ने 89 रन की पारी खेली। जबकि शिवम दुबे ने 43 रन बनाए। ईशान किशन ने 39, हार्दिक पंड्या ने 27 और तिलक वर्मा ने 21 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड से विल जैक्स और आदिल रशीद ने 2-2 विकेट झटके। एक विकेट जोफ्रा आर्चर को मिला। 2 बैटर्स रनआउट हुए। भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया भारत ने टी-20 वर्ल्डकप में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बना लिया। टीम इंडिया का सबसे बड़ा स्कोर रिकॉर्ड 256 रन है। जोकि टीम ने इस वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर-8 मैच में बनाया था। ओवरऑल टी-20 वर्ल्ड कप में यह चौथा सबसे बड़ा स्कोर रहा। श्रीलंका के नाम टी-20 वर्ल्ड कप में हाईएस्ट टोटल का रिकॉर्ड हैं, टीम ने केन्या के खिलाफ 2007 में 260 रन बनाए थे।

## पहले 'एक जनपद एक माफिया' था, अब हर जिले में मेडिकल कॉलेज पर हो रहा कार्य : योगी

एजेंसी

ग्रेटर नोएड। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर 10 में एक निजी अस्पताल का उद्घाटन किया। यह केडीएसजी अस्पताल 200 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। अस्पताल के शुभारंभ के बाद मुख्यमंत्री जनसभा स्थल पर पहुंचे और लोगों को संबोधित किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौतमबुद्ध नगर में फिल्म सिटी और मेडिकल डिवाइस पार्क बन रहा है। उन्होंने जोर दिया कि कभी पहचान के लिए मोहताज उत्तर प्रदेश आज विकास का इंजन बन चुका है। प्रदेश में निवेश भी हुए हैं और सेवा भी होगी। राज्य सरकार हर क्षेत्र में पूरा सहयोग करेगी। विकसित भारत की संकल्पना को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार उन्हें समर्थन देगी। सीएम योगी ने कहा कि पहले 'एक जनपद एक माफिया' था, अब 'एक जनपद एक मेडिकल कॉलेज' पर कार्य हो रहा है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बेहतर और सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं हर नागरिक का अधिकार हैं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना से देश के 60 करोड़ और उत्तर प्रदेश के 5.60 करोड़ लोगों को गोल्डन कार्ड के माध्यम से उपचार की सुविधा मिल रही है। उन्होंने निजी क्षेत्र की भागीदारी को भी जरूरी बताया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में कॉमन मैन के लिए विश्वसनीय सुविधा होनी चाहिए और सस्ती भी होनी चाहिए। डॉक्टर का अच्छा व्यवहार मरीज की आधी बीमारी को खत्म कर देता है। जैसे कपिल ● शेष पेज 11 पर

### सकारात्मक सोच वाली ताकतों की होती है सदैव विजय : सीएम

**गोरखपुर।** रंगोत्सव के पावन अवसर पर बुधवार दोपहर बाद गोरखनाथ मंदिर में गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीएम योगी ने होली मिलन कार्यक्रम में उमड़े लोगों पर फूलों की वर्षा की और सभी को होली की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने वाली ताकतें ही सदैव विजयी होती हैं। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित होली मिलन समारोह में सीएम योगी ने कहा कि समाज में हमेशा दो प्रकार की ताकतें होती हैं। एक अच्छी सोच वाली ताकतें और दूसरी नकारात्मक सोच वाली ताकतें। नकारात्मक सोच वाली ताकतें हमेशा विध्वंसात्मक गतिविधियों को प्रश्रय देती हैं, जबकि सकारात्मक सोच वाली ताकतें अच्छी कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ती हैं और उनका परिणाम हमेशा सुखद होता है। शांति, आनंद, उल्लास और उमंग के साथ होलिकोत्सव का आयोजन भी सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का सुफल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और दुनिया में रहने वाले सनातन धर्मावलंबियों ने उमंग और उत्साह के साथ समरसता के महापर्व होली का आयोजन कर अपनी विरासत पर गर्व की अनुभूति की। सनातन धर्म की श्रेष्ठता पर वही लोग प्रश्न करते हैं, जिन्हें होली जैसे पर्व का अहसास नहीं होता है। होली जैसे पर्व में न भेदभाव होता है और न ही छुआछूत होती है। सनातन धर्म के पर्व व त्योहार किसी न किसी महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी घटना से जुड़े हैं। इनके माध्यम से हमारी ऋषि परंपरा ने समाज को नई दिशा, धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। सनातन धर्म के पर्व व त्योहार एकांकी नहीं होते बल्कि उनमें सामूहिकता का भाव होता है। समाज का हर तबका इसमें सहभागी बनता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दौर में दुनिया में अव्यवस्था है, पर भारत में शांति और उल्लास के साथ पर्व मनाए जा रहे हैं। इसका कारण यह है कि भारत की सोच सकारात्मक रही है। भारत सही दिशा में सोचता है। भारत ने कभी किसी को बुरा नहीं कहा, बुरा नहीं किया। और, जब बुरा किया नहीं, कहा नहीं तो बुरा सहा भी नहीं है। सीएम योगी ● शेष पेज 11 पर

# प्रयागराज के जॉनसेनगंज में डिजिटल होली बनी आकर्षण का केन्द्र

❐ जबलपुर से आए हुए अत्याधुनिक तकनीकों व मशीनों के माध्यम से मनाई गया होली त्योहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । संगमनगरी में ओम् संस्था जानसेनगंज की भौकाली होली में इस वर्ष डिजिटल होली लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना रहा। जिसमें हजारों लोगों ने इसका लुत्फ उठाया।

जबलपुर से आए हुए अत्याधुनिक तकनीकों व मशीनों के माध्यम से तथा बाहर से मंगाये गये सुपर स्पेशल रंगों के छिड़काव से होली का लुत्फ उठाने वाले लोग दोनों दिन रंगों से सराबोर हुए। प्रयाग व्यापार मंडल के मीडिया प्रभारी एवं समाजसेवी अकरम शगुन ने जानकारी देते हुए बताया कि जॉनसेनगंज चौराहे से चौक घंटाघर तक कार्यक्रम बड़े धूमधाम से आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि इसकी तैयारियों के लिए कई पदाधिकारियों को नियुक्त कर सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई थी।मीडिया प्रभारी ने बताया कि यू तों होली का त्यौहार हर शहरों में मनाया जाता है, लेकिन प्रयागराज का क्या कहना है। प्रयागराज में चाहे दशहरा या होली हो पूरे भारतवर्ष में ऐसा त्योहार कही नहीं मनाया जाता। उन्होंने बताया कि अबकी बार डिजिटल होली खेली गईं, जो जानसेनगंज चौराहे से लेकर घंटाघर आधुनिक मशीनों द्वारा होली खेलने वाले लोगी मे काफी उत्साह देखने को मिला।इस अवसर पर विजय चौरसिया, अजय चौरसिया, अनूप केसरवानी, गोपाल मिश्रा, गौरी शंकर वर्मा, जीसू पांडे, आकाश चौरसिया, कुशल केसरवानी, राकेश शर्मा, अनुभव, नाजिया सहित जॉनसेनगज के समस्त नागरिकगण उपस्थित रहे।

# क्षत्रिय समाज ने गरुण ध्वज की शोभा यात्रा निकाली

❐ खेली रंगों की होलीविजय ध्वज निकालने की परम्परा सैकड़ों सालों से है कायम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के कुरारा में गुरुवार को क्षत्रिय समाज ने गरुण ध्वज की शोभा यात्रा निकाल कर होली का रंग और गुलाल उड़ाया। सैकड़ों साल पुरानी परम्परा के गौरवंश की शान के प्रतीक गरुण ध्वज की शोभायात्रा में दर्जनों गांवों के क्षत्रिय शामिल हुए।

शोभायात्रा के बाद गांवों में होली त्योहार की धूम मच गई है।कुरारा कस्बे में सैकड़ों साल से ऐतिहासिक विजय गरुण ध्वज निकालने की परम्परा चली आ रही है। यह विजय ध्वज गौरवंश की विरासत है। गौरवंश के डा देवेंद्र सिंह गौर व शिवम बाबा गौर ने बताया कि होली की दूज के दिन गौरवंश की शान के प्रतीक विजय ध्वज गरुण की शोभायात्रा सैकड़ों सालों से निकालने की परम्परा कायम है। बताया कि कई दशक पहले हरेहटा गांव में होली त्योहार को लेकर जलसा होता था। जिसमें विजय ध्वज गरुण को हमीरपुर स्थित यमुना नदी में नहलाने ले जाता है फिर इसके बाद प्राचीन ऐतिहासिक गरुण ध्वज समारोह का शुभारम्भ कुरारा कस्बे के रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर मेन बाजार से होकर लालमन पुलिया से होकर मनकी स्टैंड में कलाकारों द्वारा होली गीत प्रस्तुत किए इसके बाद शिवम बाबा के दरवाजे में ध्वज का पूजन किया गया। तथा इसके बाद ब्लाक परिसर से होकर पालीवाल मोहल्ले में समारोह का समापन हो गया ।इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल, चेयरमैन कुलदीप निषाद व्यापार मंडल अध्यक्ष अश्वनी द्विवेदी जसवंत सिंह, गिरीश पालीवाल, अखिलेश सिंह गौर, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। समापन देर शाम होने के बाद क्षेत्र में होली की धूम मच गई है।सैकड़ों साल पहले राजाओं के बीच भीषण हुआ था संघर्षगौरवंश के बुजुर्ग कंडौर गांव निवासी डा देवेंद्र सिंह गौर ने बताया कि सैकड़ों साल पहले हमीरपुर में शासन हम्मीरदेव का था। तब एक राजा ने उनके ऊपर चढ़ाई कर दी थी। राजा हम्मीरदेव ने राजस्थान के राजगढ़ स्टेट से मदद मांगी थी। वहां के युवराज सिंहलदेव व बीसलदेव ने अपनी सेना के साथ राजस्थान से यहां हमीरपुर आए थे। भीषण युद्ध में विजय होने पर राजा हम्मीरदेव ने बीसलदेव को विजय निशान गरुण ध्वज देकर अपनी बेटी रामकुंवर की शादी उनसे कराई थी। सिंहलदेव को विजय निशान नगाड़ा दिया गया था।

## रामपुर चौराहे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना औद्योगिक क्षेत्र में रामपुर चौराहे के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार अधेड़ की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह डिवाइडर से टकराकर सड़क पर गिर पड़े।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद घायल कुछ देर तक सड़क पर तड़पते रहे। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कमलेश कुमार पटेल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल सीएचसी करछना भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतक की पहचान भूपेंद्र प्रताप सिंह निवासी केसिया का पूरा गांव, रामनगर मेजा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह किसी कार्य से बाइक से निकले थे और रामपुर चौराहे के आगे पहुंचते ही अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट आई और काफी खून बह गया।घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। हादसे के बाद कुछ देर तक सड़क पर जाम की स्थिति भी बनी रही।

## गाड़ी हटाने के विवाद में युवक को गोली, एक और घायल

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** होलागढ़ थाना क्षेत्र के कस्तूरीपुर हरकिसन गांव में बुधवार दोपहर गाड़ी हटाने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद के दौरान एक युवक को गोली मार दी गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बीच-बचाव करने आए एक अन्य युवक को भी हमलावरों ने पीटकर घायल कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी एक युवक अपनी बाइक धो रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने उससे बाइक हटाने को कहा, जिस पर दोनों पक्षों में हल्की नोकझोंक हुई। उस समय मामला शांत हो गया था, लेकिन आरोप है कि कुछ देर बाद चार-पांच गाड़ियों में सवार होकर हमलावर दोबारा पहुंचे और हमला कर दिया।बताया जा रहा है कि हमलावरों ने राम चरन यादव के पुत्र राम आसरे को गोली मार दी। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीच-बचाव करने पहुंचे राम कैलाश को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया।घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने दो-तीन संदिग्धों को पकड़कर बंधक बना लिया, जिन्हें पुलिस के हवाले किए जाने की तैयारी है। पुलिस मामले की जांच कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## प्रयागराज में होली को लेकर सुरक्षा सख्त, संवेदनशील क्षेत्रों में डीसीपी का भ्रमण

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** होली पर्व के मद्देनजर शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। बुधवार को कुलदीप सिंह गुनावत, पुलिस उपायुक्त गंगानगर, ने गंगानगर जोन के विभिन्न थाना क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने साम्प्रदायिक दृष्टि से संवेदनशील स्थानों, प्रमुख बाजारों और चौराहों का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा संवेदनशील स्थानों पर लगाए गए पिकेट ड्यूटी की जांच कर ड्यूटी पर मौजूद कर्मियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।डीसीपी ने स्पष्ट किया कि होली के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी और किसी भी प्रकार की अराजकता या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्रीय अधिकारियों को लगातार पेट्रोलिंग बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश भी दिये।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित कैंट थाना क्षेत्र के मऊकछार अशोक नगर मोहल्ले में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में गुरुवार को मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार कैंट थाना क्षेत्र के अशोक नगर मऊकछार निवासी किरन चौधरी (33) पत्नी प्रियांशु तिवारी की गुरुवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पूछताछ के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और मौत के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## हाईवे पर खड़े वाहन से टकराई बाइक, युवक की मौत

**मीरजापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरौधा चौकी अंतर्गत महुअट गांव के पास गुरुवार दोपहर सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई।जानकारी के अनुसार सहजी गांव निवासी 26 वर्षीय रंजीत पांडेय पुत्र विजय शंकर पांडेय अपने भाई संदीप पांडेय को बाइक से मध्यप्रदेश के हनुमना बाजार छोड़ने गए थे। दोपहर में घर लौटते समय मीरजापुरऽरीवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर महुअट गांव स्थित एचपी पेट्रोल पंप के सामने हाईवे की पटरी पर खड़े अज्ञात वाहन में उनकी बाइक पीछे से टकरा गई।टक्कर इतनी तेज थी कि गंभीर रूप से घायल रंजीत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।राहगीरों की सूचना पर बरौधा चौकी प्रभारी संजय कुमार मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। सूचना मिलते ही परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए और पोस्टमार्टम कराने से मना करते हुए शव को घर ले गए।चौकी प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन से टकराने के कारण युवक की मौत हुई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में होली की खुशियां मातम में बदल गईं।

## तीन शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान एवं औजार बरामद

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज जिले के नैनी थाना क्षेत्र में कारों की बैटरी चोरी करने वाले तीन आरोपितों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की सात बैटरियां तथा घटना में प्रयुक्त औजार भी बरामद किए हैं।नैनी थाना पुलिस के अनुसार एडीए कॉलोनी निवासी अचिन्त्य यमदाग्नि की तहरीर पर 4 मार्च को कारों की बैटरी चोरी होने पर मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर टीएसएल नैनी परिसर के अंदर जंगल क्षेत्र से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान राहुल (22) पुत्र सुनील निवासी जगदीश शरीर, चुनार स्टेशन के पास थाना कोतवाली चुनार जनपद मीरजापुर हाल पता जज्जीपुरवा लोहगरा थाना बारा प्रयागराज, हथगन (19) पुत्र जयनाथ तथा गोपी (29) पुत्र छोटेलाल निवासी जज्जीपुरवा लोहगरा थाना बारा प्रयागराज के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से विभिन्न कंपनियों की सात बड़ी व छोटी बैटरियां, एक प्लास और एक पेचकस बरामद किया है।पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे कूड़ा बीनने के बहाने एडीए कॉलोनी व नैनी क्षेत्र में घूमते थे और मौका पाकर खड़ी कारों व मोटरसाइकिलों की बैटरियां प्लास और पेचकस की मदद से खोलकर चोरी कर लेते थे।

# भारतगंज जुलूस में चप्पे चप्पे पर पुलिस रही मुस्तैद



❐ सुरक्षा को लेकर अलग अलग थाने की फोर्स पीएससी की रही तैनाती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जमुनापार के मांडा थाना स्थित भारतगंज कस्बा में पुराने समय से चली आ रही परपंपरा के अनुसार इस वर्ष भी बुड्ढी मैया मंदिर से राजन के घर तक बारात होली त्यौहार पर भारी संख्या में स्थानीय लोगों की मौजूदगी में निकाला गया स्थानीय लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया लोगों ने खूब अबीर गुलाल उड़ाएं लोगों ने खूब झूम कर नाचे भी इस बारात को सकुशल शांति पूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर जोगेंद्र लाल अतिरिक्त डीसीपी अपराध , एसीपी मेजा संत प्रसाद उपाध्याय,एसीपी ट्रैफिक शैलेन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना मांडा अनिल कुमार वर्मा , शंकरगढ़ थाने से आए अतिरिक्त इंस्पेक्टर क्राइम शैलेश कुमार सिंह , उपनिरीक्षक हेमेंद्र प्रताप सिंह सेगर, समेत सैकड़ों से अधिक पुलिस बल चप्पे चप्पे पर तैनात रहा और बारात सकुशल तरीके से संपन्न हुआ।

# विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर विशेष सीएमई का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर एम्स रायबरेली के ईएनटी विभाग द्वारा एक विशेष सतत चिकित्सकीय शिक्षा (CME) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. अनन्या सोनी के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य श्रवण हानि के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा आधुनिक उपचार पद्धतियों की जानकारी साझा करना था।

इस अवसर पर एसजीपीजीआई, लखनऊ के वरिष्ठ संकाय सदस्य एवं प्रख्यात विशेषज्ञ डॉ. रविशंकर ने मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया। उन्होंने ्बच्चों में श्रवण हानि एवं कॉक्लियर इम्प्लांट की भूमिकाङ्क विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि श्रवण हानि की शीघ्र पहचान एवं समय पर कॉक्लियर इम्प्लांट से बच्चों को सामान्य जीवन की मुख्यधारा से जोड़ा जा सकता है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के चिकित्सकों, रेजिडेंट्स एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने सक्रिय सहभागिता की। डॉ. अनन्या सोनी ने अपने संबोधन में नवजात एवं बच्चों की नियमित श्रवण जांच की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि समय पर हस्तक्षेप से बेहतर उपचार परिणाम संभव हैं। डॉ. अरिजीत जोतदार ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम के अंत में श्रवण स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने का संकल्प दोहराया गया।

# प्रयागराज के ठठेरी बाजार में जमकर उड़ा गुलाल,खेली गई ऐतिहासिक होली



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के ठठेरी बाजार की ऐतिहासिक होली गुरुवार को पूरे उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और रंग-गुलाल के साथ होली के जश्न में डूबे नजर आए। डीजे की धुन पर युवाओं और श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया।शहर के पुराने और प्रमुख बाजारों में शामिल ठठेरी बाजार की होली लंबे समय से अपनी अलग पहचान रखती है। यहां हर वर्ष होली के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग जुटते हैं और पारंपरिक अंदाज में रंगोत्सव मनाते हैं। गुरुवार को भी सुबह से ही क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।डीजे की धुन पर थिरकते युवाओं और सनातनी समाज के लोगों ने पूरे उत्साह के साथ होली का आनंद लिया। इस दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# पुलिस लाइन एवं पुलिस आयुक्त आवास पर हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। कमिश्नरेट वाराणसी में होली पर्व को जनपद में शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के उपरांत पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ पारंपरिक रूप से पुलिस लाइन एवं पुलिस आयुक्त आवास पर हर्षोल्लास के साथ होली मनाई गई।

इस अवसर पर अधिकारी व कर्मचारी रंग, अबीर एवं गुलाल में सराबोर होकर उत्सव में शामिल हुए तथा एक-दूसरे को रंग लगाकर प्रेम, सौहार्द्र और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान संगीत, लोकगीत एवं नृत्य का आकर्षक संगम देखने को मिला, जिसमें पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया। पुलिस आयुक्त श्री मोहित अग्रवाल ने इस अवसर पर पुलिसकर्मियों के समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का पर्व है, जो समाज में आपसी सद्भाव और एकता को सुदृढ़ करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि कमिश्नरेट वाराणसी के पुलिसकर्मियों ने जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जनपद में होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तथा सभी पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मंत्री के आवास पर आयोजित हुआ होली मिलन समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। महमूरगंज स्थित प्रदेश के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मंत्री डा. दयाशंकर मिश्र दयालु के कैम्प कार्यालय में ''होली मिलन समारोह'' का विशेष अवसर था, जब जनता की भीड़ में शुभकामनायें दी जा रही थीं। उसी भीड़ के बीच आज एक नन्हीं कली की धीमी, निष्कलुष आवाज व्यवस्था के विशाल गलियारों में गूंज उठी।

सेंट जॉन्स स्कूल डीएलडब्लू की कक्षा एक की छात्रा भाविका, अपने छोटे-छोटे कदमों से मंत्री के समक्ष पहुंची। उसकी आंखों में काशी की सड़कों का धुंधलका था और स्वर में मासूम पीड़ा। सामने बैठे डा. दयाशंकर मिश्र दयालु को संबोधित करते हुए उसने सहज ही कह दिया कि ्अंकल, स्कूल जाते और आते समय बहुत जाम मिलता है।ङ्क उस एक वाक्य में जैसे शहर की थमी हुई सांसें बोल उठीं। वह कोई आरोप नहीं था, न शिकायत का बोझ। वह तो बस बचपन की राह में बिछे अवरोधों की मासूम अभिव्यक्ति थी। समारोह कक्ष, जो अब तक औपचारिक शब्दों से भरा था, अचानक संवेदना से भर गया। मंत्री डा. दयाशंकर मिश्र दयालु ने उस नन्हीं बच्ची की ओर स्नेह से देखा। उस क्षण सत्ता और बचपन के बीच कोई दूरी नहीं थी। था तो केवल एक शहर और उसका भविष्य, जो समाधान की प्रतीक्षा में खड़ा था। मंत्री ने भाविका को स्नेहपूर्वक आश्वस्त करते हुए कहा कि उसकी बात केवल एक बच्ची की बात नहीं, बल्कि पूरे शहर के भविष्य की आवाज है। उन्होंने एसपी ट्रैफिक को फोन कर यातायात व्यवस्था को सुधारने और विद्यालय मार्गों को जाम से मुक्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश देने का भरोसा दिलाया। उस पल, होली मिलन समारोह केवल शुभकामनाओं का मंच नहीं रहा। वह एक दर्पण बन गया, जिसमें काशी ने अपने ही बचपन को जाम में खड़ा देखा।

भाविका की मासूम आवाज मानो यह कह रही थी कि शहर केवल इमारतों से नहीं, बल्कि उन रास्तों से बनता है, जहां बचपन बिना रुके, बिना थके, अपने सपनों तक पहुंच सके और शायद, उस दिन काशी ने तय किया कि उसके भविष्य की राह अब जाम में नहीं रुकेगी। इस अवसर पर मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी भी मौजूद थे।

# शोभायात्रा निकालकर तीन दिवसीय रामलीला महोत्सव प्रारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के कुरारा नगर में गुरुवार को शाम प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामलीला मैदान में रामलीला महोत्सव का भव्य आयोजन शुरू हो गया। रामलीला महोत्सव की शुरुआत से पूर्व शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा का शुभारंभ भगवान के रूप में विभिन्न प्रकार की सजी झांकियों का आरती पूजन कर हुआ।रामलीला कमेटी के अध्यक्ष गुल्ली महाराज ने बताया कि यह कार्यक्रम तीन दिवसीय है। आज 5 मार्च को राम वन गमन, 6 मार्च को राम केवट संवाद और 7 मार्च को विशाल धनुष यज्ञ लीला का दिव्य मंचन रात्रि 8 बजे से होगा। रामलीला का मंचन सुविख्यात आमंत्रित कलाकारों द्वारा होगा। शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार की नयनाभिराम झांकियां शामिल रहीं।इस दौरान चयरमैन आशारानी कबीर, ब्रज किशोर गुप्ता, हमीरपुर चेयरमैन कुलदीप निषाद, अभिनव तिवारी, बंटी सोनी, दीपक द्विवेदी, धर्मेंद्र पालीवाल, हरनारायण सिंह हिन्दू, अनुज द्विवेदी, अंशु द्विवेदी, गुल्लू शिवहरे, लल्ला तिवारी व नगर पंचायत के सभासद के साथ सैकड़ों पुरुष एवं महिला उपस्थित रहीं।

# लखनऊ में आठ मार्च को लगेगा पिंक रोजगार महाकुंभ महिलाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर

❒ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर योगी सरकार की विशेष पहल, देश-विदेश की 50 से अधिक कंपनियां करेंगी नियुक्तिया

❒ उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा वृहद आयोजन, 5 हजार से अधिक रोजगार देने का लक्ष्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 08 मार्च को लखनऊ में पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 का आयोजन किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लखनऊ द्वारा आयोजित किया जाएगा। यह रोजगार महाकुंभ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। इसके माध्यम से 05 हजार महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योगी सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश की शिक्षित युवतियों और महिलाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों से सीधे जोड़कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं।महिलाओं के लिए विशेष रोजगार के अवसरपिंक रोजगार महाकुंभ में केवल महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इसमें 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग की महिलाएं भाग ले सकेंगी। योग्यता के रूप में 10वीं, 12वीं, स्नातक, परास्नातक, बी.टेक, बीबीए, एमबीए, फार्मेसी सहित अन्य तकनीकी और सामान्य डिग्रीधारी महिलाएं आवेदन कर सकती हैं। इस आयोजन का उद्देश्य विभिन्न शैक्षिक पृष्ठभूमि वाली महिलाओं को रोजगार के व्यापक विकल्प प्रदान करना है।50 से अधिक कंपनियां करेंगी भर्तीरोजगार महाकुंभ में देश की कई प्रमुख कंपनियां शामिल होंगी। इनमें फ्लिपकार्ट, रिलायंस जियो, आईसीआईसीआई बैंक, एयरटेल, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा फाइनेंस, अमेजन और केएफसी जैसी कंपनियां विभिन्न पदों पर चयन प्रक्रिया संचालित करेंगी। 50 से अधिक कंपनियां इस रोजगार मेले में शामिल होकर सेल्स, कस्टमर सर्विस, आईटी सपोर्ट, बैंकिंग, रिटेल, लॉजिस्टिक्स और सर्विस सेक्टर से जुड़े पदों पर भर्ती करेंगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इस पिंक रोजगार मेले के माध्यम से 05 हजार महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित है।ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधारोजगार महाकुंभ में भाग लेने के लिए उम्मीदवारों को पहले से ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। इसके लिए रोजगार संगम पोर्टल और नेशनल करियर सर्विस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। पंजीकरण पूरी तरह निःशुल्क है। अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के समय अपने साथ बायोडाटा की प्रतियां, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, शैक्षिक प्रमाणपत्र और रजिस्ट्रेशन स्लिप लानी होगी।योगी सरकार का महिला रोजगार पर विशेष फोकसराज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि योगी सरकार पिछले कुछ वर्षों में मिशन रोजगार, कौशल विकास कार्यक्रमों और सेवायोजन मेलों के माध्यम से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में पिंक रोजगार महाकुंभ महिलाओं को सीधे कंपनियों से जोड़ने का एक बड़ा मंच साबित हो सकता है। ऐसे आयोजनों से न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि प्रदेश में महिला कार्यबल की भागीदारी भी मजबूत होगी।

## आमने-सामने हुई दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत

लखनऊ। बाइक से होने वाली ससुराल जा रहे युवक की सामने आ रही बाइक से सीधी टक्कर हो गयी। जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। वही दूसरे को भी चोट आई है। मृतक अपनी होनेवाली की ससुराल होली खेलने जा रहा था। बुधवार दोपहर लगभग तीन बजे अतरौली थाना क्षेत्र के गडरियनखेड़ा गांव निवासी सुमित होली खेलने के लिये होनेवाली ससुराल मड़वाना पंचायत के चकई गाँव के लिये मोटरसाइकिल से निकला था। वह जैसे ही पिपरी मोड़ पर पहुचा ही था कि तभी सामने से आ रही मोटरसाइकिल से टक्कर हो गयी। टक्कर से सुमित छिटककर दूर जा गिरा।पास के लोगो ने घायल को उठाकर अस्पताल पहुचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता संतराम ने बताया कि बेटे सुमित की शादी अभी 14 मार्च को होनी थी। वह घर से अपनी होने वाली ससुराल रंग खेलने की बात कह कर निकला था। वही दूसरी मोटरसाइकिल सवार को मामूली चोटें आयी है। पिता ने किसी पर भी कोई आरोप नही लगाया है। शव को घर लेजाकर अंतिम संस्कार के दिया।

## वृद्धाश्रम पहुंचकर महापौर ने वृद्धजनों को दी होली की शुभकामनाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । होली के पावन अवसर पर गुरुवार को नगर निगम के जोन-7 अंतर्गत आदिल नगर स्थित वृद्धाश्रम में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल वृद्धाश्रम पहुंचीं और वहां निवास कर रहे वृद्धजनों से भेंट कर उन्हें होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

महापौर ने वृद्धजनों से आत्मीय संवाद करते हुए उनके स्वास्थ्य और कुशलक्षेम की जानकारी ली तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि समाज में वरिष्ठजनों का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनके अनुभव, मार्गदर्शन व आशीर्वाद से ही समाज को सही दिशा मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक त्यौहार पर वृद्धजनों से मिलकर उनका आशीर्वाद लेना उनके लिए सौभाग्य की बात है। इस दौरान वृद्धाश्रम में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। महापौर ने सभी वृद्धजनों को होली की बधाई देते हुए उनके सुखद, स्वस्थ और प्रसन्न जीवन की कामना की। वृद्धजनों ने भी महापौर के इस स्नेहपूर्ण व्यवहार के लिए उनका आभार व्यक्त किया और उन्हें आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में नगर आयुक्त गौरव कुमार, क्षेत्रीय पार्षद शिवम उपाध्याय, पार्षद प्रतिनिधि दीपक तिवारी सहित अन्य गणमान्य नागरिक और नगर निगम के अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी ने वृद्धजनों के साथ समय बिताया और प्रेम व सौहार्द के साथ होली के इस पावन पर्व को मनाया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश भी दिया।

# निर्वाचन खर्च का ब्यौरा न देने पर छह पूर्व प्रत्याशी अयोग्य घोषित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव-2022 लड़ने वाले छह पूर्व प्रत्याशियों को निर्वाचन व्यय का लेखा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जमा न करने पर भारत निर्वाचन आयोग ने अयोग्य घोषित कर दिया है।

अब ये अभ्यर्थी अगले तीन वर्ष तक लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा या विधान परिषद का चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के तहत आयोग ने 25 फरवरी से इन अभ्यर्थियों को तीन वर्ष की अवधि के लिए किसी भी सदन का सदस्य चुने जाने अथवा बनने से वंचित कर दिया है।उन्होंने बताया कि नियमों के अनुसार किसी भी चुनाव में भाग लेने वाले सभी प्रत्याशियों को परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के भीतर अपने चुनाव खर्च का पूरा विवरण और संबंधित वाउचर जिला निर्वाचन अधिकारी के पास जमा करना अनिवार्य होता है। यह प्रावधान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 78 में किया गया है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार संबंधित अभ्यर्थियों को निर्वाचन आयोग की ओर से नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण देने का अवसर दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने न तो कोई जवाब दिया और न ही चुनाव व्यय का लेखा प्रस्तुत किया। इस कारण आयोग ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया।आयोग द्वारा अयोग्य घोषित किए गए अभ्यर्थियों में बदायूं जिले के बिसौली (अनुसूचित जाति) विधानसभा क्षेत्र से प्रज्ञा यशोदा और सुरेन्द्र, सहसवान विधानसभा क्षेत्र से अनिल कुमार, शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र से ममता देवी तथा दातागंज विधानसभा क्षेत्र से ओमवीर और मुन्ना लाल शामिल हैं।

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि चुनाव खर्च का पारदर्शी लेखा देना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। निर्धारित समय में व्यय का विवरण न देने पर आयोग सख्त कार्रवाई करता है, ताकि चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहे।

## नगर निगम में 06 मार्च 2026 को आयोजित होगा 'संपूर्ण समाधान दिवस'

लखनऊ । शहरवासियों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से नगर निगम लखनऊ द्वारा शुक्रवार, 06 मार्च 2026 को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को आयोजित किए जाने की परंपरा के अंतर्गत नगर निगम मुख्यालय, लालबाग स्थित त्रिलोकनाथ सभागार में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा। संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल जी द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के विभिन्न विभागों से जुड़े अधिकारी मौके पर उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करेंगे और यथासंभव तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करेंगे।इस समाधान दिवस में मुख्य रूप से गृहकर, जलकर, कर निर्धारण सफाई व्यवस्था, कूड़ा उठान, सड़क एवं गली मरम्मत, सीवर व ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट, अतिक्रमण, जल आपूर्ति सहित अन्य नगर निगम से संबंधित समस्याओं की सुनवाई की जाएगी।

# लखनऊ में किसान पथ पर कार ने बाइक में मारी टक्कर, ससुर-दामाद की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी के निकट किसान पथ पर गुरुवार दोपहर एक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दामाद सुशील और ससुर मुन्नी लाल की जान चली गई, जबकि सुशील की पत्नी की हालत गंभीर है।यह हादसा उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार एसयूवी कार ने सुशील की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी।

हादसे में घायल महिला समेत दामाद और ससुर को गंभीर हालत में पीजीआई स्थित ट्रामा टू में भर्ती कराया। जहां दामाद सुशील व ससुर मुन्नी लाल की मौत हो गई जबकि महिला की हालत चिंताजनक बनी हुई है।हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने रोड जाम कर प्रदर्शन करने लगे। हंगामे और प्रदर्शन किए जाने की जानकारी मिलने पर एसीपी गोसाईगंज ऋषभ यादव, इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय कई थानों की फोर्स के साथ पहुंचे। पुलिस अफसर परिजनों को समझाने में जुटे हैं और जाम जैसी स्थिति बनी हुई है। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि मोहनलालगंज के गोपाल खेड़ा निवासी सुशील कुमार (46), अपनी पत्नी और ससुर मुन्नी लाल (60) के साथ मोटरसाइकिल से रिश्तेदार के घर से रहे थे। तभी रास्ते में किसान पथ पर बेकाबू एसयूवी ने इनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार सुशील और उनके ससुर मुन्नी लाल की मौत हो गई और सुशील की पत्नी की हालत गंभीर है। मामले की जांच की जा रही है।

## पत्नी से विवाद के बाद के बाद वृद्ध ने लगाई फांसी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के एक गांव में बासठ वर्षीय नशेड़ी वृद्ध ने पत्नी से विवाद के बाद बाग में जाकर गमछे से फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहूंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए लखनऊ भेज दिया।थाना क्षेत्र के गुलौली गांव निवासी बासठ वर्षीय वृद्ध रामप्रकाश ने नशे में बुधवार को अपनी पत्नी जय श्री से कहा सुनी कर दी। उसके बाद घर से निकल गया।गांव से दूर जाकर आम की बाग में गमछे के सहारे फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में पत्नी जयश्री, बेटे राम किशोर, श्याम किशोर और सुखबीर हैं।

## होली पर माल पुलिस ने जमकर खेली होली



**लखनऊ।** होली के त्यौहार पर नागरिक सुरक्षा में मुस्तैद पुलिस कर्मियों ने गुरुवार को खेली रंगभरी होली। प्रभारी निरीक्षक ने स्टाफ को रंग लगाकर शुरुआत की। खाकी पर चढ़ा होली का रंग,ढोल की थाप पर थाने में नाचे थिरके पुलिसकर्मी।होली में सुरक्षा व्यवस्था में व्यस्त रहने के बाद फुर्सत पाकर गुरुवार को पुलिस कर्मियों ने जमकर रंग खेला। जिससे थाने पर जश्न का माहौल देखा गया। इस जश्न के माहौल में इंस्पेक्टर नवाब अहमद स्वयं सिपाहियों के साथ कदम ताल और थिरकते नजर आये। जिससे थाने पर उत्सव का माहौल दिखाई देने लगा।ड्यूटी की थकान और बंदिशों को भुला कर पुलिसकर्मी एक दूसरे को अमीर गुलाल मिलते और होली गीत गाते झूमते नाचते नजर आये। जुनून ऐसा की दोपहर बाद तक एक दूसरे को रंगों से सराबोर करने का सिलसिला जारी रहा।

## होली पर तंज को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

**मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के मऊ गांव में होली के दिन रंग खेलने के दौरान तंज कसने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। आरोप है कि एक पक्ष ने अपने आधा दर्जन साथियों के साथ मिलकर दूसरे पक्ष पर लाठी-डंडों और ईंटों से हमला कर दिया, जिसमें चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।मऊ निवासी मनोज कुमार रावत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बुधवार को उसका भाई दिनेश कुमार रावत, भतीजा रंजीत कुमार रावत, पिता शिवकरन रावत, प्रशांत धीमान और कृष्ण कुमार यादव होली खेलकर घर लौट रहे थे। तभी साधन सहकारी समिति के पास एक चार पहिया वाहन से नमन शर्मा, प्रखर शर्मा, कृष्णा, सत्यम, श्रेया सिंह पत्नी सुनील सिंह सहित पांच-छह अज्ञात लोग उतरकर आए औरजातिसूचक गालियां देते हुए लाठी-डंडों व ईंटों से हमला कर दिया।अचानक हुए हमले में कई लोग घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर जुटने लगे तो हमलावर कार से फरार हो गए।पुलिस के अनुसार मामला पुरानी रंजिश और होली के दौरान तंज कसने को लेकर बढ़े विवाद का है। बताया जा रहा है कि तंज कसने की बात को लेकर पहले भी दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होती रही थी, जिसकी वजह से तनाव बना हुआ था और होली के दिन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।इंस्पेक्टर मोहनलालगंज बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि मारपीट में घायल सभी लोगों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया है। पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। एहतियातन पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## यूपी पुलिस को होंडा इंडिया फाउंडेशन देगा 50 क्यूआरटी वाहन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश पुलिस की त्वरित कार्रवाई क्षमता को मजबूत करने के लिए होंडा इंडिया फाउंडेशन अपने सीएसआर फंड से 50 दोपहिया वाहन उपलब्ध कराएगा।इन क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम) वाहनों को शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश पुलिस और होंडा इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा।ये 50 दोपहिया वाहन उत्तर प्रदेश पुलिस के बेड़े में शामिल किए जाएंगे। इनका उपयोग विशेष रूप से सीमावर्ती जिलों में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी आपात स्थिति या अपराध की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई के लिए किया जाएगा। इससे पुलिस की प्रतिक्रिया समय में सुधार होने के साथ ही गश्त व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।जानकारी के अनुसार सहारनपुर को पांच वाहन दिए जाएंगे, जबकि शामली, हापुड़, बागपत, बुलंदशहर, बिजनौर, पीलीभीत, महोबा, बांदा, प्रतापगढ़, लखीमपुर खीरी, उन्नाव, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, देवरिया और सोनभद्र जनपदों को तीन-तीन वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। इन जिलों में क्यूआरटी की तैनाती से पुलिस को संवेदनशील क्षेत्रों में तेजी से पहुंचने में मदद मिलेगी।गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में प्रदेश पुलिस के संसाधनों में लगातार वृद्धि हुई है।

# होली पर तंज को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के मऊ गांव में होली के दिन रंग खेलने के दौरान तंज कसने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। आरोप है कि एक पक्ष ने अपने आधा दर्जन साथियों के साथ मिलकर दूसरे पक्ष पर लाठी-डंडों और ईंटों से हमला कर दिया, जिसमें चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।मऊ निवासी मनोज कुमार रावत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बुधवार को उसका भाई दिनेश कुमार रावत, भतीजा रंजीत कुमार रावत, पिता शिवकरन रावत, प्रशांत धीमान और कृष्ण कुमार यादव होली खेलकर घर लौट रहे थे। तभी साधन सहकारी समिति के पास एक चार पहिया वाहन से नमन शर्मा, प्रखर शर्मा, कृष्णा, सत्यम, श्रेया सिंह पत्नी सुनील सिंह सहित पांच-छह अज्ञात लोग उतरकर आए औरजातिसूचक गालियां देते हुए लाठी-डंडों व ईंटों से हमला कर दिया।अचानक हुए हमले में कई लोग घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर जुटने लगे तो हमलावर कार से फरार हो गए।पुलिस के अनुसार मामला पुरानी रंजिश और होली के दौरान तंज कसने को लेकर बढ़े विवाद का है। बताया जा रहा है कि तंज कसने की बात को लेकर पहले भी दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होती रही थी, जिसकी वजह से तनाव बना हुआ था और होली के दिन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।इंस्पेक्टर मोहनलालगंज बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि मारपीट में घायल सभी लोगों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया है। पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। एहतियातन पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# होली मुबारक कहने पर युवक की चाकू से गोदकर हत्या

❒ थाने का घेराव, शव घर पहुंचते ही फूटा गुस्सा, मंत्री कौशल किशोर को करना पड़ा हस्तक्षेप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दुबग्गा, लखनऊ । कोतवाली क्षेत्र में होली की बधाई देने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद खूनी वारदात में बदल गया। बुधवार शाम करीब 8 बजे बेगरिया सिते बिहार इलाके में 22 वर्षीय युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई।

घटना के बाद इलाके में भारी आक्रोश फैल गया और बड़ी संख्या में लोगों ने थाने का घेराव कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।बताया जा रहा है कि युवक ने रास्ते में एक युवती को होली मुबारक कह दिया था। इसी बात पर युवती और उसका भाई नाराज हो गए और दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर युवती ने चाकू से युवक पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में तनाव फैल गया। आक्रोशित लोगों ने दुबग्गा थाने का घेराव कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए युवती। उसके भाई और मां को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों को गुरुवार सुबह हरदोई रोड बाजार के पास से गिरफ्तार किया गया और बाद में न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सिद्धांत कुमार तिवारी उर्फ मोहित तिवारी (28), रजना तिवारी (55) और शिप्रा तिवारी उर्फ शिवानी तिवारी (24) निवासी ग्राम बौरिया, थाना दुबग्गा के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किया गया आलाकत्ल चाकू भी बरामद कर लिया है।इधर गुरुवार को जब युवक का शव उसके घर पहुंचा तो माहौल एक बार फिर से गरमा गया। बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए और शव को सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों और स्थानीय लोगों ने मुआवजे और सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी की।स्थिति को संभालने के लिए क्षेत्रीय सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर को मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाना पड़ा। काफी देर तक बातचीत के बाद लोगों को शांत कराया गया। जिसके बाद युवक का अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों का आरोप है कि उन्हें न्याय और उचित मुआवजा मिलना चाहिए।

# प्रदेश में इको टूरिज्म अब और 'स्मार्ट', नवाचार व तकनीक से बदल रहा पर्यटन परिदृश्य : जयवीर सिंह

❒ उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों की जानकारी के ऐप बनकर तैयार, ऐप में जीपीएस सपोर्ट स्मार्ट मैप्स, नेविगेशन, एआई इटिनेररी प्लान की सुविधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । प्रकृति प्रेमियों और रोमांचक पर्यटन के शौकीनों के लिए अच्छी खबर है। उत्तर प्रदेश के इको टूरिज्म स्थलों की संपूर्ण जानकारी, बुकिंग सुविधाएं और जरूरी मार्गदर्शन अब बस एक क्लिक पर उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड ने 'यूपी इको टूरिज्म' मोबाइल ऐप तैयार कराया है।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गुरुवार को बताया कि 'डिजिटल युग की मांगों के अनुरूप विकसित 'यूपी इको टूरिज्म' ऐप प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र में एक नई क्रांति का सूत्रपात है। इस ऐप पर प्रदेश के वन्य जीव अभ्यारण्यों, राष्ट्रीय उद्यानों, जंगल ट्रेल्स, झरनों और नदियों जैसे प्राकृतिक आकर्षणों को एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर समेटते हुए पर्यटकों को विशेष अनुभव प्रदान करता है।उन्होंने बताया कि यह पहल पर्यटकों को प्रकृति से जोड़ने के साथ-साथ स्थानीय समुदायों की भागीदारी और पर्यावरण संरक्षण को भी नई दिशा देगी। साथ ही, प्रदेश को इको-फ्रेंडली, सतत और जिम्मेदार पर्यटन के नए दौर में भी अग्रसर करेगी।' हालांकि, यह ऐप अभी शुरुआती चरण में है, जिसमें लगातार बदलाव किए जा रहे हैं।ऐप में क्या है खास?इस मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से उपयोगकर्ता उत्तर प्रदेश के इको टूरिज्म स्थलों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, जिनमें फोटो, वीडियो, मार्ग विवरण, आसपास के आकर्षण, गंतव्य तक पहुंच संबंधी जानकारी और यात्रा के लिए उपयुक्त समय आदि शामिल है। इसमें राष्ट्रीय उद्यान, वेटलैंड्स, नेचर ट्रेल्स, फॉरेस्ट सर्किट, ग्रामीण पर्यटन और नदी आधारित गतिविधियों को आसानी से ढूंढा जा सकता है। स्मार्ट सर्च और फ़िल्टर की मदद से गंतव्यों (डेस्टिनेशन) को जिला, गतिविधियों के प्रकार, बजट, दूरी, लोकप्रियता और रेटिंग के आधार पर ढूंढा जा सकता है।जीपीएस सपोर्ट स्मार्ट मैप्स और नेविगेशन फीचरऐप में स्वाइप आधारित नेविगेशन सुविधा दी गई है, जिससे उपयोगकर्ता पसंदीदा स्थल को सेव कर सकते हैं या अगले विकल्प को देख सकते हैं।

जीपीएस सपोर्ट स्मार्ट मैप्स और नेविगेशन फीचर के जरिए इको टूरिज्म साइट्स, ठहरने के विकल्प, गतिविधियों और नजदीकी आकर्षण देखे जा सकते हैं। टर्न-बाय-टर्न दिशा निर्देश, आसपास के स्थानों की जानकारी और ऑफलाइन मैप्स की सुविधा कम नेटवर्क वाले क्षेत्रों में भी उपयोगी रहती है।एआई इटिनेररी प्लान की सुविधा'यूपी इको टूरिज्म' ऐप कई मायनों में खास है। नवाचार का सुन्दर प्रयोग करते हुए उपयोगकर्ता को यात्रा कार्यक्रम (इटिनेररी) का विकल्प भी दिया गया है। ऐप का एआई इटिनेररी प्लानर उपलब्ध दिनों, समय, रुचियों और स्थान के आधार पर व्यक्तिगत यात्रा योजना तैयार करता है। उसे मैप्स व बुकिंग सिस्टम से जोड़ने की योजना है। इसी प्रकार, कम्युनिटी और रिव्यू सेक्शन में यात्री अपने अनुभव साझा कर सकते हैं, फोटो और कहानियां भी अपलोड कर सकते हैं। अन्य यात्रियों की समीक्षाएं पढ़ सकते हैं और रेटिंग देकर दूसरों को सही निर्णय लेने में मदद कर सकते हैं।सुरक्षा का खास ख्यालसुरक्षा के लिए ऐप में एसओएस इमरजेंसी फीचर दिया गया है, जिसमें एक टैप अलर्ट, ऑटो लोकेशन शेयरिंग, आपातकालीन संपर्क निर्देशिका और ऑफलाइन एसएमएस सपोर्ट शामिल है। ऐप में उपयोगकर्ता को रियल टाइम नोटिफिकेशन के माध्यम से मौसम अलर्ट, नए इको टूरिज्म डेस्टिनेशन, बुकिंग रिमाइंडर और सरकारी सलाह समय-समय पर मिलती रहेगी। यह ऐप फिलहाल अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध है, शीघ्र ही हिंदी में भी सुलभ होगा।

# रंगों की उमंग में सराबोर नगराम: शांति, सौहार्द और सुरक्षा के बीच धूमधाम से मनी होली

❒ जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज के आवास पर धूमधाम से मनाई गई होली

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नगराम, लखनऊ। क्षेत्र में होली का पर्व पूरे उत्साह, उमंग और भाईचारे के साथ मनाया गया। गांवों और बाजारों में कहीं पारंपरिक फाग गीतों की मधुर स्वर लहरियां गूंजती रहीं तो कहीं डीजे व ढोल-नगाड़ों की थाप पर युवा और बुजुर्ग झूमते नजर आए। अबीर-गुलाल की रंगीन बौछारों से पूरा क्षेत्र उत्सवमय दिखाई दिया।

बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। खास बात यह रही कि पूरे क्षेत्र में शांति और सौहार्द का वातावरण बना रहा तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। होली को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। थाना स्तर पर पुलिस बल ने प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर गश्त की तथा सतर्कता बनाए रखी। पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से लोगों ने बेफिक्र होकर त्योहार का आनंद लिया। इसी क्रम में नगराम क्षेत्र के अनैया खरगापुर निवासी जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने अपने आवास पर पारंपरिक फाग गीतों के साथ होली का आयोजन किया। समर्थकों और क्षेत्रवासियों के साथ रंग-गुलाल उड़ाते हुए उन्होंने जमकर होली खेली। ढोल की थाप और फाग की मधुर धुनों के बीच उपस्थित लोग उत्साह से सराबोर नजर आए।

# लापरवाही : एक्स-रे में दिख रही गोली डॉक्टर ने कहा निकाल दी गोली

## आरोप – पीड़ित ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



संभल । बहजोई पुलिस ने अपने हिसाब से लिखवाई तहरीर, लेकिन पुलिस अब इस पूरे मामले की जांच में जुट गई है । गोलीकांड आपसी विवाद में युवक को मारी गोली, हालत गंभीर उत्तर प्रदेश के संभल जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। बहजोई कोतवाली क्षेत्र में स्टेशन के पास लाइन पार इलाके में आपस में खड़े कुछ युवकों के बीच विवाद हो गया। इसी दौरान एक युवक ने दूसरे युवक को तमंचे से गोली मार दी। गोली लगते ही इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायल युवक को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंच गई और मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस हमलावर की तलाश में जुटी है और विवाद के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है, जांच कराकर कार्रवाई की मांग की हैं। स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ शिकायती पत्र देकर जिला सरकारी अस्पताल में मरीज के साथ लापरवाही के चलते बताया है कि जयप्रकाश पुत्र पान सिंह के साथ 02-03-2026 की रात मोहल्ले व फैक्ट्री क्वार्टर के लड़को द्वारा गोली मारने की घटना की गयी थी। जिसमे प्रार्थी को पुलिस द्वारा संभल जिला अस्पताल रेफर किया गया था । जिसकी स्लिप साथ में सल्लगन है। प्रार्थी के हाथ में गोली लगी होने पर जिला अस्पताल के डॉक्टर ने प्रार्थी के हाथ से गोली निकाल दी है यह कह कर प्रार्थी को वहां से डिस्चार्ज कर दिया गया । प्रार्थी द्वारा डॉक्टर से निकली हुई गोली को दिखाने पर डॉक्टर ने साफ मना कर दिया और कहाँ हम निकली हुए गोली दिखाते नहीं है । परन्तु प्रार्थी को कल रात हाथ में काफी असहनीय दर्द हुआ तो प्रार्थी ने अगले दिन एक्सरे कराया तो प्रार्थी दंग रह गया एक्सरे में गोली साफ़ दिख रही है ।जिससे प्रर्तित होता की प्रार्थी के हाथ से गोली निकाली ही नहीं थी। जिलाधिकारी संभल से अनुरोध है कि डाक्टर के खिलाफ कार्यवाही करें भविष्य में ऐसी घटना प्रार्थी के साथ हुई है किसी और के साथ नहीं ना हो। चर्चा बनी हुई है कि यह एक बहुत ही गंभीर चिकित्सा लापरवाही का मामला है, जहां प्रारंभिक जांच में गोली का पता नहीं चला और बाद में निजी एक्सरे (ड्ड-न्थभ) में इसकी पुष्टि हुई। ऐसी स्थिति में डॉक्टरों या रेडियोलॉजिस्ट की ओर से बड़ी चूक हो सकती है, जो मरीज की जान के लिए खतरा बन सकता था ।

# संबंध में बैठक का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल ( बहजोई) । आज कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में कुष्ठ रोग खोजी अभियान ( एल सी डी सी) के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत डॉ मनमोहन शर्मा द्वारा मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट को कुष्ठ रोग खोजी अभियान के प्रमुख बिन्दुओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह अभियान 9 मार्च से 23 मार्च 2026 तक जनपद में चलाया जाएगा। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर घर जाकर संभावित मरीजों की पहचान करेंगी।टीमें 2 वर्ष से ऊपर के घर के सभी सदस्यों का परीक्षण करेंगी। कुष्ठ रोग की पुष्टि होने पर दवा एमडीटी द्वारा उपचारित किया जाएगा। टीम के कार्य का पर्यवेक्षण सुपरवाइजर द्वारा किया जाएगा। उन्होंने खोजी दल के सदस्य एवं उनके कार्यों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में एक आशा एवं एक पुरुष फील्ड लेविल वर्कर या पुरुष स्वयं सेवक तथा नगरीय क्षेत्र में आंगनबाड़ी/ महिला स्वयं सेवक तथा एक पुरुष स्वयं सेवक खोजी दल के सदस्य होंगे। खोजी दल द्वारा पूंछे जाने वाले प्रश्न तथा खोजी दल द्वारा की जाने वाली हाउस मार्किंग। खोजी टीम के प्रशिक्षण तथा पर्यवेक्षक के लिए निर्देश आदि पर चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आशाओं के पिछले भुगतान के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को भुगतान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि संदिग्ध की पहचान को लेकर ग्राम कुल की मदद ली जाए।मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि कोई भी केस छुपा न रहे इसपर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि सर्वे को गम्भीरता से किया जाए माइक्रो प्लान अच्छे ढंग से बनाने को लेकर भी निर्देशित किया। दवाओं की उपलब्धता एवं एम ओ आई सी की सजगता को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत मलेरिया उन्मूलन को लेकर भी चर्चा की गयी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज बिश्नोई द्वारा मलेरिया से संबंधित प्रमुख जानकारी प्रदान की गयीं। मलेरिया ट्रीटमेन्ट कार्ड की उपलब्धता को लेकर भी जानकारी प्रदान की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज बिना,सीएचसी चंदौसी प्रभारी डॉ हरविंदर सिंह एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ताने सुने पर हार नहीं मानी, गोबर और जूट से अपनी किस्मत संवार रहीं शालिनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद । महिलाओं की आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का मुख्य रोल है। मुरादाबाद जिले की ठाकुरद्वारा तहसील के रतुपुरा गांव की रहने वाली शालिनी आज ग्रामीण महिलाओं के लिए एक ऐसी ही शानदार मिसाल बन गई हैं। कभी जिन लोगों ने गोबर से उत्पाद बनाने पर उनका मजाक उड़ाया था, आज वही उनकी सफलता की तारीफ कर रहे हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की मदद से शालिनी न सिर्फ खुद को आर्थिक रूप से सशक्त कर चुकी हैं, बल्कि दर्जनों अन्य महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ रही हैं। एनआरएलएम का साथ और 'अंशिका समूह' की शुरुआत शालिनी का आत्मनिर्भरता का सफर साल 2021 में शुरू हुआ, जब वह एनआरएलएम योजना के तहत आईं आईसीआरपी टीम के संपर्क में आईं। उन्होंने 10 महिलाओं को साथ मिलाकर 'अंशिका स्वयं सहायता समूह' का गठन किया। योजना के तहत उनके समूह को शुरुआत में ?2,500 का स्टार्टअप फंड और 15,000 का रिवॉल्विंग फंड मिला। जनवरी 2022 में उन्हें 1,10,000 का कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड प्राप्त हुआ, जो अब बढ़कर 1,50,000 हो चुका है। बैंक लिंकेज के माध्यम से ?50,000 से शुरू हुई उनकी कैश क्रेडिट लिमिट आज 2,00,000 तक पहुंच गई है, जिस पर मात्र 7% का ब्याज लगता है। इसी पूंजी से उन्होंने अपने छोटे से व्यवसाय की मजबूत नींव रखी। शालिनी मुख्य रूप से पर्यावरण के अनुकूल जूट और गोमय (गोबर) उत्पाद बनाती हैं। नाबार्ड द्वारा गांव में ही दी गई 15 दिवसीय ट्रेनिंग के बाद उन्होंने जूट के लंच बैग, बोतल बैग, शॉपिंग बैग और हैंडी बैग बनाना शुरू किया। इसके अलावा, उन्होंने काशीपुर से निजी ट्रेनिंग लेकर गोमय उत्पादों का निर्माण भी शुरू किया। उनके गोमय उत्पादों में समरानी कप, दीये, गोबर से बनी घड़ियां, मोमेंटो और नेमप्लेट शामिल हैं। आरसेटी के माध्यम से उन्होंने आर्टिफिशियल ज्वेलरी और अगरबत्ती बनाने का भी प्रशिक्षण लिया है। सरकारी मेलों और प्रदर्शनियों ने शालिनी के उत्पादों को एक बड़ा बाजार दिया है। मुरादाबाद के सरस मेले व उदीषा 2026 महोत्सव जैसे आयोजनों में उनके स्टॉल लगते हैं। इसके अलावा, विकास भवन की बैठकों के लिए जूट के फाइल फोल्डर भी उनके समूह द्वारा सप्लाई किए जाते हैं। आज शालिनी जूट उत्पादों से महीने के ?8,000 से ?15,000 और गोमय उत्पादों से ?7,000 से ?10,000 तक कमा रही हैं। दिवाली जैसे त्योहारी सीजन में उनकी कमाई ?25,000 से ?26,000 तक पहुंच जाती है, जिससे उनकी सालाना आय में लगभग ?1.5 लाख का इजाफा हुआ है। सफलता की राह कभी आसान नहीं होती। शालिनी बताती हैं कि जब उन्होंने गोबर से उत्पाद बनाने का काम शुरू किया था, तो गांव के लोगों ने खूब मजाक बनाया और ताने मारे कि ''गोबर से क्या होगा?''। लेकिन पति के अटूट समर्थन और अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से उन्होंने सबको गलत साबित कर दिया।

आज उनके गांव रतुपुरा में कई स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं। शालिनी खुद 30 से अधिक महिलाओं को ट्रेनिंग दे चुकी हैं और गांव की कई अन्य महिलाएं उनसे काम सीखकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। शालिनी की यह कहानी इस बात का जीता-जागता प्रमाण है कि यदि सरकारी योजनाओं (एनआरएलएम) का सही दिशा में लाभ उठाया जाए, तो महिलाएं न सिर्फ अपनी, बल्कि पूरे समाज की तस्वीर बदल सकती हैं।

## सड़क दुर्घटनाओं में आधा दर्जन से ज्यादा घायल

हाथरस। क्षेत्र में होली के उल्लास के बीच अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में आठ लोग घायल हो गए। घायलों को सरकारी एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। जानकारी के अनुसार, होली के दिन विभिन्न मार्गों पर तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण ये हादसे हुए। रंग खेलकर लौट रहे लोग अचानक हुई टक्कर और फिसलन के कारण चोटिल हो गए। घायलों में नगला भाग सिंह निवासी संतोष कुमार पुत्र हरी प्रेम, सलेमपुर रोड निवासी देवीराम, कुकरगांव निवासी राजा पुत्र नरेंद्र, कश्यप नगर निवासी ललिता पुत्री ओमप्रकाश कश्यप, बरसाना निवासी प्रेम सिंह पुत्र इंद्रपाल सिंह और नीतू पत्नी प्रेम सिंह, शेरपुर निवासी छोटू पुत्र लाल सिंह तथा गरीबा निवासी पीतम पुत्र गोविंद सिंह शामिल हैं। बताया जा रहा है कि कुछ घायलों को हाथ-पैर में चोटें आई हैं, जबकि दो लोगों को सिर में चोट लगने के कारण विशेष निगरानी में रखा गया है। चिकित्सकों के अनुसार, सभी घायलों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## पीटीआर के जंगलों की प्रमुख सड़कों पर रात्रि प्रतिबंध हटाने के संबंध में विरोध लगातार जरी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय किसान मज़दूर संगठन की अध्यक्षता में पीटीआर की प्रमुख सड़कों पर वाहनों के आवागमन पर रात्रि प्रतिबंध लगाए जाने के संबंध में संयुक्त रूप से सभी वर्गों के संगठनों के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया इस वार्ता में पीटीआर के सभी मार्ग रात्रि में बंद होने से प्रभावित होने वाले विभिन्न वर्गों के संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे गुरप्रीत सिंह युवा तहसील अध्यक्ष, राष्ट्रीय किसान मज़दूर संगठन,हाजी रियाज़त नूर ख़ाँ जिला इंचार्ज, नागरिक सुरक्षा बल फाउंडेशन नवीन अग्रवाल प्रांतीय मंत्री,उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल रामनिवास शर्मा जिला उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय प्रधान संगठन, पीलीभीत,पलविंदर सिंह अध्यक्ष, टैक्सी एसोसिएशन,पूरनपुर विजयपाल विक्की पूर्व अध्यक्ष,फल सब्ज़ी आढ़ती संघ,हाजी लियाकत उर्फ भूरा भाई अध्यक्ष, बस यूनियन सराफ़त अली अध्यक्ष,ट्रक एसोसिएशन पीलीभीत टाइगर रिज़र्व 730 वर्ग किलोमीटर में फैला है इसका कोर ज़ोन/ क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट 602 वर्ग किलोमीटर है बफर ज़ोन128 किमी यह जंगल उत्तराखंड व नेपाल से सटा हुआ है पीटीआर के जंगल के बीच से गुज़रने वाली हैं तीन प्रमुख सड़कें पीलीभीत से पूरनपुर, पीलीभीत से मधोटांडा, और मधोटांडा से खटीमा यही तीन सड़को पर रात्रि पूर्ण प्रतिबंध है अगर रास्ते पर प्रतिबंध लगाया जाता है तो रात मे सफर करने वाले के कोई विकल्प नही रहेगा प्रमुख मांगें,रात्रि में पीलीभीत टाइगर रिज़र्व की प्रमुख सड़कों पर रात का पूर्ण प्रतिबंध हटाया जाए ,इन सड़कों पर और निर्माण की समयबद्ध योजना सार्वजनिक की जाए और उसे तेज़ गति से लागू किया जाए,इस बैन से हुए आर्थिक नुकसान का सार्वजनिक आकलन किया जाए और प्रभावित लोगों के लिए राहत की योजना बनाई जाए,तत्काल एक सार्वजनिक सुनवाई आयोजित की जाए जिसमें स्थानीय नागरिक, ट्रांसपोर्ट संघ, व्यापारी, और जनप्रतिनिधि शामिल हों सभी वर्ग के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर एक स्वर में कहा कि अगर अगले 15 दिनों में सरकार और वन विभाग की तरफ से कोई ठोस जवाब या हल नहीं निकाला गया तो हम बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुड़वार थाना क्षेत्र के नीर सहिया गांव में होली के दिन एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान नीर सहिया गांव निवासी 40 वर्षीय अंगनू प्रसाद निषाद के रूप में हुई है। वह स्वर्गीय राम राज के पुत्र थे। बताया गया कि बुधवार, 4 मार्च को दोपहर करीब 12:30 बजे अंगनू प्रसाद होली खेलकर घर लौटे थे। घर पहुंचने के कुछ ही देर बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई। परिवार के सदस्यों के अनुसार, अंगनू प्रसाद लगभग एक महीने पहले ही दुबई से अपने घर लौटे थे। वह विदेश में रहकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। अंगनू प्रसाद के परिवार में उनकी पत्नी के अलावा 12 वर्षीय बेटा शिव, 16 वर्षीय बेटी चांदनी और 19 वर्षीय बेटी रोशनी शामिल हैं। कुड़वार थाना प्रभारी तरुण पटेल ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## पुरानी रंजिश मे युवक पर फायरिंग सात पर मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गैरतपुर जप्ती के रहने वाले मंजीत सिंह पुत्र जोगिन्दर सिंह के बेटे बादल सिंह की कुछ दिन पहले मेले में हुई कहासुनी की रंजिश को लेकर बाइक सवारों ने युवक को रोककर गाली-गलौज की विरोध करने पर उन्होंने अवैध असलहा से फायर कर दिया गनीमत रही कि युवक बाल-बाल बच गया ग्रामीणों की मदद से एक आरोपी को मौके पर पकड़ लिया गया, जबकि आधा दर्जन आरोपित मौके से फरार हो गए अवैध तमंचा लहराते बाइक सवारों का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है पुलिस ने सात आरोपितों के विरुद्ध हत्या के प्रयास की प्राथमिकी दर्ज की है पुलिस ने सात आरोपितों के विरुद्ध हत्या के प्रयास की धारा में मुकदमा दर्ज किया है

## सभासद ने चेयरमैन को सौंपा पत्र

पूरनपुर। नगर पालिका परिषद के वार्ड-10 साहूकारा में शेरपुर फाटक डिवाइडर पर डेकोरेशन लाइट लैंप के लिए चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता को एक ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में सभासद प्रतिनिधि साजिद रिजवी ने डिवाइडर पर कार्य कराने का आग्रह किया है।

## मुरादाबाद में नहीं किया जाएगा डबल डेकर एसी ई-बसों का संचालन

मुरादाबाद कैनविज टाइम्स संवाददाता। रास्ते खराब व जगह-जगह बिजली के तार लटके होने से मुरादाबाद में डबल डेकर एसी ई-बसों का संचालन नहीं किया जाएगा। परिवहन निगम के अधिकारियों ने बताया कि महानगर के अंदर तक डबल डेकर एसी ई-बसें नहीं आ सकती हैं। इसकी वजह से डबल डेकर बसों का संचालन करना संभव नहीं है। कटघर स्थित वर्कशाप में चार डबल डेकर एसी ई-बसें करीब एक महीने से खड़ी हैं। इन बसों का अभी तक संचालन नहीं किया गया है। बसों पर धूल मिट्टी जमी हुई है। परिवहन विभाग की ओर से इन बसों को बरेली रूट पर संचालित करने के लिए तैयारियां की जा रहीं थीं लेकिन इनका संचालन नहीं किया जा सका है। मुरादाबाद डिपो के फोरमैन गजेंद्र सिंह ने गुरुवार को बताया कि डबल डेकर एसी ई-बसों को बरेली रूट पर चलाया जा सकता है लेकिन बसें बरेली शहर में नहीं जा सकेंगी। सड़कें सही नहीं है और रास्ते में बिजली के तार भी लटके हुए हैं।

## हाईवे पर खड़े वाहन से टकराई बाइक, युवक की मौत

मीरजापुर। लालगंज थाना क्षेत्र के बरौधा चौकी अंतर्गत महुअट गांव के पास गुरुवार दोपहर सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सहजी गांव निवासी 26 वर्षीय रंजीत पांडेय पुत्र विजय शंकर पांडेय अपने भाई संदीप पांडेय को बाइक से मध्यप्रदेश के हनुमना बाजार छोड़ने गए थे। दोपहर में घर लौटते समय मीरजापुरऽरीवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर महुअट गांव स्थित एचपी पेट्रोल पंप के सामने हाईवे की पटरी पर खड़े अज्ञात वाहन में उनकी बाइक पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि गंभीर रूप से घायल रंजीत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर बरौधा चौकी प्रभारी संजय कुमार मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। सूचना मिलते ही परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए और पोस्टमार्टम कराने से मना करते हुए शव को घर ले गए।

चौकी प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन से टकराने के कारण युवक की मौत हुई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में होली की खुशियां मातम में बदल गईं।

# दहेज की मांग करने में टूटा शादी का रिश्ता, सेवानिवृत्ति पुलिसकर्मी समेत 14 लोगों पर मुकदमा दर्ज

एजेंसी

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में अजीतमल कोतवाली क्षेत्र में अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर एक रिटायर्ड दरोगा के पुत्र की शादी तय तिथि से पहले ही टूट गई। लड़की पक्ष ने बारात के स्वागत की सभी तैयारियां कर ली थीं, लेकिन लड़के पक्ष द्वारा बार-बार दहेज की मांग करने से विवाद बढ़ गया और बारात नहीं पहुंची। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर 14 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के नगला सिमार निवासी लाल सिंह पुत्र सोनेलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शिक्षा विभाग के प्राथमिक विद्यालय में कर्मचारी हैं। उन्होंने अपनी पुत्री नेहा का रिश्ता आकाश प्रताप सिंह पुत्र देवेंद्र सिंह निवासी सिंह फर्नीचर इलेक्ट्रिकल्स, सर्विस रोड राष्ट्रीय राजमार्ग-19 महेवा, थाना बकेवर जिला इटावा के साथ तय किया था। दोनों पक्षों के बीच शादी लगभग 20 लाख रुपये में तय हुई थी, जिसमें 15 लाख रुपये नकद और लगभग 5 लाख रुपये के जेवरात व घरेलू सामान शामिल थे। तहरीर के अनुसार 17 अक्टूबर 2024 को अनंतराम गेस्ट हाउस में लड़की दिखाने की रस्म हुई थी, जबकि 25 दिसंबर 2024 को नगला सिमार स्थित प्रार्थी के घर पर गोद भराई की रस्म संपन्न हुई। इसके बाद दोनों पक्षों की सहमति से 19 फरवरी 2025 को शादी की तिथि तय की गई थी। आरोप है कि शादी नजदीक आते ही लड़के पक्ष के लोगों ने तय रकम के अतिरिक्त पांच लाख रुपये और मांग की। काफी आग्रह के बाद लड़की पक्ष ने 4 लाख 50 हजार रुपये की व्यवस्था कर लड़के पक्ष को दे दिए, लेकिन शेष 50 हजार रुपये न देने पर लड़के पक्ष ने 19 फरवरी 2025 को होने वाली शादी से इंकार कर दिया। बाद में पंचायत के बाद शादी की नई तिथि 8 मार्च 2026 तय की गई। लड़की पक्ष ने फिर से शादी की तैयारियां शुरू कर दीं और रिश्तेदारों में निमंत्रण पत्र भी बांट दिए।

# पुलिस लाइन में रंगोत्सव की धूम, डीएम-एसपी ने गाया होली खेले रघुबीरा, जवानों संग जमकर खेली होली

एजेंसी



जौनपुर । यूपी के जौनपुर में होली के दूसरे दिन गुरुवार को पुलिस लाइन मैदान में उत्साह, उल्लास और भाईचारे के साथ पुलिस के जवानों ने जमकर होली खेली।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने पूरे जोश के साथ रंगोत्सव मनाया। परेड ग्राउंड में अधिकारियों का स्वागत फूलों की वर्षा और बैंड-बाजे की मधुर धुनों के साथ किया गया, जिससे पूरा परिसर उत्सवमय हो उठा।कार्यक्रम को खास बनाने के लिए जवानों हेतु पानी से भरा विशेष कुंड तैयार कराया गया था, जहां सभी ने मिलकर रंग खेला। अबीर-गुलाल उड़ाते हुए पुलिस कर्मियों ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।इस दौरान गायक राहुल पाठक द्वारा कई सुंदर होली के गीत गाये जिसपर पुलिस कर्मी थिरकते नजर आए।इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र भी मौजूद रहे। उन्होंने मंच संभालते हुए 'होली खेले रघुबीरा अवध में' गीत प्रस्तुत किया। उनके साथ एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने भी सुर मिलाया। दोनों अधिकारियों की प्रस्तुति पर उपस्थित जवानों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। गीतों की धुन पर ट्रेनी आईपीएस सृष्टि जैन सहित अन्य अधिकारियों और जवानों ने भी जमकर डांस किया।इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस के जवानों को होली की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि पूरे आयोजन का उद्देश्य पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाना और आपसी सौहार्द को सुदृढ़ करना रहा। रंग, संगीत और हंसी-खुशी के बीच यह आयोजन पुलिस परिवार के भीतर एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता नजर आया।

# विचार परिवार की समन्वय बैठक में शामिल होंगे मुख्यमंत्री योगी : प्रकाश पाल

एजेंसी



कानपुर। विचार परिवार की यह समन्वय बैठक संगठन और वैचारिक संगठनों के बीच तालमेल को और मजबूत करने के साथ-साथ आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय करने के लिए महत्वपूर्ण है। यह जानकारी गुरुवार को भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में विभिन्न आयामों पर विस्तृत मंथन किया जाएगा और भविष्य की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जाएगा।

नवाबगंज स्थित पंडित दीनदयाल विद्यालय में शुक्रवार को आयोजित होने वाली इस बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य रूप से शामिल होंगे। उनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल भी सहभागिता करेंगे। बैठक को संगठनात्मक दृष्टि से अहम माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 11 बजे चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय (सीएसए) परिसर स्थित हैलीपैड पर पहुंचेंगे। वहां कानपुर महानगर के सांसद, विधायक एवं विधान परिषद सदस्य उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से नवाबगंज स्थित पंडित दीनदयाल विद्यालय पहुंचेंगे, जहां 'विचार परिवार' की समन्वय बैठक में भाग लेंगे। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सड़क मार्ग से कानपुर पहुंचेंगे। जाजमऊ पुल पर पार्टी पदाधिकारियों द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात वे भी सीधे नवाबगंज स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। बैठक में संगठनात्मक विषयों, वैचारिक समन्वय और आगामी अभियानों को लेकर चर्चा की जाएगी।

# भाजपा एमएलसी से ठगी करने का प्रयास, केस दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर में सुलतानपुर-अमेठी सीट से भाजपा एमएलसी शैलेंद्र सिंह से ठगी का प्रयास किया गया लेकिन एमएलसी की सक्रियता की वजह से ठग अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सके। ठगों ने खुद को मुंबई पुलिस और एटीएस का अधिकारी बताकर एमएलसी को ठगने का प्रयास किया था। शैलेंद्र सिंह के मुताबिक, उनके पास एक अंजान नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने दावा किया कि वह मुंबई एटीएस से बोल रहा है और एमएलसी के नाम पर केनरा बैंक में एक फर्जी खाता खुला है, जिसका इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग और संदिग्ध गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। एमएलसी ने बताया कि मुझसे कहा गया कि आपका बैंक खाता केनरा बैंक में है। मैंने कहा कि मेरा लखनऊ और सुल्तानपुर के बाहर कहीं खाता नहीं है। उन्होंने करीब डेढ़ घंटे तक मुझे वीडियो कॉल पर रखा और कमरा अंदर से लॉक करने को कहा। ठग मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने के लिए एमएलसी से लगातार आधार कार्ड और बैंक डिटेल्स की मांग कर रहे थे। हद तो तब हो गई जब कमरे का दरवाजा थोड़ा सा खुलने पर ठग नाराज हो गए और बोले कि आप मजाक कर रहे हैं? दरवाजा किसने खोला? किसी को अंदर मत आने दीजिए। इस घटना के बाद शैलेंद्र सिंह ने सुल्तानपुर के साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस अब उन नंबरों और आईपी एड्रेस को ट्रैक कर रही है जिनसे यह कॉल आई थी। क्षेत्राधिकारी नगर सौरभ सामन्त ने गुरुवार को बताया कि सुलतानपुर-अमेठी क्षेत्र के एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है। सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों पर चल रही 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी किसी भी खबर का पुलिस द्वारा पूर्णतः खंडन किया गया है।

# रिजर्व पुलिस लाइन गोंडा में धूमधाम से मना होली मिलन समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में होली पर्व को सकुशल शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उपरान्त गोंडा रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के नेतृत्व में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में आयुक्त देवीपाटन मंडल शशिभूषण लाल सुशील,मण्डलीय आकांक्षा समिति की अध्यक्षा गरि मा भूषण,पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परि क्षेत्र अमित पाठक,जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन,वामासरथी संघ की अध्यक्षा डॉ.तन्वी जाय सवाल,डीएफओ अनुराग प्रियदर्शी,आईएफए स ट्रेनी प्रिया अग्रवाल,मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.संतलाल पटेल सहित जनपद के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण समारोह में सम्मिलित हुए। समा रोह के दौरान सभी अधिकारियों वं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर एवं फूलों की वर्षा कर होली पर्व की हार्दिक शुभकाम नाएँ एवं बधाई दी।कार्यक्रम का आयोजन सौ हार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ,जिसमें पुलिस परिवार के बीच आपसी भाई चारे,सहयोग एवं समन्वय की भावना देखने को मिली।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पू र्वी मनोज कुमार रावत, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय,सहायक पुलिस अधीक्ष क अभिषेक दवाच्या, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, जनपद के समस्त थाना प्रभारी व पुलिस अधि कारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कहोबा चौराहे पर संकल्प डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । मोतीगंज कहोबा चौराहा मनकापुर में सं कल्प डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ किया ला इब्रेरी का उद्घाटन राष्ट्रीय छात्र पंचायत के राष्ट्री य अध्यक्ष शिवम पांडेय ने फीता काटकर किया उन्होंने संबोधित करते हुए बताया कि यह डि जिटल लाइब्रेरी ग्रामीण बच्चों के लिए तोहफा है,जो यहां से दूरी तय करके शहर में प्रतिदिन पढ़ाई करने के लिए जाते हैं।उन्होंने कहा कि हम सभी को शिक्षा को बढ़ावा देते हुए अपने-अपने गांव में भी लाइब्रेरी खुलवानी चाहिए, जि ससे गांव का प्रत्येक छात्र पढ़ सके।गांव के बहुत सारे ऐसे प्रतिभावान बच्चे रहते हैं जो सं साधनों की कमी से आगे नहीं बढ़ पाते हैं,इस लिए यह लाइब्रेरी गांव की प्रतिभाओं को उच्च स्थान पर पहुंचने का काम करेगी।लाइब्रेरी के संस्थापक प्रमोद तिवारी ने बताया कि यह लाइ ब्रेरी उन्होंने लखनऊ से प्रेरणा लेकर





बनाई है। लखनऊ में बहुत सारे बच्चे प्रतिदिन लाइब्रेरी में पढ़ने जाते हैं। जब वह अपने गांव आते थे, तो देखा था कि बच्चे यहां से साइकिल से गोंडा जा ते थे,25 किलोमीटर की दूरी तय कर पढ़ने के लिए।तो उन्हें लगा कि अगर उनके चौराहे पर ही लाइब्रेरी होगी,तो इन सभी को इतनी दूरी नहीं तय करनी पड़ेगी और उनके यहां जो भी आर्थिक रूप से कमजोर होगा, उन सभी को निशुल्क शिक्षा दी जाएगी।क्योंकि उनका लक्ष्य यही है कि गांव का कोई भी छात्र पैसे की वजह से पढ़ाई पूरी नहीं कर पा रहा है, तो उसकी पढ़ाई वह पूरी करवाएंगे।इस लाइब्रेरी का यही संकल्प है।इस अवसर पर दलपतपुर प्रधान प्र तिनिधि अर्पित तिवारी,हिमांशु तिवारी,प्रेम तिवारी,मोनू शुक्ला,बंटी सिंह,शिवम गुप्ता,आदि लो ग उपस्थित रहे।

# जीजा ने साली से की शादी, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में बताया बालिग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में जीजा-साली के भागने के मामले में नया मोड़ आया है तरबगंज थाना क्षेत्र के डि डिसिया कला की पूनम ने अपने जीजा राजेश कुमार दुबे से शादी कर ली है। दोनों ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर अपने बालि ग होने और शादी करने की पुष्टि की है।पूनम ने वीडियो में कहा है कि उसे कोई राजेश से दूर न हीं कर सकता।उसने यह भी बताया कि उसके परिवार को उनके रिश्ते के बारे में जानकारी थी पूनम के अनुसार, उसकी उम्र 22 साल है और वह नाबालिग नहीं है, जबकि परिवार ने उसकी उम्र सोलह साल बताई थी।यह मामला 26 फर वरी को तब सामने आया था जब पूनम के पि ता संतराम ने तरबगंज थाने में अपने दामाद रा जेश कुमार दुबे के खिलाफ बेटी को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था।संतराम ने आरोप लगाया था कि राजेश बारात में शामिल



होने आए थे,लेकिन रास्ते से ही वापस आकर उनकी बेटी पूनम को घर से भगा ले गए।तरब गंज पुलिस ने राजेश कुमार दुबे के खिलाफ मा मला दर्ज कर जांच शुरू की थी।सोशल मीडि या पर वीडियो वायरल वायरल होने के बाद पु लिस वीडियो को भी जांच का आधार बना रही है।जीजा राजेश कुमार दुबे ने भी वीडियो में क हा है कि उन पर तरबगंज थाने में लगाए गए आरोप पूरी तरह गलत हैं। उन्होंने दावा किया कि वह पूनम को भगाकर नहीं लाए हैं।सारे लोग उनके परिवार में जानते थे हमारे परिवार के लोग भी जानते थे 3-4 साल से हम दोनों लो ग बात करते थे।उनके परिवार में उनके माता-पिता उनके भैया भाभी सब जानते थे हमारी पत्नी भी सब चीज जानती थी।यह हमको प संद करती थी मैं इनको पसंद करता था जो उन्होंने यह कार्यवाही की है कि आए थे भाग लेकर चले गए हैं पूरी तरीके से गलत है।साली पूनम ने कहा कि मैं अपनी मर्जी से इनके साथ आई हूँ मैं अपनी मर्जी से उनके साथ शादी लड़की ने बताया कि मेरी उम्र 22 साल है। घर वालों ने मेरी सोलह साल बताकर केस दर्ज क रा दिया है।मैं जिनसे शादी की,उनकी उम्र 24 साल है।हमें झूठे तरीके से फंसाने के लिए बो ला जा रहा है।मैं जहां कहीं भी हूं सही सलामत हूं अपनी मर्जी से शादी की है।तरबगंज थाना ध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पूरे मामले को लेकर के जांच की जाएगी।दर्ज मुकदमे में लड़की को बरा मद करने का प्रयास हमारे थाने की पुलिस कर की जा रही है।लड़की को बरामद करके कोर्ट में बयान कराया जाएगा।

# आठ महीने बाद हुआ बीजेपी कार्यालय का शुद्धिकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले क़े वरिष्ठ भाजपा नेता अकबाल ब हादुर तिवारी ने आज भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया है।उन्होंने भाजपा कार्यालय में विधि-विधान से हवन पूजन कर अपना कार्यभार संभाला।पदभार ग्रहण करने से पहले, कार्यालय के उस कक्ष का ताला खोला गया जो पिछले आठ महीने पंद्रह दिन से बंद था।इसके बाद,वैदिक मंत्रोच्चार और शंख नाद के साथ जिले के सभी जनप्रतिनिधियों ने अकबाल बहादुर तिवारी को जिलाध्यक्ष की कु र्सी पर बैठाया गया।कार्यभार संभालने के बाद, नवागत जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी ने बताया कि वह इससे पहले भी दो बार जिलाध्य क्ष के रूप में पार्टी की सेवा कर चुके हैं।उन्होंने कहा कि उनके परिश्रम, मेहनत और ईमानदारी को देखते हुए पार्टी ने उन्हें तीसरी बार यह अव सर दिया है।तिवारी ने पंचायत चुनावों की तैया री शुरू करने की बात भी कही,उन्होंने कहा कि पदभार ग्रहण करने के बाद में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जिले के संगठन को मजबूत



करने की रणनीति बनाएंगे।इस अवसर पर,कर नैलगंज के भाजपा विधायक अजय कुमार सिं ह ने कहा कि गोंडा को आठ महीने पंद्रह दिन बाद नया भाजपा जिलाध्यक्ष मिला है। उन्होंने अकबाल बहादुर तिवारी को अपना अभिभाव क और अनुभवी कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में काम करने का अलग ही अनुभ व होगा।कटरा बाजार के भाजपा विधायक बा वन सिंह ने अकबाल बहादुर तिवारी को अच्छे व्यक्तित्व का धनी बताया और विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में गोंडा भाजपा संगठन और बेहतर काम करेगा। तरबगंज के भाजपा विधायक प्रेम नारायण पांडेय ने भी कहा कि तिवारी को संगठन चलाने का अच्छा अनुभव है,जिसका लाभ पार्टी को मिलेगा।

# पुलिस प्रशासन की सक्रियता से शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ होली का त्यौहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी,होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये पुलिस प्रशासन काफी सतर्क रहा और चप्पे चप्पे पर पुलिस मुस्तैद रही वही जनपद के कई कस्बों में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के साथ ही स्थानीय पुलिस ने भी फ्लैग मार्च किया और लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से होली का त्यौहार मनाने की अपील की।होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के जिला प्रशासन के साथ ही तिलोई का तहसील प्रशासन काफी सतर्क रहा जिलाधिकारी संजय चौहान,पुलिस कप्तान श्री सरवणन टी ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ ही जनपद के कई कस्बों का भ्रमण करते हुये फ्लैग मार्च किया तो तिलोई के क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने भी कई गांवों का होली के दिन भ्रमण किया और आम जन मानस से शांतिपूर्ण ढंग से



होली का त्यौहार मनाने की अपील की जिसका नतीजा यह रहा कि तिलोई सर्किल के थाना मोहनगंज,शिवरतनगंज, इन्हौना,फुरसतगंज,जायस थाना क्षेत्र के गांवों में होली का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास तरीके से मनाया गया।होली के पर्व पर कस्बा सेमरौता में उप निरीक्षक कुंवर सिंह मय दलबल के साथ तैनात रहे तो थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा अपने हमराही सिपाहियों के साथ सम्पूर्ण थाना क्षेत्र का भ्रमण कर रहे थे।तहसील तिलोई क्षेत्र के प्रमुख कस्बों व चौराहों पर भी पुलिस प्रशासन मुस्तैदी के साथ डटा रहा।

# आयुक्त ने वृद्धाश्रम, वन स्टॉप सेंटर व बाल देख रेख संस्थान में मनाई होली, बांटी खुशियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । होली के पावन पर्व पर देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने अपनी धर्मपत्नी गरिमा भूषण एवं सुपुत्र के साथ वन स्टॉप सेंटर, वृद्धाश्रम तथा बाल देखरेख संस्था न पहुंचकर वहां रह रहे वृद्धजनों,महिलाओं औ र बच्चों के साथ होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर आयुक्त ने सभी के साथ रंग-गुलाल खेलकर उन्हें होली की शुभ कामनाएं दीं और आत्मीयता के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं।आयुक्त सबसे पहले वृ द्धाश्रम पहुंचे, जहां



उन्होंने वहां रह रहे वृद्धज नों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना।इ स दौरान उन्होंने अपने हाथों से वृद्धजनों को गुझिया खिलाई और रंग लगाकर होली की बधाई दी।आयुक्त के इस स्नेहपूर्ण व्यवहार से वृद्धजन भावुक हो उठे और उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। इसके बाद आयुक्त बाल देखरेख संस्थान पहुंचे,जहां उन्होंने बच्चों के साथ भी होली का त्योहार मनाया।बच्चों ने आयुक्त और उनके परिवार का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।इस अवसर पर आयुक्त ने बच्चों को अल्पाहार वितरित किया तथा रंग-गुलाल लगाकर उनके साथ होली की खुशि यां बांटी।बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ त्योहा र का आनंद लिया और परिसर में उल्लास का माहौल बना रहा।आयुक्त ने वन स्टॉप सेंटर पहु चकर वहां रह रही महिलाओं से भी मुलाकात की और उनके साथ होली की खुशियां साझा कीं।उन्होंने महिलाओं को होली की शुभकाम नाएं देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।आयुक्त ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम, भाई चारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह पर्व हमें सभी भेदभाव भूलकर एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा करने का संदेश देता है। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर प्रेम, सौहा र्द और उल्लास के साथ होली का पर्व मनाया।

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट,चार घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के देहात कोतवाली अंतर्गत रौतमा गांव में होली के दिन देर शाम पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट और चाकूबाजी तक पहुंच गया।घटना में चार लोग घायल हो गए,जिन्हें तत्काल उपचार के लिए गोंडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसा र पहले दोनों पक्षों के बीच मामूली विवाद शुरू हुआ मगर कुछ ही देर में लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला शुरू हो गया।त्योहार के माहौल में अचानक हुई इस हिंसक घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई।घटना में घनश्याम तिवारी, राजेश तिवारी, राहुल उर्फ ज्ञान दत्त और मनीष गंभीर रूप से घायल हो गये।बताया जा ता है कि राजेश तिवारी पर चाकू से कई वार किए गए,जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई। अन्य तीन लोग भी घायल हैं,जिनका इलाज चल रहा है।घायलों को परिजनों और ग्रामीणों की मदद से तत्काल गोंडा मेडिकल कॉलेज पहुं चाया गया, जहां चिकित्सकों की टीम उनका इलाज कर रही है।बताया जाता है की कुछ दिन पूर्व एक शादी समारोह में बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर दोनों पक्षों में तनाव बना हुआ था,बताया जा रहा है कि उसी पुरानी रंजिश को लेकर यह घटना घटित हुई है।पीड़ित पक्ष के घ नश्याम तिवारी का आरोप है कि जब वह शाम को घर पहुंचे तो उनके दरवाजे पर विवाद हो रहा था।उन्होंने बताया कि आरोपी उनके परिवार के सदस्य राजेश तिवारी, राहुल उर्फ ज्ञान दत्त और मनीष को पीट रहे थे।इसी बीच आरो पियों के परिवार के अन्य सदस्य चाकू और कु ल्हाड़ी लेकर पहुंचे और हमला कर दिये।प्रभारी निरीक्षक कोतवालली देहात ने बताया कि घाय लों का इलाज गोंडा मेडिकल कॉलेज में चल र हा है।पीड़ित पक्ष की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# शिवरतनगंज पुलिस ने मारपीट करने वाले चार लोगों को भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लोहे की राड बैसवाल बैट समेत दो बाइक किया बरामद

अमेठी,थाना शिवरतनगंज पुलिस ने मारपीट के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस ने मारपीट की घटना में प्रयुक्त लोहे की राड, बैसबाल बैट, वादी का आधारकार्ड, पैनकार्ड, एटीएम कार्ड व दो मोटरसाइकिल बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को शिवरतनगंज के थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्र, उप निरीक्षक कुंवर सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मारपीट के मामले में विभिन्न माध्यमों से प्रकाश में आये मोटरसाइकिल सवार सूरजीत उर्फ सूरज यादव पुत्र लाल बहादुर यादव,अखिलेश यादव पुत्र भगौती यादव निवासीगण ग्राम पूरे शुक्लन मजरे पेंडरिया थाना शिवरतनगंज,आशीष यादव पुत्र राम नारायन यादव निवासी ग्राम पूरे बाबू हुजब्बर का पुरवा मजरे सेवरा थाना बाजार शुकुल व आकाश यादव पुत्र राम करन यादव निवासी ग्राम रतवलिया मंझार थाना शिवरतनगंज को गिरफ्तार किया गया।दोनों स्पेलेण्डर प्लस मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट के कागज मांगने पर दिखा नही सके। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में सूरजीत उर्फ सूरज यादव ने बताया कि उसका,उसके गांव के सहदेव यादव से गंवई रंजिश चल रही है जिसमें अक्सर उसके घरवालों व सहदेव की कहासुनी होती रहती है जिसके कारण उसके पिता शराब पीने के आदी हो गये। शराब छुड़वाने का प्रयास किया गया तो पता चला कि उस के पिता के ऊपर सहदेव यादव ने जादू टोना किया है जिस कारण उसने अपने गांव के ही अखिलेश यादव, आकाश यादव एवं उसके रिश्तेदार आशीष यादव के साथ मिलकर बीती अठाइस फरवरी को रात्रि में सहदेव यादव को दुकान से घर वापस जाते समय रास्ते में घेरकर रोक लिया तथा सूरजीत उर्फ सूरज यादव ने बेसबाल बैट से व अखिलेश ने लोहे के रॉड से सहदेव को मारपीट कर भाग गये थे।

## होली के त्यौहार पर राज्यमंत्री ने गले मिलकर दी बधाई

अमेठी । तहसील तिलोई क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं कस्बों में होली का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया।होली के त्यौहार में जमकर अबीर गुलाल उड़ा और प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री एव क्षेत्रीय विधायक के साथ ही ब्लाक प्रमुख समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने गले मिलकर होली की बधाई दी है।क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सैकड़ों स्थानों पर होलिका दहन वैदिक रीति रिवाज के अनुसार किया गया।होली के त्यौहार पर स्थानीय पुलिस प्रशासन काफी सतर्क रहा।होलिका दहन से लेकर जुलूस निकालने तक क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने क्षेत्र भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पादित कराने के लिये पुलिस प्रशासन का सहयोग करते रहे।क्षेत्र के कस्बा सेमरौता, इन्हौना,अहोरवा भवानी,सातनपुरवा, राजाफत्तेपुर, तिलोई, शंकरगंज, शाहमऊ,मोहनगंज सहित अन्य गांवों में होली का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।होली के त्यौहार पर राजभवन तिलोई में खूब अबीर गुलाल उड़ाया गया।समर्थकों के उल्लास के चलते राजभवन तिलोई में होली भगवामय रही। प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री एव क्षेत्रीय विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह एवं उत्कर्ष शरण सिंह ने अपने आवास पर आम जनमानस से गले मिलकर होली की बधाई दी है इसके अलावा ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, बहादुरपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश कुमार सिंह ने भी अपने आवास पर समस्त क्षेत्र वासियों से गले मिलकर होली की बधाई दी है। इस मौके पर ग्राम प्रधान देवी शरण बाजपेई, अखण्ड प्रताप सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह,आशीष मिश्रा, धर्मेश मिश्रा, राजेश पाण्डेय, मोहम्मद अशरफ, वीर बहादुर सिंह, सूरज पाण्डेय, गुडडू सिंह, ध्रुवराज पासी, अजय सिंह, आशुतोष सिंह, सुधीर सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## वाराणसी लखनऊ शटल ट्रेन का ठहराव बाबतपुर स्टेशन पर कराने की मांग

वाराणसी। वाराणसी में बाबतपुर क्षेत्र के नागरिकों ने सांसद प्रिया सरोज से वाराणसी लखनऊ शटल ट्रेन के ठहराव बाबतपुर स्टेशन पर करवाने की मांग की है। सांसद प्रिया सरोज के प्रतिनिधि ने स्थानीय लोगों की बातों को सुना और इस मांग पत्र को सांसद के माध्यम से रेल मंत्री तक पहुंचाने की बात कही है। बाबतपुर निवासी वरिष्ठ पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता शिवपूजन विश्वकर्मा ने कहा कि बाबतपुर में अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन है और यहां से अधिकांश यात्री लखनऊ जाने के लिए सुपर फास्ट ट्रेन को तलाशते हैं। बाबतपुर में शटल सुपर फास्ट एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव जनहित में होगा। शटल सुपर फास्ट एक्सप्रेस ट्रेन सुबह छह बजे वाराणसी से खुलती है और दस बजे के करीब लखनऊ पहुंचती है। वही, शाम को छह बजे लखनऊ से खुलकर यही ट्रेन रात्रि दस बजे के करीब वाराणसी पहुंच जाती है। सांसद प्रिया सरोज ने आज ही सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दी है कि आगामी छह मार्च से वाराणसीऽलखनऊ शटल ट्रेन का ठहराव जलालगंज रेलवे जंक्शन पर शुरू होने जा रहा है।

# पथरी के ऑपरेशन के बाद मरीज की मौत

## परिजनों का हंगामा एनेस्थीसिया ओवरडोज का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। एक प्राइवेट अस्पताल में पथरी के ऑपरेशन के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही अस्पताल में परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों की लापरवाही और एनेस्थीसिया की ओवरडोज के कारण मरीज की जान चली गई।

परिवार वालों का कहना है कि ऑपरेशन से पहले मरीज पूरी तरह ठीक था। जैसे ही उसे एनेस्थीसिया का इंजेक्शन लगाया गया, उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। कुछ ही देर में हालत गंभीर हो गई और आखिरकार उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। सूत्रों के मुताबिक, पोस्टमॉर्टम की प्रारंभिक रिपोर्ट में एनेस्थीसिया ओवरडोज की बात सामने आई है, हालांकि विस्तृत रिपोर्ट अभी आना बाकी है। उधर मामले ने तूल पकड़ते ही स्वास्थ्य विभाग भी हरकत में आ गया है। विभाग ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है और अस्पताल प्रबंधन से जवाब तलब किया गया है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि ऑपरेशन के दौरान मरीज की हालत अचानक बिगड़ गई थी। इसके बाद उसे तुरंत हायर सेंटर रेफर किया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम कराया जा चुका है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं सीएमओ ने बताया कि मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है और जांच जल्द ही शुरू हो जाएगी।




# ब्लाक प्रमुख ने मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी,विकास क्षेत्र तिलोई के गांव पूरे दान सिंह शंकरगंज स्थित प्राचीनतम मां काली माता मंदिर में मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें बतौर यजमान ब्लाक प्रमुख के साथ ही हजारों की संख्या में लोग शामिल हुये और भक्तिमय गीतों पर भक्तों ने खूब धमाल मचाया। क्षेत्र के गांव पूरे दान सिंह शंकरगंज स्थित प्राचीनतम मां काली मंदिर में मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर गाजे बाजे के साथ निकाली गई भव्य शोभा यात्रा प्राचीनतम संकठा माता मंदिर,श्रीराम जानकी मंदिर जमुरवां,चौहट्टन देवी मंदिर गड़ेहरी समेत अन्य धार्मिक स्थलों तक पहुंची। इन धार्मिक स्थलों के दर्शनोपरांत तिलोई की ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह पत्नी कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने बतौर यजमान सपरिवार वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरती पूजन किया। भव्य शोभा यात्रा में आतिशबाजी के साथ ही जमकर अबीर गुलाल उड़ाया गया जिसमें हजारों की संख्या में शामिल भक्तों ने भक्तिमय गीतों पर खूब धमाल मचाया। शोभा यात्रा का कई जगहों पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया।मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपरांत गुरुवार को मां काली मंदिर प्रांगण में विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें हजारों की संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों एवं ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर शिव कुमार सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह,अखण्ड प्रताप सिंह, दिग्विजय सिंह, राहुल सिंह, दीपू सिंह, शिवाकांत मिश्रा,राम कुमार सिंह,अजीत सिंह, दिवाकर सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।



## भाजपा एमएलसी को 'डिजिटल अरेस्ट' करने की कोशिश सूझबूझ से बची बड़ी ठगी

सुल्तानपुर। साइबर अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब उन्होंने जनप्रतिनिधियों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। ताजा मामला सुल्तानपुर-अमेठी क्षेत्र से भाजपा एमएलसी शैलेंद्र सिंह से जुड़ा है, जिन्हें साइबर ठगों ने करीब डेढ़ घंटे तक 'डिजिटल अरेस्ट' करने की कोशिश की। हालांकि एमएलसी की सतर्कता और सूझबूझ के चलते ठग अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके। एमएलसी शैलेंद्र सिंह के अनुसार उन्हें एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई पुलिस और एटीएस का अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके नाम पर केनरा बैंक में एक फर्जी खाता खोला गया है। ठगों ने आरोप लगाया कि इस खाते का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग और संदिग्ध लेनदेन के लिए किया जा रहा है। ठगों ने मामले को गंभीर बताते हुए एमएलसी को वीडियो कॉल पर जोड़ लिया और उनसे पूछताछ के नाम पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। उन्होंने एमएलसी को निर्देश दिया कि वे तुरंत घर के एक कमरे में चले जाएं, दरवाजा अंदर से बंद कर लें और किसी से भी बातचीत न करें। करीब डेढ़ घंटे तक ठग उन्हें वीडियो कॉल पर रखकर आधार कार्ड और बैंक से जुड़ी जानकारी मांगते रहे। इस दौरान जब कमरे का दरवाजा हल्का सा खुला तो ठग भड़क गए और बोले आप मजाक कर रहे हैं क्या? दरवाजा किसने खोला? किसी को अंदर मत आने दीजिए। ठग लगातार मनोवैज्ञानिक दबाव बनाकर एमएलसी को डराने की कोशिश करते रहे। इसी बीच एमएलसी के करीबियों को कॉल पर शक हुआ तो उन्होंने उस नंबर की पड़ताल की। जांच में पता चला कि जिस नंबर से कॉल आ रहा था वह मुंबई एटीएस का नहीं बल्कि मध्य प्रदेश के सतना की एक महिला के नाम पर पंजीकृत है। जैसे ही ठगों को अपनी पोल खुलने का अंदेशा हुआ उन्होंने तुरंत कॉल काट दी। घटना के बाद एमएलसी शैलेंद्र सिंह ने सुल्तानपुर के साइबर थाने में मामले की तहरीर दी है। साइबर थाना प्रभारी अखंडदेव मिश्रा ने बताया कि ठगों ने एमएलसी को 'डिजिटल अरेस्ट' करने की कोशिश की थी। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जिन नंबरों व आईपी एड्रेस से कॉल की गई थी, उन्हें ट्रैक किया जा रहा है। साइबर पुलिस ने लोगों से अपील की है कि कोई भी पुलिस या एजेंसी फोन या वीडियो कॉल पर किसी को 'डिजिटल अरेस्ट' नहीं करती। ऐसे कॉल आने पर घबराने के बजाय तुरंत कॉल काटें और पुलिस को सूचना दें।

## वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग के द्वारा अनुदान पर वितरित यंत्रो ई-लाटरी के माध्यम से चयन

पीलीभीत ।कृषि निदेशालय उ0प्र0 अभि0अनु0 कृषि भवन, लखनऊ के पत्र दिनांक 24.02.2026 अनुसार जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष वर्ष 2025-26 में प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू योजना एवं सब मिश एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजनान्तर्गत अनुदान पर यंत्र कय करने हेतु ऑनलाइन करने वाले लाभार्थियों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से दिनाँक 06.03.2026 को 02:00 बजे से गाँधी सभागार, कलेक्ट्रेट, जनपद पीलीभीत में किया जायेगा।उक्त के क्रम में जनपद के समस्त किसान भाई जिन्होनें योजनाओं में पर यंत्र कय करने के लिए आवेदन किया है, वह दिनाँक 06.03 2026 को अपरान्हः 02:00 गाँधी सभागार, कलेक्ट्रेट पर उपस्थित हो, जिससे कि ई-लाटरी की प्रकिया की जा सके। जो भी कृषक भाई अनुपस्थित होंगे उन्हे उपस्थित किसान भाईयों एवं समिति के द्वारा किए गए ई-लाटरी से चयन प्रक्रिया से सहमत माना जायेगा एवं उन्हे कोई आपत्ति नही, ऐसा मानकर प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। अधिक जानकारी के लिए उप कृषि निदेशक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# सती मठिया पर होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।नगर के मोहल्ला लाइनपार साहूकारा स्थित सती मठिया पर होली मिलन मेला समारोह का आयोजन किया गया इसके साथ ही गायत्री यज्ञ और विचार काव्य गोष्ठी का भी आयोजन हुआ यह कार्यक्रम सती मठिया समिति, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, स्वर्णकार सभा, आर्य समाज मंदिर, देवनागरी उत्थान परिषद संस्कार भारती, ठाकुरद्वारा मंदिर समिति व गायत्री परिवार पूरनपुर के तत्वाधान में आयोजित की गई समारोह में सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं गोष्ठी में सती मठिया के कायाकल्प व सौंदर्यकरण पर चर्चा कर जोर दिया गया विधायक बाबूराम पासवान ने कहा कि कानून के दायरे में रहकर सती मठिया की स्थाई पैमाइश कराकर बाउंड्री के अलावा सुंदरीकरण वंदन योजना के तहत कराया जाएगा नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि सती मठिया काफी समय से उपेक्षा का शिकार हो रही है इसकी हद की नपाई कराकर नगर पालिका द्वारा जीर्णोद्धार किया जायेगा हम सभी साथ मिलकर हर संभव प्रयास स करेंगे इससे पूर्व सती मठिया के परिसर में हवन पूजन विधिवत रूप से कराया गया



## सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत नम आंखों से हुआ अंतिम संस्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के फतेहपुर संगत गांव में होली की रात उस समय मातम छा गया, जब सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। गुरुवार को दोनों युवकों की अर्थियां उठीं तो पूरे गांव की आंखें नम हो गईं। गोमती नदी के किनारे परिजनों और ग्रामीणों की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर फतेहपुर संगत गांव निवासी पूर्व प्रधान ओम प्रकाश सिंह के पुत्र सनी सिंह अपने साथियों के साथ कार से गोसाईगंज बाजार से जिला मुख्यालय की ओर जा रहे थे। रास्ते में इटकौली गांव के गेट के पास उनकी कार अचानक अनियंत्रित हो गई और तेज रफ्तार में गेट से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में सनी सिंह (पूर्व प्रधान ओम प्रकाश सिंह के पुत्र), शिवम यादव (गया प्रसाद के पुत्र), आदर्श सिंह उर्फ अमन और राजकुमार सिंह शामिल थे। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान डॉक्टरों ने सनी सिंह और शिवम यादव को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य दो घायलों का गंभीर हालत में उपचार जारी है। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। गुरुवार को जब दोनों युवकों की अंतिम यात्रा निकली तो गांव का माहौल गमगीन हो गया और हर आंख नम दिखाई दी। गोसाईगंज थाना प्रभारी रामआशीष उपाध्याय ने बताया कि तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होकर गेट से टकराने से यह हादसा हुआ जिसमें पूर्व प्रधान के पुत्र समेत दो युवकों की मौत हो गई है। पुलिस मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है।

## होली के दिन तालाब में डूबने से राजगीर की मौत

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना इन्हौना क्षेत्र के बिझौरा गांव में होली के दिन दर्दनाक हादसा हो गया। होली खेलने के बाद हाईवे किनारे मार्ग पर अमृत सरोवर तालाब में नहाने गये एक राजगीर की डूबने से मौत हो गई है। स्थानीय नागरिकों एवं पुलिस द्वारा युवक को तालाब से बाहर निकलवा कर ट्रामा सेंटर जगदीशपुर ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव बिझौरा मजरे आजादपुर निवासी दिलीप कुमार पेशे से राजगीर थे और दो भाइयों में छोटे थे।बड़े भाई रमेश कुमार ने घटना की जानकारी दी। उनके परिवार में पत्नी शीला, नौ वर्षीय पुत्र विपिन और पांच वर्षीय पुत्री दिव्या हैं।अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।इस सम्बंध में थाना प्रभारी इन्हौना विवेक सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

## सीएचसी जगदीशपुर में शोपीस बना जनरेटर

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों को हाइटेक बनाने के संकल्प को सरकारी नुमाइंदों द्वारा ही पलीता लगाया जा रहा है और सरकारी अस्पतालों के जनरेटर शोपीस बनकर रह गये है जिसका खामियाजा मरीजों और तीमारदारों को भुगतना पड़ रहा है। विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत चिलौली निवासी कृष्ण कुमार गुप्ता की मानें तो वह अपनी पत्नी का उपचार एवं जांच कराने के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर गये थे। चिकित्सक ने सीटी स्कैन कराने की सलाह दी जब वह जांच कराने पहुंचे तो पता चला बिजली नही है और पूंछने पर कोई सही जबाब नही दे पाया और यह समस्या नियमित बनी रहती है। बताया जाता है कि दोपहर में बारह बजे से दो बजे तक बिजली आने का इंतजार करता रहा लेकिन बिजली के दर्शन नही हो सके जब तक बिजली आयेगी जांच होगी तब तक चिकित्सक ओपीडी से उठ जाते हैं। अब ऐसी दशा में मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अब सवाल यह उठता है कि अस्पताल में रखा जनरेटर आखिर क्यों नही चालू किया जाता है जबकि डीजल के नाम पर हजारों रुपया प्रति माह निकाला जाता है लेकिन स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के कानों पर जूं नही रेंग रही है जिससे अस्पताल के खेवनहारों के हौसले बुलंद है और सरकार के स्वास्थ्य मिशन को पलीता लगा रहे हैं। इस सम्बंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल कराई जायेगी मरीजों को बेहतर सुविधाएं प्रदान किया जाना हम सबका संकल्प है।

## पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना पीपरपुर पुलिस ने एक तमंचा व दो जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत बुधवार को थाना पीपरपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान जमील अली पुत्र शब्बीर अली निवासी ग्राम पीपरपुर लहना रोड थाना पीपरपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे एक से तमंचा, दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। इस सम्बंध में थाना पीपरपुर के प्रभारी निरीक्षक श्रीराम पाण्डेय ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## डूब रहे युवक को महिला ने किया अंदेखा, सीसीटीवी वायरल

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नमामि गंगे के कुंड में डूब रहे युवक को महिला ने एक बारगी देखा, लेकिन उसे तैरता समझकर अंदेखा कर दिया। लोगों का कहना है कि डूबता हुआ व्यक्ति गुहार नही लगा पाता इसके लिए डिजास्टर मैनेजमेंट की ट्रेनिंग प्रत्येक दशा में अनिवार्य कर देना चाहिए।यदि महिला को अंदेशा होता कि युवक कुंड में नहा नही बल्कि डूब रहा तो शायद उसकी जान बचाई जा सकती थी। युवक केएनआईटी संस्थान का चतुर्थ श्रेणी कर्मी था।हालांकि पूर्व की घटना से सबक लेते हुए सीताकुंड घाट पर पूर्व साइबर थाना प्रभारी आलोक सिंह बैरियर लगाकर ड्यूटी पर मुस्तैद थे।वह रंग लगाए किसी भी युवक को घाट पर जाने नही दे रहे थे।लेकिन सीताकुंड अंतर्गत नमामि गंगे के कुंड तक जाने के लिए विभाग के कर्मियों ने गेट खोला हुआ था।इस कुंड में सीढ़ी भी नही बनी है।जिस कारण यदि कोई जीव एक बार फिसल गया तो उसका कुंड से बाहर आना करीब करीब मुश्किल ही है।होली में विभागीय कर्मियों की लापरवाही के कारण अनहोनी का दाग लग गया।ज्ञात हो कि पीडब्ल्यूडी निवासी आयुष रावत (उम्र 25) कुंड में नहाने उतर गया था । वह कंठ तर किये था । जिस कारण वह कुंड में डूबने से जीवन लीला समाप्त हो गयी।

## रास्ता बंद करने से मना करने पर पीटा

कुड़वार/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । सार्वजनिक रास्ते को अवरुद्ध करने से मना करने पर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर जानलेवा हमला बोल दिया।मारपीट में दूसरे पक्ष के चार लोग घायल हुए जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र तिरछे गांव से जुड़ा है। जहां गुरुवार सुबह करीब आठ बजे पंकज दूबे पुत्र कामता नाथ दूबे ने पड़ोसी राम प्रसाद पुत्र शिव चरण को रास्ता अवरुद्ध करने से मना किया तो आरोप है कि राम प्रसाद व परिवारजनों ने लाठी,डंडा व कुल्हाड़ी लेकर पंकज दूबे पर जानलेवा हमला बोल दिया। जान बचाकर घर में भागे पंकज पर विपक्षियों ने कुल्हाड़ी से वार कर दिया।साथ ही बचाने दौड़ी पूनम,निर्मला को भी मारा पीटा।घायलावस्था में सभी थाने पहुंचे जहां से उन्हें इलाज के लिए सीएचसी भेज दिया। पीड़ित पंकज ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।पुलिस को तहरीर देकर वापस जा रहे विकास दूबे के पुत्र सौगात का आरोप है कि रास्ते में गंजेहड़ी गांव से पहले विपक्षी द्वारा उनकी बाइक पर धक्का देकर पुनः हमला किया गया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।थानाध्यक्ष तरुण पटेल ने बताया कि तहरीर प्राप्त कर जांच की जा रही है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

## पड़ोसी देश नेपाल में चुनाव को लेकर सीमा सील

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता । नेपाल राष्ट्र में प्रस्तावित निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं वयवस्थित रूप से संपन्न कराए जाने तथा भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर अवैध आवागमन/अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु एहतियातन आवश्यक है कि जनपद से सती भारत नेपाल सीमा को अस्थाई रूप से सील किए जाने हेतु जिलाधिकारी महेंद्रनगर, कंचनपुर नेपाल राष्ट्र के द्वारा अनुरोध किया गया है।तत्क्रम में जिला मजिस्ट्रेट पीलीभीत ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा नेपाल राष्ट्र में प्रस्तावित निर्वाचन अवधि के दौरान दिनांक 2 मार्च 2026 की रात्रि 12:00 बजे से 5 मार्च 2026 गुरुवार रात्रि 12:00 बजे तक भारत नेपाल सीमा की स्थित सभी अधिकृत एवं अनाधिकृत मार्गो/ पगडंडियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए सीमा सील करने हेतु पुलिस अधीक्षक, कमांडेंट शस्त्र सीमा बल 49वी वाहिनी ललौरीखेड़ा, उप जिलाधिकारी पूरनपुर/ कलीनगर, पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर एवं तहसीलदार पूरनपुर/कलीनगर को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# पूरनपुर से मां पूर्णागिरि को रवाना हुआ जत्था, गूंजे उदघोष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।बृहस्पतिवार को पूरनपुर से मां पूर्णागिरि दरबार के लिए मोहल्ला कायस्थान से 39वीं पैदल यात्रा का जत्था श्रद्धा और भक्ति के साथ रवाना हुआ यात्रा के प्रस्थान अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और आस्था देखने को मिली नगर में कई जगह जत्थे का स्वागत किया गया इस दौरान मां के उदघोष से पूरा नगर गुंजायन हो उठा नगर पालिका चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता ने सभी भक्तों को पटका पहनाकर रवाना किया होली के दूसरे दिन से मां पूर्णागिरी के दरबार जाने-आने का सिलसिला शुरू हो जाता है पूरनपुर क्षेत्र से हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु जाते हैं इस बार भी होली के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को नगर से पदयात्रियों का जत्था मां पूर्णागिरी के लिए रवाना हुआ यह जत्था नगर के कई मार्गों से होता हुआ निकला जगह जगह पर लोगों ने स्वागत किया जत्थे में शामिल भक्तों को नगर पालिका चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता ने पटका पहनाकर स्वागत सत्कार किया उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की पद यात्रा में सबसे आगे माता का झंडा और इसके पीछे सिंहासन रहा ढोल नगाड़े के साथ भक्त माता रानी के जयकारे लगाकर उनका गुणगान करते हुए आगे बढ़ रहे इस अवसर पर सभासद विकास गुप्ता 'राम', सभासद सूरज बाथम, अश्वनी कुमार प्रजापति 'रामू', सुमित कुशवाहा, दीपक गुप्ता, आलोक त्रिवेदी सहित अन्य कई सम्मानित भक्तगण व मोहल्लेवासी उपस्थित रहे है।



## जातिसूचक गालियां देकर युवक से मारपीट,पांच पर आरोप

सुलतानपुर। धनपतगंज थाना क्षेत्र के पीरोसरैया गांव में जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर युवक से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।पीड़ित ने पांच लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पीरोसरैया गांव निवासी आकाश कुमार पुत्र नाथूराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने पिता की दवा लेने देहली बाजार जा रहा था। रास्ते में संत कुमार सिंह के घर के सामने गांव के ही हरिगेंद्र सिंह, अंकित सिंह, प्रशांत सिंह, निशांत सिंह और अमित सिंह खड़े थे।आरोप है कि बिना किसी विवाद के सभी ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी और लात-घूंसों से मारपीट करने लगे।शोर सुनकर संत कुमार सिंह की पत्नी रामावती सिंह बीच-बचाव करने पहुंचीं तो आरोपियों ने उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि आरोपी शातिर प्रवृत्ति के हैं। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्री नर्मदेश्वर महादेव प्राण-प्रतिष्ठा सह रूद्रयाग महोत्सव का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुड़वार /सुलतानपुर। श्री नर्मदेश्वर महादेव प्राण-प्रतिष्ठा सह रूद्रयाग के पांच दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ आज ग्राम सभा केवटली के अयोध्या पुरम मे स्थित मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा के साथ विधिवत हुआ। पूरा क्षेत्र भक्ति, आस्था और सनातन परंपरा के रंग में सराबोर नजर आया।

कलश यात्रा के शुभारंभ से पूर्व मुख्य यजमान के साथ संदीप पांडे द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चन संपन्न की गई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा और उल्लास के साथ यात्रा में सहभागिता की। रथ पर विराजमान अनंत श्री विभूषित महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी परमानंद जी महाराज (श्री पंचायती महा निर्वाणी अखाड़ा) की पावन उपस्थिति ने आयोजन को दिव्य आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की। कलश यात्रा अयोध्या पुरम मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर गाजे-बाजे, डीजे और ॠहर-हर महादेवॠ के जयघोष के साथ आगे बढ़ी। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की सहभागिता से यह यात्रा ऐतिहासिक बन गई। श्रद्धालु रंग-गुलाल के साथ ऐसे उत्साह में डूबे नजर आए मानो स्वयं भोलेनाथ की होली साकार हो उठी हो। यात्रा गोमती नदी तट पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चन के उपरांत पवित्र जल भरकर श्रद्धालु पुनः अयोध्या पुरम मंदिर प्रांगण में लौटे। पूरे मार्ग में अनुशासन, उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। शाम 4 बजे से अयोध्या पुरम मंदिर प्रांगण में ही राम कथा का आयोजन भी होना है, जो आगामी तीन दिनों तक चलेगा। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इस अवसर पर समाजसेवी मनीष पांडे एवं बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। रामकृष्ण पांडे, राम शिरोमणि पांडे, ओम प्रकाश ओझा, महेंद्र दुबे, विनय ओझा, विजयानंद ओझा, विजय कुमार पांडे उर्फ बाबू फाइटर, रंजीत अग्रहरि, सूर्य नारायण तिवारी, प्रमोद पांडे, प्रद्युम्न पाल, बीडीसी राजकुमार यादव, योगेश तिवारी, टोटली प्रधान प्रतिनिधि अमरीश यादव, अर्जुन सिंह (ब्राहिमपुर) सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बल्दीराय क्षेत्र की पुलिस बल भी मुस्तैद रही। पूरे क्षेत्र में इस दिव्य आयोजन को लेकर उत्साह चरम पर है और श्रद्धालु निरंतर पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।



## सम्पादकीय

# जो देश 6जी की दौड़ में आगे दुनिया पर उसी का दबदबा

मार्च में बार्सीलोना में होने जा रही मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस में नए प्रोडक्ट-लॉन्चों और बड़ी-बड़ी बातों के बीच हर किसी के मन में एक ही सवाल होगा कि 6जी की दौड़ में दुनिया का नेतृत्व कौन करने जा रहा है? मोबाइल टेक्नोलॉजी की अगली पीढ़ी यह तय करेगी कि उस महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर पर किसका नियंत्रण होगा, जिस पर आधुनिक अर्थव्यवस्थाओं, सुरक्षा तंत्रों और लोकतांत्रिक सरकारों की निर्भरता बढ़ती जा रही है। 6जी के तकनीकी स्टैंडर्ड अभी से तय किए जाने लगे हैं। 2028 तक इसकी रूपरेखा बन सकती है और 2030 के आसपास इसे लागू कर दिया जाएगा। जो भी इस क्षेत्र में लीड करेगा, वही आने वाले दशकों तक आर्थिक और सामरिक वर्चस्व की स्थिति में रहेगा। वास्तव में 6जी की दौड़ 5जी की तुलना में ज्यादा पहले शुरू हो रही है- और कहीं अधिक गहराई तक जा रही है। 5जी को लेकर होने वाली राजनीति इस प्रश्न पर केंद्रित थी कि क्या हुआवेइ जैसे चीनी विक्रेताओं पर राष्ट्रीय नेटवर्क बनाने के लिए भरोसा किया जा सकता है। पश्चिमी सुरक्षा अधिकारियों के दबाव ने हुआवेइ को स्वयं में बदलाव लाने के लिए बाध्य किया। प्रमुख पश्चिमी बाजारों से कट जाने के बाद उसने अपनी आपूर्ति शृंखलाओं का पुनर्गठन किया, घरेलू इनोवेशन को बढ़ाया और राज्यसत्ता के समर्थन से चीनी सरकार के सामरिक उद्देश्यों के अधिक अनुरूप होकर उभरी। लेकिन 6जी को लेकर संघर्ष सप्लायर्स का नहीं, तकनीकी ब्लूप्रिंट का है। 6जी सेल्युलर टेक्नोलॉजी से अपेक्षा है कि वे एआई और एडवांस्ड कम्प्यूटिंग को सीधे नेटवर्क संरचना में जोड़ेंगी, जिससे बड़े पैमाने पर ऑटोमेशन संभव होगा। लेकिन जब अरबों डिवाइसेस आपस में जुड़ी होंगी और नेटवर्क खुद ही सेंसर और एआई लेयर के रूप में काम करेगा, तो डिजाइन में मौजूद किसी भी तरह की कमजोरी के व्यापक परिणाम भी हो सकते हैं। डिजिटल सम्प्रभुता बुनियादी ढांचे पर निर्भर है। अगले दशक में निर्मित होने वाले नेटवर्क उसी डेटा को कैरी करेंगे, जिनसे अस्पताल, बिजली ग्रिड, सैन्य प्रणालियां और चुनाव प्रणालियां संचालित होती हैं। वर्तमान में इस दौड़ में तीन ताकतें अग्रणी हैं। एक है चीन, जिसके पास भरपूर सामर्थ्य है। दुनिया के 6जी-संबंधी पेटेंट आवेदनों का 40ः से अधिक हिस्सा उसके पास है और उसकी सरकार ने रिसर्च को बढ़ाने के लिए पूरी क्षमता झोंक रखी है। 5जी को लेकर हुए टकराव से कमजोर होने के बजाय और मजबूत होकर उभरी हुआवेइ इसके केंद्र में है। राज्यसत्ता की पूरी शह के चलते वह इस स्थिति में है कि समानांतर प्रणालियां भी संचालित कर सकती है। चीन ने अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण के संस्थानों में भी भारी निवेश किया है और बुनियादी ढांचा सम्बंधी कूटनीति के जरिए वह ग्लोबल साउथ के देशों को साधने का प्रयास कर रहा है। अमेरिका 6जी को एक अलग पोजिशन से देखता है। उसकी टेक कम्पनियां कनेक्टिविटी से उत्पन्न वैल्यू का बड़ा हिस्सा अर्जित करती हैं, भले ही वे रेडियो नेटवर्क का निर्माण न करती हों। फिर भी, अमेरिका मुख्य हार्डवेयर के लिए गैर-अमेरिकी विक्रेताओं- विशेष रूप से एरिकसन और नोकिया पर निर्भर बना हुआ है। ओपन रेडियो एक्सेस नेटवर्क के जरिए बाजार को नया आकार देने के प्रयासों का अब तक कोई खास असर नहीं पड़ा है, हालांकि 6जी के निकट आने के साथ ऐसी कोशिशों के पुनः उभरने की संभावना है। इस बीच, अमेरिका कनेक्टिविटी पर अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाओं- जिनमें सैटेलाइट और सॉफ्टवेयर-आधारित प्रणालियां शामिल हैं- को भी प्रोत्साहित कर सकता है। क्लाउड और एआई सेवाओं में पहले ही अमेरिकी प्रभुत्व स्थापित है।

# पाकिस्तान, तुर्की और ईरान में चरमपंथ की उत्पत्ति और परिणाम

ईरान, इज़राइल, संयुक्त राज्य अमेरिका, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के वर्तमान अशांति के अंतर्निहित कारणों और संभावित परिणामों की पूरी तरह से जांच और विश्लेषण आवश्यक है। मध्य पूर्व में इस्लामी देशों पर खमेनीई की हत्या और ईरान के हमले के प्रकाश में आतंकवाद, कट्टरपंथ और चरमपंथ को समझना महत्वपूर्ण है। जब किसी देश में अत्यधिक मजहबी चरमपंथ और ताकतवर बनने और दूसरों का दुरुपयोग करने की लालची और स्वार्थी इच्छा जागृत होती है, तो यह दुनिया को यह विचारधारा खतरे में डालती है। इसी वजह सें, लाखों लोगों की मृत्यु हो गई, प्राकृतिक संसाधनों का शोषण किया गया, आतंकवाद, नक्सलवाद, और युद्धों ने कई अर्थव्यवस्थाओं, समाजों और पर्यावरण को तबाह कर दिया। भविष्य में बढ़ने से रोकने के लिए, हमें अंतर्निहित कारण की पहचान करनी चाहिए और उचित कार्रवाई करनी चाहिए।

ईरान, पाकिस्तान और तुर्की द्वारा चरमपंथी धार्मिक कल्पनाएं दुनिया भर में उथल-पुथल का मुख्य कारण हैं। ये तीन देश युवा लोगों, आतंकवाद और विरोधी मान्यवादी लक्ष्यों के साथ हानिकारक विचारधाराओं को लागू करने के लिए अन्य देशों और धर्मों को खत्म करने के प्रयासों के बीच चरम इस्लाम के प्रसार के लिए ज़िम्मेदार हैं। यहां तक कि यदि ईरान, पाकिस्तान और तुर्की कई विषयों पर असहमत हैं लेकिन वे गैर-इस्लामी देशों में शरिया, उम्मा और इस्लामी चरमपंथ को लागू करने की अपनी इच्छा के बारे में बहुत स्पष्ट हैं। इस उद्देश्य के लिए वे आवश्यकतानुसार चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के साथ सहयोग करते हैं। ये देश सीरिया, इराक, यमन, रूस, इज़राइल, भारत, चीन, कई यूरोपीय राष्ट्रों और संयुक्त राज्य अमेरिका में आतंकवाद के लिए ज़िम्मेदार हैं। लाखों निर्दोष लोगों को आतंकवादी समूहों द्वारा आतंकवादी समूहों, जैश-ए-मोहम्मद, अलकायदा, लश्कर-ए-ताइबा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और कई आतंकवादी संगठन समय के साथ उभरे। लाखों लोग, महिलाएं और बच्चे इनकी बर्बरता का निशाना बने। आतंकवादी हिंसा के अधिकांश पीड़ित सामान्य नागरिक हैं। यह उन्हें अपने दैनिक अस्तित्व के बीच में पाता है, एक ऐसी जगह पर जहां किसी को भी अपनी सुरक्षा के लिए अनावश्यक तरीके सें सचेत नहीं होना चाहिए, किसी भी समय, कहीं भी। आतंकवादी और उनके आकाओं द्वारा निरंतर भेद्यता की एक असहनीय भावना सामने आई है। शांति कुछ दिनों, हफ्तों या यहां तक कि लंबे समय तक युद्ध की तरह दिखाई दे सकती है। अंतरराज्यीय हिंसा में कमी के तार्किक परिणाम के रूप में, लोकतांत्रिक दुनिया के लोगों को आतंकवादी हमलों से अधिक आघात होता है क्योंकि उन्हें अंतःस्थापित संस्कृति विरासत में मिली है। हालांकि, लोकतंत्र स्वतंत्रता और मानवाधिकारों पर स्थापित एक नरम राजनीतिक व्यवस्था है, वे भी अधिक शक्तिहीन हैं। पाकिस्तान, ईरान और तुर्की ने कश्मीर घाटी में युवाओं को कट्टरपंथी बनाकर हजारों नागरिकों, पुलिस और सैन्य कर्मियों की हत्या की। कई कश्मीरी हिंदुओं की हत्या कर दी गई, यौन उत्पीड़न, दुर्व्यवहार किया गया, इस्लाम में परिवर्तित किया गया और अकेले 1990 में अपने घरों और संपत्तियों से भागने के लिए मजबूर किया, जो उनके जीवन की सबसे बड़ी त्रासदी बनी। मानवीय अंतरराष्ट्रीय नेताओं को इन कट्टरपंथी, चरमपंथी और आतंकवादी निर्माण राष्ट्रों को एक सबक सिखाया जाना चाहिए। नीचे दी गई रिपोर्ट यह दर्शाती है कि इन कट्टरपंथियों ने नरसंहार और युद्धों के अलावा मानवता के लिए खतरा पैदा किया। इन्होंने दुनिया भर में आतंकवाद फैलाया, इस्लामी देशों में भी जहां हजारों मुस्लिम मारे गए हैं। यह आंकड़ा मुख्य रूप से हिंसा और युद्ध पीड़ितों की बजाय आतंकवादी हमलों की चिंता करता है, भले ही संख्या विभिन्न कारणों से वास्तविक संख्याओं से कम है। डोमिनिक रेनी (निदेशक), फाउंडेशन फॉर द इनोवेशन ऑफ पॉलिटिकल, अक्टूबर 2024 की रिपोर्ट द▶▶1979-2024ः विश्व में इस्लामी आतंकवादी हमले के अनुसार, 1979 और अप्रैल 2024 के बीच, विश्वभर में 66,872 इस्लामी हमले दर्ज किए। इन हमलों में कम से कम 249,941 लोगों की मौत हुई। इस्लामी आतंकवादियों का मुख्य निशाना सेना (34%) है, जो नागरिकों (27.7%) और पुलिस बलों (15.3%) से आगे है। ▶▶1979-2000ः सेना (343 हमले, 15.6%), नागरिक (530 हमले, 24.1%), पुलिस बल (408 हमले, 18.6%)। ▶▶2001-2012ः सेना (1,410 हमले, 17.1%), नागरिक (2,506 हमले, 30.3%), पुलिस बल (1,424 हमले, 17.2%)। ▶▶2013-अप्रैल 2024ः सेना (20,556 हमले, 37.2%), नागरिक (15,111 हमले, 27.4%), पुलिस बल (8,217 हमले, 14.9%)। यह ध्यान देने योग्य है कि ये आंकड़े वास्तविकता को कम करके आंकते हैं क्योंकि इनमें उन इस्लामी आतंकवादी हमलों को शामिल नहीं किया गया है जो गैर-मुस्लिम बहुसंख्यक देशों में हुए हैं जहां मुस्लिम आबादी कुछ प्रांतों में केंद्रित है। उदाहरण के लिए, दक्षिणी थाईलैंड में, जहां सतून, याला, पट्टानी और नाराथिवत प्रांतों में मुस्लिम बहुसंख्यक हैं, फिलीपींस में मिंडानाओ क्षेत्र में, भारत में जम्मू और कश्मीर प्रांत में, और चीन में उइघुर स्वायत्त क्षेत्र शिनजियांग में भी यही स्थिति है। 1990 के दशक के मध्य से दृश्यता का दायरा अभूतपूर्व हो गया। डिजिटल सार्वजनिक क्षेत्र के कारण आतंकवादी कृत्यों का प्रभाव दस गुना बढ़ गया। वेब के निरंतर समाचार फीड के साथ एकीकरण ने इस्लामी हिंसा के दुष्परिणामों को और भी गंभीर बना दिया। 1996 में शुरू हुआ अलजज़ीरा कतर का एक चैनल है जो लगभग 30 देशों में प्रसारित होता है और कुछ भाषाओं में सूचनात्मक वेबसाइटें बनाता है जो दुनिया भर के अधिकांश लोगों के लिए सुलभ हैं। इनमें से सबसे छोटे आतंकवादी संगठन भी संगठित होने, भर्ती करने, संवाद करने और दुष्प्रचार फैलाने के लिए सोशल मीडिया और अन्य सुरक्षित संदेश भेजने वाले ऐप्स का उपयोग कर सकते हैं। स्मार्टफोन इस श्रृंखला के अंत में स्थित व्यक्ति तक पहुंचता है, जिससे उन्हें सभी नेटवर्क तक पहुंच और इन शक्तिशाली उपकरणों पर महारत हासिल करने की क्षमता मिलती है। पारंपरिक मीडिया - एजेंसियां, टेलीविजन, रेडियो और प्रेस - हमेशा हमलों को कवर करते हैं, लेकिन वे अब सूचना के प्राथमिक स्रोत नहीं रहे। उत्पादन संबंधी जानकारी पूरी तरह से सार्वभौमिक सार्वजनिक मंच पर वितरित की जाती है। आज की जनसमूह पर अनेक मीडिया माध्यमों का प्रभाव है और वेब तथा स्मार्टफ़ोन की बदौलत एक समाचार एजेंसी की ताकत है जिसके पास 28 लाख संवाददाता हैं। व्यक्तिगत मीडिया के इस युग में इस्लामी आतंकवाद फल-फूल रहा है। तस्वीरों की शक्ति, नेटवर्क की व्यापकता और एल्गोरिदम के हेरफ़ेर के कारण कोई भी हमला मिनटों में पूरी दुनिया में फैल सकता है। पाकिस्तान, तुर्की और ईरान का नेतृत्व और अमानवीय विचारधाराएँ स्पष्ट रूप से उग्रवाद, आतंकवाद और कट्टरपंथ का संकेत देती हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, रूस और कुछ यूरोपीय देशों को यह समझना चाहिए कि स्वार्थपूर्ण, अल्पकालिक लक्ष्यों के लिए अमानवीय कट्टरपंथियों को वित्त पोषण करना उन्हें सबसे घातक आपदा के जाल में फंसा देगा। इन देशों को अलग-थलग करना और वैश्विक शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए निर्णायक कार्रवाई करना एक बड़ी मानवीय उपलब्धि होगी। **-डॉ. पंकज जगन्नाथ**

**ईरान, पाकिस्तान और तुर्की द्वारा चरमपंथी धार्मिक कल्पनाएं दुनिया भर में उथल-पुथल का मुख्य कारण हैं। ये तीन देश युवा लोगों, आतंकवाद और विरोधी मान्यवादी लक्ष्यों के साथ हानिकारक विचारधाराओं को लागू करने के लिए अन्य देशों और धर्मों को खत्म करने के प्रयासों के बीच चरम इस्लाम के प्रसार के लिए ज़िम्मेदार हैं। यहां तक कि यदि ईरान, पाकिस्तान और तुर्की कई विषयों पर असहमत हैं लेकिन वे गैर-इस्लामी देशों में शरिया, उम्मा और इस्लामी चरमपंथ को लागू करने की अपनी इच्छा के बारे में बहुत स्पष्ट हैं। इस उद्देश्य के लिए वे आवश्यकतानुसार चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के साथ सहयोग करते हैं। ये देश सीरिया, इराक, यमन, रूस, इज़राइल, भारत, चीन, कई यूरोपीय राष्ट्रों और संयुक्त राज्य अमेरिका में आतंकवाद के लिए ज़िम्मेदार हैं। लाखों निर्दोष लोगों को आतंकवादी समूहों द्वारा आतंकवादी समूहों, जैश-ए-मोहम्मद, अलकायदा, लश्कर-ए-ताइबा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और कई आतंकवादी संगठन समय के साथ उभरे। लाखों लोग, महिलाएं और बच्चे इनकी बर्बरता का निशाना बने। आतंकवादी हिंसा के अधिकांश पीड़ित सामान्य नागरिक हैं। यह उन्हें अपने दैनिक अस्तित्व के बीच में पाता है, एक ऐसी जगह पर जहां किसी को भी अपनी सुरक्षा के लिए अनावश्यक तरीके सें सचेत नहीं होना चाहिए, किसी भी समय, कहीं भी। आतंकवादी और उनके आकाओं द्वारा निरंतर भेद्यता की एक असहनीय भावना सामने आई है। शांति कुछ दिनों, हफ्तों या यहां तक कि लंबे समय तक युद्ध की तरह दिखाई दे सकती है। अंतरराज्यीय हिंसा में कमी के तार्किक परिणाम के रूप में, लोकतांत्रिक दुनिया के लोगों को आतंकवादी हमलों से अधिक आघात होता है क्योंकि उन्हें अंतःस्थापित संस्कृति विरासत में मिली है। हालांकि, लोकतंत्र स्वतंत्रता और मानवाधिकारों पर स्थापित एक नरम राजनीतिक व्यवस्था है, वे भी अधिक शक्तिहीन हैं।**

# अखिलेश की तंज वाली भाषा से सपा को हो रहा है बड़ा नुकसान

**संजय सक्सेना**

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को राजनीति कें आये करीब 14-15 वर्ष का समय बीता चुका है। 2012 में समाजवादी पार्टी की जीत के बाद तत्कालीन सपा सुप्रीमों मुलायम सिंह यादव ने अपनी जगह अपने बेटे अखिलेश को सीएम की कुर्सी पर बैठाकर अपनी राजनैतिक विरासत अखिलेश को सौंप दी थी। अखिलेश युवा और पढ़े लिखे थे। इसलिये उम्मीद की जाने लगी कि प्रदेश प्रगति के रास्ते पर आगे जायेगा,लेकिन ऐसा हुआ नहीं।अखिलेश भी हिन्दू मुस्लिम करने लगे।परिणाम यह हुआ की वह 2017 में सत्ता से बाहर हो गये। इसके बाद से अखिलेश लगातार अपनी प्रासंगिकता खोते जा रहे हैं। राजनीतिक गंभीरता उनके पास से चली गई है। अब उनकी सियासत तंज कसने तक सीमित रह गई है। खासकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ऊपर अक्सर अखिलेश तंज कसते रहते हैं। इससे योगी की छवि तो नहीं प्रभावित होती है,लेकिन अखिलेश की बातों में हल्कापन सबको दिखाई देता है। यही वजह है जनता उनको बार-बार ठुकराता जा रही है। बहरहाल, अखिलेश की तंज वाली शैली काफी पुरानी और उनके लिये नुकसानदायक साबित हो रही है।वह अक्सर सीएम योगी से लेकर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य सहित कई नेताओं पर कसते रहते हैं। समाजवादी पार्टी के युवा चेहरा अखिलेश यादव ने 2012 में जब मुख्यमंत्री का पद संभाला तो पूरे प्रदेश में नई उम्मीद जगी। मुलायम सिंह यादव ने बेटे को सत्ता सौंपी तो लगा कि पढ़े-लिखे और आधुनिक सोच वाले नेता प्रगति लाएंगे। लैपटॉप बांटना, सड़कें बनवाना जैसी योजनाओं ने शुरुआत में तारीफ बटोरी। लेकिन जल्द ही आलोचनाएं शुरू हो गईं। गुंडाराज के आरोप लगे और हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरण ने उनकी छवि खराब की। 2017 में भाजपा की भारी जीत ने उन्हें सत्ता से बाहर कर दिया। सत्ता से बाहर होने के बाद अखिलेश यादव ने आलोचना का सहारा लिया। योगी आदित्यनाथ पर तंज कसना उनकी रणनीति बन गया। कभी बुलडोजर पर चुटकी तो कभी विकास के दावों पर सवाल। इससे उनकी गंभीरता कम हुई और जनता ने उन्हें हल्का समझा। लोकसभा चुनावों में कुछ सफलता मिली लेकिन विधानसभा स्तर पर असफलता बरकरार रही। अखिलेश योगी पर सबसे ज्यादा निशाना साधते हैं। बुलडोजर कार्रवाई को वे गरीबों पर अत्याचार बताते हुए कहते हैं कि यह विकास नहीं तोड़फोड़ है। एक बार उन्होंने कहा था कि योगी तो मठों में रहते हैं, सड़कों पर नहीं दिखते। ऐसे तंजों से योगी की लोकप्रियता पर असर नहीं पड़ा बल्कि अखिलेश की फजीहत हुई। योगी ने जवाब में कहा कि तंज कसने से सत्ता नहीं मिलती, काम से मिलती है। ये तीर उल्टे पड़ रहे हैं। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को अखिलेश चपरासी कहकर तंज कस चुके हैं। विधानसभा में उन्होंने पाठक को निशाना बनाते हुए कहा कि वे मुख्यमंत्री के गुलाम बने घूमते हैं। पाठक की चिकित्सा उपलब्धियों पर सवाल उठाते हुए अखिलेश बोले कि वे डॉक्टर हैं या राजनीतिक डॉक्टर। ऐसे व्यक्तिगत हमलों ने अखिलेश को छोटा बनाया। पाठक ने जवाब दिया कि सपा वाले खुद की हार भूल चुके हैं। ये तंज विपक्ष की एकजुटता तोड़ रहे हैं।इसी तरह से उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या पर अखिलेश अक्सर चुटकी लेते हैं। चाय बेचने वाले पृष्ठभूमि को तंज का विषय बनाते हैं। एक रैली में बोले कि केशव चाय की दुकान से सीधे उपमुख्यमंत्री बन गए, लेकिन प्रदेश का विकास कहां हुआ। मौर्या ने पलटवार किया कि अखिलेश राजघराने के चाटुकार हैं। ऐसे व्यंग्य से पिछड़े वर्ग नाराज हो रहा है। अखिलेश की ये शैली वोट खो रही है। अखिलेश ने भाजपा के अन्य नेताओं पर भी तंज कसे। स्वतंत्र देव सिंह को चमचा ठहराया तो सुरेश राणा पर जातिवादी बयानों का तंज। केंद्र की नीतियों पर मोदी सरकार को घेरते हुए वे कहते हैं कि यूपी सिर्फ चुनावी मैदान है। लेकिन ये सब बिखरे हमले हैं। गठबंधन के दौर में भी कांग्रेस नेताओं पर हल्के तंज कसे। इससे उनकी विश्वसनीयता घटी। अखिलेश की ये शैली सोशल मीडिया के दौर में वायरल तो होती है लेकिन गहरा असर नहीं डालती। युवा वोटर हंसते हैं लेकिन वोट नहीं देते। विश्लेषकों का मानना है कि तंज कसना आसान है लेकिन मुद्दों पर बहस चुनौतीपूर्ण। सपा के भीतर भी ये शैली पसंद नहीं आ रही। चाचा शिवपाल जैसे पुराने नेता असहज हैं। बहरहाल, जनता अब अखिलेश के तंजों से ऊब चुकी है। 2022 विधानसभा चुनाव में सपा की हार ने साबित किया कि व्यंग्य से सत्ता नहीं लौटती। 2024 लोकसभा में कुछ सीटें मिलीं लेकिन प्रदेश स्तर पर कमजोरी बरकरार। ग्रामीण इलाकों में योगी की तुलना में अखिलेश हल्के लगते हैं। सर्वे बताते हैं कि युवा विकास चाहते हैं, तंज नहीं।सपा कार्यकर्ता निराश हैं। अखिलेश के तंजों से भाजपा मजबूत हो रही है। स्वयंवर सिंह जैसे नेता पार्टी छोड़ चुके। नई पीढ़ी वाले नेता मुद्दों पर फोकस चाहते हैं। तंजों ने सपा को हास्य का विषय बना दिया। गंभीर विपक्ष की कमी अब भाजपा के लिए फायदेमंद है।

## सेहत मंत्र

# बच्चों में कान के संक्रमण को न करें नज़रअंदाज़

छोटे बच्चे अक्सर कान में दर्द से परेशान रहते हैं, जिसके कारण वह रात को ठीक से सो नहीं पाते हैं और कान खींचकर रोते रहते हैं। कई बार माएं समझ नहीं पाती कि बच्चा ऐसा क्यों कर रहा है। ऐसे में शिशु के कान की जांच करनी चाहिए, क्योंकि अक्सर छोटे बच्चों में कान का संक्रमण अधिक होता है। यदि समय रहते इसका उपचार न किया जाए तो आगे चलकर परेशानी बढ़ सकती हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, मौसम बदलने के कारण जिन बच्चों को ज़्यादा दिनों तक सर्दी-ज़ुकाम रहता है, उनकी नाक के पिछले हिस्से से कान तक आने वाली यूस्टेकियन ट्यूब ठीक से कान नहीं कर पाती जिसकी वजह से कान में संक्रमण या सूजन की समस्या हो सकती है। बच्चों में यह ट्यूब बहुत छोटी होती है जिसकी वजह से उन्हें कान में अधिक दर्द होता है। यदि संक्रमण का समय रहते इलाज न किया जाए तो कान में दबाव बढ़कर पर्दे में छेद हो सकता है।

संक्रमण के लक्षणः हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, जब बच्चे को कान का संक्रमण होता है तो वह हमेशा चिड़चिड़ा हो जाता है और रोता रहता है। संक्रमण आमतौर पर 6 से 18 महीने के बच्चों में ज़्यादा देखा गया है, वैसे यह किसी भी उम्र के बच्चे में हो सकता है, लेकिन चूकि शिशु बोल नहीं पाते, इसलिए उनमें कान के संक्रमण के लक्षणों की पहचान के लिए बहुत सतर्क रहने की ज़रूरत है। निम्न लक्षण दिखने पर बच्चे के कान की जांच करें यदि वह बार-बार कान खींचता है। आमतौर पर दर्द की वजह से वह ऐसा करते हैं। बहुत अधिक रोता रहे। ठीक से सो नहीं पाता है। कान से तरल पदार्थ निकल रहा हो। बच्चे को ठीक से सुनाई न दें। सर्दी के बाद कान में दर्द होना।

कान में संक्रमण के प्रकार

चाइल्ट स्पेशलिस्ट के अनुसार, कान में संक्रमण कई तरह के हो सकते हैः कान एक्यूट ओटाइटिस मीडिया, यह संक्रमण ज़्यादा गंभीर नहीं होता है और तीन हफ्ते से कम समय में ठीक हो जाता है।

क्रॉनिक ओटाइटिस मीडिया


इसमें कान से तरल पादर्थ निकलता है और इस संक्रमण को ठीक होने में 6 हफ्ते से ज्यादा का समय लग सकता है।

## धर्म मंत्र

# 'स्वाहा' बोले बिना नहीं मिलता है यज्ञ का फल

भारत शुरू से ही ऋषि-मुनियों का देश रहा है। यहां होने वाले धार्मिक क्रियाकलाप का आयोजन ऋषि परंपरा की ही देन है। पहले के समय में तमाम ऋषि -धर्मात्मा यज्ञ, हवन जैसे धार्मिक अनुष्ठान के द्वारा मानवता के कल्याण के उपाय करते ही रहते थे। आज भी हम अपने घर में जब भी कोई शुभ कार्य होता है, तो यज्ञ- हवन जरूर कराते हैं। कहते हैं कि कोई भी पूजा-पाठ बिना हवन के संपन्न नहीं होता है। वहीं जब भी आप अपने घर में या कहीं भी हवन होते हुए देखते होंगे तो आपने एक बात पर गौर जरूर किया होगा कि हवन कुंड में हवन सामग्री डालने के बाद 'स्वाहा' शब्द बोलना अनिवार्य बताया जाता है। अगर आपको लगता है कि पंडित जी यूं ही 'स्वाहा' बोलने को कह रहे हैं, तो हम आपकी जानकारी के लिए बता दें, कि किसी भी यज्ञ में अगर 'स्वाहा' बोले बगैर यज्ञ सामग्री डाली जाती है तो वह यज्ञ सामग्री देवताओं को प्राप्त नहीं होती है। और हमारा यज्ञ अधूरा रह जाता है। हमारे धार्मिक ग्रंथों में 'स्वाहा' को लेकर तमाम तरह की किवदंती प्रचलित हैं। ऐसी ही एक कथा के अनुसार कहा जाता है कि 'स्वाहा' राजा दक्ष की पुत्री थीं, जिनका विवाह अग्निदेव के साथ संपन्न कराया गया था। इसीलिए अग्नि में जब भी कोई चीज समर्पित करते हैं, तो बिना स्वाहा का नाम लिए जब वह चीज समर्पित की जाती है, तो अग्निदेव उसे स्वीकार नहीं करते हैं। ऐसे ही एक और कथा प्रचलित है, जिसमें कहा जाता है कि प्रकृति की एक कला के रूप में स्वाहा का जन्म हुआ था, और स्वाहा को भगवान कृष्ण से यह आशीर्वाद प्राप्त था कि देवताओं को ग्रहण करने वाली कोई भी सामग्री बिना स्वाहा को समर्पित किए देवताओं तक नहीं पहुंच पाएगी। यही वजह है कि जब भी हम अग्नि में कोई खाद्य वस्तु या पूजन की सामग्री समर्पित करते हैं, तो 'स्वाहा' का उच्चारण करना अनिवार्य होता है।

## पर्यटन



# नदी पर बनाया जाता है बर्फ का होटल दूर-दूर से ठहरने आते हैं पर्यटक!

दुनियाभर में कई तरह के घुमक्कड़ होते हैं जो तरह-तरह की जगह जाना पसंद करते हैं। इनमें से कुछ ऐसे भी होते हैं जिन्हें अजीबो-गरीब होटल देखना या वहां ठहरना भी पसंद होता है। अगर आप भी कुछ ऐसा ही शौक रखते हैं तो आज हम आपको एक ऐसे ही अजीबो-गरीब होटल के बारे में बताने जा रहे हैं जो पूरी दुनिया में अपनी खासियत के लिए मशूहर है। कुछ अलग दिखने की सूची में स्वीडन में मौजूद आइस होटल शमिल है। ये अपने हटके प्रस्तुति के कारण पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। काफी पुराना होने के बावजूद भी ये होटल अपने कलाकारी के लिए लोगों के बीच आकर्षित है। यहां हर साल कलाकार अलग-अलग कलाकारियां करते हैं। स्वीडन के टॉर्न नदी के ऊपर आइस होटल बना हुआ है। ये होटल पूरी तरह से बर्फ का बना हुआ होता है। इसकी खासियत है कि ये पिघलकर नदी का रूप ले लेता है। तय समय तक ये आइस होटल रहता है और फिर हर साल इसे बनाया जाता है। हर साल ये अलग-अलग आकर और कलाकारियों के साथ बनाया जाता है। जिसे देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। यहां ठहरने के लिए पर्यटकों को 1 साल पहले ही बुकिंग करनी होती है। जब तक मौसम ठंडा और बर्फदार रहता है तब तक ये होटल अपने ठोस आकार में नदी पर मौजूद रहता है। वहीं, तापमान गर्म होने पर ये पिघलकर पानी में बदल जाता है। इसे हर साल नए-नए डिजाइन में बनाया जाता है। यहां आकार दुनियाभर के कलाकार अपनी कलाकारियां दिखाते हैं। सोलर पॉवर कूलिंग की मदद से होटल के कमरों को बनाया जाता है। यहां ज्यादातर लाइट्स या अन्य उपकरणों को सौर ऊर्ज़ा से ही चलाया जाता है। ये होटल इकोफ्रेंडली होने के कारण लोगों के लिए पहली पसंद में से एक है। यहां के कमरों का तापमान काफी कम होता है। बर्फ की मोटी-मोटी परत को काटकर कमरा बनाया जाता है। गर्मी आने तक ये होटल बर्फ के तौर पर रहता है और फिर अप्रैल के बाद पिघलना शुरु हो जाता है।

# रंगो उत्सव पर खुब बरसा रंग खूब भीगी चुनरवाली

## गिले शिकवे भुला मिले दिल, मंदिर में हुई पूजा अर्चना







**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। जिलेभर में होली का त्योहार बुधवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रातः काल से फिल्मी गानों की धुन पर थिरकते युवा अबीर-गुलाल उड़ते सड़कों पर झूम रहे थे। रंग बरसे भीगे चुनरवाली गीत पर नाचत गाते युवा रंग बिरंगाना से शराब और थे जिन्हें पहचानना मुश्किल हो रहा था।यह नजारा देख हर कोई होली के रंग में रंग गया और जमकर होली खेली और रंग बरसाया।

होली के त्योहार में लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिला। एक सप्ताह पहले ही लोगों ने होली की तैयारियां शुरू कर दी थीं। सोमवार/ मंगलवार की रात होलिका दहन होने के बाद बुधवार को दिन भर रंगों का दौर चलता रहा। सुबह से ही लोग मित्रों, रिश्तेदारों के यहां पहुंच गए और एक दूसरे को रंग लगाकर होली का उल्लास मनाया। बड़े-बुजुर्गों को अबीर गुलाल लगाकर उनका आशीर्वाद लिया। बच्चों ने अपने हम उम्र साथियों के साथ पिचकारियों व अन्य माध्यमों से होली के त्योहार का लुत्फ उठाया। दिन भर यही दौर चलता रहा। लोगों का एक दूसरे के घर आना-जाना लगा रहा। होली का उल्लास इतना था कि गांव की सूनी पड़ी गलियों से जो भी निकला वह पूरी तरह होली के रंगों में रंगा हुआ नजर आया।

दोपहर बाद होली मिलन का कार्यक्रम शुरू हुआ और हिन्दू - मुस्लिम सभी एक दूसरे से गले मिलकर होली की बधाई दी। होली मिलन का कार्यक्रम देर रात्रि चलता रहा

''निंदूरा'' ! बाराबंकी और सीतापुर जनपद की सीमा पर स्थित पौराणिक धन्नाग तीर्थ, जहां से कल्याणी नदी का उद्गम माना जाता है, के पावन तट पर होली के शुभ अवसर पर फूलों की होली का भव्य आयोजन किया गया। चार मार्च को धन्नाग तीर्थ विकास एवं जनकल्याण समिति के अध्यक्ष राम लखन शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में फूलों से होली खेली गई।

कार्यक्रम में हजारीलाल पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री कॉलेज के संयोजक व समाजसेवी रामलाल यादव को पुष्पों से तौलकर सम्मानित किया गया तथा अंगवस्त्र और पुष्प भेंट कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की सराहना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बुद्ध की प्रतिमा, धन्नाग तीर्थ तथा कल्याणी नदी की पूजा-अर्चना के साथ हुआ।

''मसौली''! होली के अवसर पर प्रशासन की चौकसी रही

होली एव शबे बरात के साथ साथ को लेकर पुलिस प्रशासन काफी सक्रिय रहा क्षेत्राधिकारी गरिमा पंथ से लेकर प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी तक होलिका दहन से लेकर होली मिलन तक गस्त पर रहे। क्षेत्राधिकारी ने जहाँ भारी पुलिस बल के साथ संवेदनशील क्षेत्रो में भृमण किया वही प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी, अतरिक्त निरीक्षक सनत मिश्रा चौकी प्रभारी सहादतगंज संतोष त्रिपाठी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली, अभय गुप्ता, राजकरन सिंह, राम नायक सिंह, राशिद खान , रमेश्चंद्र, राकेश यादव ने क्षेत्र में भृमण कर लोगो को होली की बधाई दी।

''सिद्धौर ''स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र में होली पर्व हर्षोल्लास पूर्वक खुशनुमा माहौल में मनाया गया।

नगर पंचायत सिद्धौर के श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से डीजे बाजे के साथ होली का जुलूस निकाला गया। डीजे बाजे पर बजते गीतों की धुन पर नाचते ,थिरकते और अमीर गुलाल उड़ाते हुए लोगों ने एक दूसरे के गले मिल होली की शुभकामनाएं दी। पर्व को लेकर लोगों में खाशा उत्साह दिखा।वहीं शांति,सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।नायब तहसीलदार सौरभ सिंह, कानून गो रामनिवास दिवाकर,बांकेलाल,थाना प्रभारी आलोक मणि त्रिपाठी,सिद्धौर चौकी प्रभारी राम प्रकाश मिश्रा, दीवान अंजनी तिवारी, अरुण जायसवाल,समेत भारी संख्या में पुलिस बल, राजस्व के नगर लेखपाल अभिषेक वर्मा, कुलदीप वर्मा, विमलेन्द्र प्रताप वर्मा,नीरज पांडे,व नगर के चेयरमैन प्रतिनिधि प्रतिनिधि लल्लू रावत,दिप्तांशू निगम,अभिषेक यादव,समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

''सिरौलीगौसपुर'' बदोसराय कोतवाली परिसर में पुलिसकर्मियों ने होली का त्योहार मनाया। सुरक्षा ड्यूटी में तैनात रहने के बाद सभी पुलिसकर्मियों ने एक साथ रंगों का लुत्फ उठाया।कोतवाल अजित कुमार विद्यार्थी सहित सभी पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उप निरीक्षक विश्वनाथ सिंह, लक्ष्मीकांत तिवारी, शालिक राय, आशीष सिंह और रवि कुमार समेत सभी जवानों ने अबीर-गुलाल लगाकर और पुष्प वर्षा कर होली खेली।होली के त्योहार पर शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी लगातार दो दिन से विभिन्न स्थानों पर तैनात थे। उनकी थकान दूर करने और उनमें फिर से उत्साह भरने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया।

''फतेहपुर'' ! प्रसिद्ध मीठी माता मंदिर परिसर में फूलों की होली कार्यक्रम का आयोजन डॉ.अंजू चंद्रा की अगुवाई में हुआ इसमेंतमाममहिलाओं,युवाओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया।महिलाओं ने भक्तिगीतों पर नृत्य करते हुए एक - दूसरे पर पुष्प वर्षा की। इस दौरान गुलाल और गेंदेके फूलों की खुशबू से पूरा वातावरण सुगधित हो उठा। श्रद्धालुओं ने''जय माता दी''के जयकारों के साथ माता रानी का आशीर्वाद लिया।

### फांसी फंदे पर झूला अधेड़

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामसनेहीघाट स्थानीय कोतवाली क्षेत्र दयाराम पुरवा में राज पाल 55 वर्ष पुत्र राम बहादुर ने रस्सी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी।सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा।

### शारदा नहर में मिला सीतापुर के युवक का शव

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर थाना क्षेत्र में शारदा नहर रेगुलेटर के पास एक युवक का शव बरामद हुआ ।युवक की शिनाख्त सीतापुर जनपद निवासी लवकुश 30 वर्ष के रुप में हुई।सीतापुर जनपद के थाना रामपुर मथुरा निवासी लवकुश पुत्र भगवान दीन बीती 20 फरवरी को अपने घर से नाराज होकर पैंतेपुर पुल से शारदा नहर में कूद गया था। पुलिस और परिवार लगातार उसकी तलाश कर रहे थे।

### फांसी फंदे पर झूला युवक

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । बड्डूपुर थाना क्षेत्र के अच्छेपुर गांव निवासी बिहारी रावत का 20 वर्षीय पुत्र रजनीकांत रावत बुधवार शाम घर से निकला था, लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन उसका कोई पता नहीं लग सका। गुरुवार सुबह युवक का शव गांव के बाहर एक आम की बाग में पेड़ से लटकता मिला।सुबह गांव के लोगों ने शव देखा। सूचना पुलिस को दी। थानाध्यक्ष मनोज सोनकर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### फांसी लगा कर की आत्महत्या

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघटेर थाना क्षेत्र के उधापुर गांव में बुधवार देर रात एक 14 वर्षीय बालक का शव आम के बाग में पेड़ से लटका हुआ मिला। घुंघटेर थाना क्षेत्र के उधापुर गांव निवासी राजेश कुमार का 14 वर्षीय पुत्र श्यामू रावत का शव बुधवार रात को प्राथमिक विद्यालय के पीछे स्थित आम के बाग में रस्सी के सहारे पेड़ से लटका पाया गया। इस घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा। बालक घर से मोबाइल फोन और 2000 रुपये नकद लेकर घर से मंगलवार दोपहर एक बजे से लापता हो गया था।परिवारजन उसकी तलाश कर रहे थे। श्यामू अपने घर में सबसे बड़ा था इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। थानाध्यक्ष बेचू सिंह यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हृदय घात से गुरु जी का निधन, शोक की लहर

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड क्षेत्र के गड़िया गांव निवासी रामनिवास बाजपेई (गुरुजी) का हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि मंगलवार शाम अचानक सीने में दर्द होने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए लखनऊ के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान बुधवार सुबह लगभग चार बजे डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।गुरुजी के नाम से विख्यात श्री बाजपेई हमेशा लोगों के सुख-दुख में शामिल रहते थे। जाति-धर्म से ऊपर उठकर लोगों की मदद करने के कारण क्षेत्र में उनका विशेष सम्मान था।रामनिवास बाजपेई अपने पीछे एक पुत्र, एक पुत्री व पत्नी को छोड़ गए हैं। गांव में पार्थिव शरीर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। नम आंखों से ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार में शामिल होकर उन्हें अंतिम विदाई दी। पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामलाल यादव, रमाकांत बाजपेई, महंत मोनू पांडे, जिला पंचायत सदस्य पूनम कनौजिया, ग्राम प्रधान अनीत शुक्ला, मनोज शुक्ला, सुजीत कुमार, इंजीनियर सुनील यादव, राघवेंद्र सिंह, माधव बाजपेई सहित क्षेत्र के कई गणमान्य अंतिम दर्शन हेतु पहुंचे।

### गुझिया के सहारे शुरू प्रधानी सियासत

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर चंदी सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह वर्मा ने होली पर्व के अवसर पर अपने साथियों के साथ ग्राम पंचायत में लोगों के घर घर जाकर नाम लिखे थैले में खोया,चीनी आदि खाद्यान्न सामग्री का वितरण कर लोगों को होली की शुभकामनाएं दी। उपहार स्वरूप उक्त सामग्री पाकर प्रशन्नता से गदगद ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह वर्मा की सराहना करते हुए शुभकामनाएं,आशीर्वाद दिया।वहीं प्रधान प्रतिनिधि सुरेश सिंह वर्मा ने कहा कि गांव पंचायत मेरा परिवार है।लोग खुशहाल रहे और गांव का विकास हो यही मेरा प्रयास है।इस मौके पर सुरेंद्र सिंह वर्मा द्वारा पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया।

### नहर में नहाने गया युवा गुम

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र में होली के पर्व पर बुधवार को एक किशोर नहर में नहाते समय लापता हो गया।अर्जुन कुमार गौतम(17)अपने दोस्तों केसाथ होली खेलने के बाद नहर में नहाने गया था, तभी वह तेज बहाव में बह गया।अर्जुन अपने दोस्तोंके साथ साढ़ेमऊ नहर पुलिया के पास नहर में नहाने पहुंचा था। नहर में उतरते ही उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गहरे पानी में चला गया।तेज बहाव में वह देखतेही देखते आंखों से ओझल हो गया।घटना के बाद अर्जुन के साथ मौजूद दोस्त घबरा गए और गांव पहुंचकर परिजनों को सूचना दी।

### टी-20 विश्वकप क्रिकेट का उत्साह

वाराणसी । उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी) में गंगा नदी की निर्मलता के लिए लोगों को जागरूक करने वाले नमामि गंगे के सदस्यों ने गुरूवार को टी-20 विश्वकप क्रिकेट के सेमीफाइनल में भारतीय टीम की जीत के लिए मां गंगा की आरती की। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भारतीय क्रिकेटरों की तस्वीर और राष्ट्रध्वज के साथ शंखनाद कर भारतीय खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## सीएचसी को ट्रामा सेंटर बनाने की मांग, नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से की शिष्टाचार भेंट

### होली की शुभकामनाओं के साथ क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था पर हुई चर्चा, ट्रामा सेंटर बनाने का मिला आश्वासन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



हैदरगढ़, बाराबंकी । होली पर्व के मद्देनजर हैदरगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री तिवारी ने उन्हें होली की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

भेंट के दौरान अध्यक्ष आलोक तिवारी ने बताया कि हैदरगढ़ का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केवल स्थानीय क्षेत्र के लोगों के लिए ही नहीं बल्कि सीमावर्ती जनपदों के मरीजों के लिए भी उपचार का प्रमुख केंद्र है। यहां बाराबंकी के साथ-साथ पड़ोसी जनपद इद्धद्गप्द्धद्ध और टथद्गथ्थन्द्वद्यद्ध से भी बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए आते हैं। ऐसे में इस अस्पताल को और अधिक सुदृढ़ तथा आधुनिक सुविधाओं से लैस किए जाने की आवश्यकता है। अध्यक्ष श्री तिवारी ने उपमुख्यमंत्री को यह भी बताया कि हैदरगढ़ क्षेत्र दो महत्वपूर्ण राजमार्गों से जुड़ा हुआ है, जिनमें पूर्वांचल एक्सप्रेस वे और एनएच 731 शामिल हैं। इन मार्गों पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं और दुर्घटना में घायल लोगों को तत्काल उपचार के लिए सीएचसी हैदरगढ़ लाया जाता है। ऐसी स्थिति में यदि इस अस्पताल को ट्रामा सेंटर का स्वरूप दिया जाता है तो गंभीर रूप से घायल मरीजों को त्वरित और बेहतर इलाज मिल सकेगा। अध्यक्ष आलोक तिवारी की इस मांग पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया कि होली के बाद इस विषय पर विशेष रूपरेखा तैयार की जाएगी और हैदरगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को ट्रामा सेंटर के रूप में विकसित करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। यदि हैदरगढ़ सीएचसी को ट्रामा सेंटर का दर्जा मिल जाता है तो न केवल हैदरगढ़ बल्कि आसपास के क्षेत्रों के हजारों लोगों को आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं के लिए दूर-दराज के शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। इससे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सशक्त होंगी तथा दुर्घटना या गंभीर स्थिति में मरीजों को समय पर बेहतर उपचार मिल सकेगा। अगर आप चाहें तो मैं इसके लिए और भी ज्यादा दमदार अखबारी हेडिंग और एक बॉक्स में डिप्टी सीएम का बयान भी जोड़कर इसे और प्रभावशाली बना सकता हूँ।

### प्रतापगढ़ पुलिस लाइन में होली मिलन कार्यक्रम, डीएम-एसपी ने खेली होली

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में पुलिस लाइन में गुरुवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने पुलिसकर्मियों के साथ होली खेली। रंग-गुलाल, फूलों की वर्षा और डीजे की धुन पर जवानों ने पारंपरिक उत्साह के साथ त्योहार मनाया। समारोह में डीएम और एसपी ने पुलिसकर्मियों को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पुलिसकर्मियों ने अधिकारियों पर फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया। इसके बाद डीजे की धुन पर पुलिस अधिकारी और पुलिस जवान जमकर थिरकते नजर आए। पुलिसकर्मियों ने अधिकारियों को भी अपने साथ नृत्य करने के लिए प्रेरित किया, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया। पुलिस लाइन परिसर रंगों से सराबोर दिखा। पुलिस जवानों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाया, वहीं पाइप के जरिए रंग और पानी की बौछार कर होली का आनंद लिया। डीजे पर बज रहे होली गीतों के बीच पुलिसकर्मी मस्ती में झूमते रहे।

## ओशो के शिष्यों ने होली खेल दिया देशनाओं का संदेश



फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में रंगों का पर्व होली ओशो रजनीश के गुरुवार को संन्यासियों ने बड़े ही धूमधाम से मनाया। उन्होंने रंग बरसे भीगे चुनर वाली... गीत पर झूम कर नृत्य किया और ओशो की देशनाओं का नगर वासियों को संदेश दिया। इस मौके पर ओशो रजनीश के अनन्य भक्त स्वामी आनंद पुनीत ने कहा कि ओशो के अनुसार, होली प्रतिदिन है और ओशो अपने रंग में प्रतिदिन अपने संन्यासियों को रंग रहे हैं। आज ओशो का धर्म महानगरों से लेकर गांव के गलियारों तक पहुंच गया है। इसी के चलते फर्रुखाबाद जिले के गांव कमालपुर में आज ओशो के संन्यासियों ने जमकर होली का पर्व मनाया। इस मौके पर ओशो के सैकड़ों सन्यासियों ने नाचते गाते ओशो की देशनाओं का संदेश दिया। ओशो कहा करते थे कि होली साल में एक दिन मनाने का पर्व नहीं है। होली प्रतिदिन मनानी चाहिए और प्रकृति के रंग में रोज लोगों को रंगना चाहिए, तभी सच्ची होली है। आज देखा गया है कि लोग होली के पर्व पर रंग खेलते हैं। लेकिन रंग खेलते खेलते उनके अंदर दबी हिंसा ऊपर आ जाती है, और वह कीचड़ खेलने लगते हैं। कीचड़ खेलना प्रेम का त्यौहार नहीं है। कीचड़ तो तुम्हारे अंदर जो अगले व्यक्ति के लिए अनादर छिपा हुआ है इसका प्रतीक है। तुम कीचड़ फेंक उसका आनंद मना रहे हो। इस मौके पर स्वामी अनिल, ऋषि कुमार सिंह, ऋषि प्रताप सिंह, गजेंद्र सिंह, शिवेंद्र सिंह चौहान, अंशिका चौहान, आर्यन चौहान, शिवेंद्र सिंह चौहान, अथर्व सेंगर, आरव सेंगर ऋषिका सेंगर, अभी प्रताप सिंह, रवि प्रताप सिंह, विनय प्रताप सिंह सेंगर सहित भारी संख्या में ओशो शिष्य मौजूद रहे।

## कानपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने लगाई फांसी

कानपुर। उत्तर प्रदेश कानपुर नगर के महाराजपुर थाना क्षेत्र में पारिवारिक कलह के चलते विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने दहेज हत्या का आरोप लगाकर जमकर हंगामा काटा। मौके पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को शांत कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पड़ताल में शुरु कर दी है। कानपुर देहात के शिवली के रहने वाले मनीष ने बताया कि उनकी बहन सोनी (25) की शादी साल 2020 में महाराजपुर के रहने वाले ई-रिक्शा चालक भानू पाल के साथ हुई थी। दोनों के दो बच्चे अभिषेक और अनुप्रिया हैं। उनका आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराली 11 लाख रुपये और पल्सर बाइक की मांग को लेकर आये दिन बहन को मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान करते थे। इसी बीच बुधवार देर शाम सोनी का शव फांसी के फंदे से झूलता मिला। मौके पर पहुंचे परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वाशन देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### होली का त्यौहार रंग बिरंगी खुशियां लेकर आता है : एसएसपी

मुरादाबाद, । उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद में गुरुवार को पुलिस कर्मियों ने जमकर होली खेली। शहर के सभी थानों और चौकियों के साथ-साथ पुलिस लाइन में जमकर होली हुई। एसएसपी सतपाल अंतिल ने कहा कि होली का त्यौहार हम सभी के जीवन में विभिन्न प्रकार के रंगों से रंगी खुशियां लेकर आता है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नेतृत्व में पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों की होली के लिए आलाधिकारियों ने बड़ा आयोजन रखा था। यहां तक कि पुलिस लाइन में स्पेशल बुलाई गई फायर बिग्रेड की गाड़ी में रंग भरकर डीजे की थाप पर नाच रहे पुलिसकर्मियों को पानी की बौछारों से एक दूसरे को सराबोर किया।

### हादसे में बाइक सवार समेत दो लोगों की दर्दनाक मौत

फतेहपुर बाराबंकी। तहसील चौराहे पर रामनगर रोड से आ रहे आलू लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने एक बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। अगला पहिया उनके ऊपर चढ़ गया और चालक उन्हें लगभग दस मीटर तक घसीटता रहा।मृतक की पहचान मोहल्ला मिर्दहनपुरवा निवासी सुशील कुमार पुत्र गया प्रसाद(50) पुत्र रूप में हुई है। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर शव को पीएम हेतु भेजा। इसीकम में-रामनगर मार्ग पर साढ़ेमऊ बाजार के पास एक बाइक और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई, हादसे में बाइक चालक रामजीत पुत्र ओम प्रकाश, निवासी हाफिजपुर, थाना रामनगर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी उपचार दौरान मृत्यु हुई। टक्कर इतनी भीषण थीकि कार और बाइक दोनों अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरीं।

### घायल गुलदार को देखने उमड़े ग्रामीण, वन विभाग ने लिया संरक्षण में

बिजनौर । उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर के थाना शेरकोट के गांव जमनीभान उर्फ भनोटी में आज बृहस्पतिवार की सवेरे उसे समय सनसनी फैल गई जब एक किसान के खेत के निकट घायल गुलदार पड़ा हुआ मिला। घायल गुलदार को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण भी पहुंची। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई तथा भीड़ को हटाकर स्थिति को नियंत्रित किया तथा घटना की जानकारी पुलिस द्वारा पर वन विभाग को दी गई ॰ मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने घायल गुलदार को अपने कब्जे में लिया तथा उपचार के लिए अपने साथ ले गई है ॰ वन विभाग के रेंजर हरदीप सिंह ने बताया कि गुलदार किसी अन्य जंगली जानवर के संघर्ष के दौरान घायल हुआ है। गुलदार की आयु लगभग 1 वर्ष के आसपास है।

### वाराणसी-लखनऊ वरुणा एक्सप्रेस का ठहराव शिवपुर रेलवे स्टेशन पर भी होगा

वाराणसी । उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी)के शिवपुर रेलवे स्टेशन पर अब शुक्रवार 06 मार्च से वाराणसी-लखनऊ वरुणा एक्सप्रेस का ठहराव होगा। वाराणसी के वरुणा पार क्षेत्र के लोंगो की बहुप्रतिक्षित मांग पूरी होने पर हर्ष का माहौल है। प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल के प्रयास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिशा-निर्देश, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की सहमति से ट्रेन शिवपुर स्टेशन पर रुकेगी। शुक्रवार को प्रदेश के स्टाम्प मंत्री रविन्द्र जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शिवपुर रेलवे स्टेशन पर प्रातः 5.45 बजे ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर गन्तव्य के लिए रवाना करेंगे। यही ट्रेन 20402 लखनऊ से वाराणसी आने के दौरान शिवपुर स्टेशन पर भी रुकेगी। यह जानकारी सूचना विभाग की ओर से दी गई।

### जूडो प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले आठ खिलाड़ी सम्मानित

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय एवं जूडो एसोसिएशन के समन्वय से 25 से 28 फरवरी तक लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाली मुरादाबाद मंडल की टीम को गुरुवार को सम्मानित किया गया है। मुरादाबाद मंडल के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण, तीन कांस्य और एक रजत पदक जीते हैं। राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता के रेफरी संजय गिरि ने बताया कि बालक वर्ग के 40 किग्रा वर्ग में रुद्र शर्मा ने स्वर्ण, 60 किग्रा में कृष्ण ने रजत, 35 किग्रा में श्रेष्ठ प्रताप सिंह, 55 किग्रा में दिव्यांश कांस्य पदक जीता। वहीं बालिका वर्ग के 28 किग्रा वर्ग आराध्य सिंह, 36 किग्रा में लावण्या गोयल और 48 किग्रा में अविशा रावत ने स्वर्ण हासिल किया।





## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुलाबी गेंद के टेस्ट मैच में भारत की निगाह लगातार चौथी जीत पर

एजेंसी



पर्थ। वनडे श्रृंखला में करारी हार के बाद भारतीय महिला टीम पिछले लगभग पांच साल में पहली बार जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले एकमात्र दिन रात्रि टेस्ट क्रिकेट मैच में उतरेगी तो जीत हासिल करने के लिए उसकी सीनियर खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इस मैच के साथ ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहु प्रारूप वाली श्रृंखला का भी समापन होगा जिसमें भारत ने टी20 श्रृंखला 2-1 से जबकि आस्ट्रेलिया ने वनडे श्रृंखला 3-0 से जीती थी। पिछले पांच टेस्ट मैचों में अजेय रहने के बाद भारत का आत्मविश्वास चरम पर होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने दिसंबर 2023 से जुलाई 2024 के बीच लगातार तीन टेस्ट मैच जीते, जिनमें इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका को घरेलू मैदान पर हराना शामिल है। भारत ने इससे पहले विदेश में खेले गए पिछले दो टेस्ट मैच 2021 में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ड्रॉ कराए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसने उस साल सितंबर अक्टूबर में दिन रात्रि टेस्ट मैच खेला था जिसमें स्मृति मंधाना ने शतक जमाया था। इस बहु प्रारूप वाली श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया अभी 8-4 से आगे है। टी20 श्रृंखला में हार के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम 2-4 से पिछड़ रही थी, लेकिन इसके बाद उसने शानदार वापसी करके तीनों वनडे मैच जीत लिए। जहां टी20 और वनडे दोनों मैचों में जीत हासिल करने पर दो-दो अंक दांव पर थे, वहीं टेस्ट मैच के विजेता को चार अंक मिलेंगे। भारत अगर जीत हासिल करता है तो वह कम से कम इस श्रृंखला को ड्रॉ करा सकता है। भारतीय टीम इस बात से आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगी कि उसने दिसंबर 2023 में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच आठ विकेट से जीतकर इतिहास रच दिया था। यह पहला अवसर था जबकि भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट मैच में हराया था। भारतीय बल्लेबाजी का दारोमदार हरमनप्रीत, उप-कप्तान मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा पर होगा। सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के प्रदर्शन पर शनि की निगाह टिकी रहेगी जो शुक्रवार को टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर सकती हैं। रावल भारतीय टीम में शामिल उन सात भारतीय खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने अभी तक टेस्ट मैच नहीं खेला है। अभी तक टेस्ट मैच नहीं खेलने वाली भारतीय खिलाड़ियों में बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, सायली सतघरे और काशवी गौतम भी शामिल हैं। भारतीय टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। भारत की वनडे विश्व कप विजेता टीम की सदस्य रही क्रांति गौड़ और अमनजोत कौर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर सकती हैं।

## न्यूजीलैंड का फाइनल में प्रवेश और बच्चे के जन्म के कारण हेनरी को मिली दोहरी खुशी

एजेंसी



कोलकाता। घर पर अपने बेटे के जन्म का जश्न मनाने से लेकर टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में निर्णायक अंतिम ओवर फेंकने तक न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने भावनाओं से भरे सप्ताह का समापन किया। न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। हेनरी 27 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड के मैच के बाद अपने बच्चे के जन्म के लिए घर लौट गए थे। वह बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल से कुछ घंटे पहले कोलकाता में टीम में फिर से शामिल हो गए थे। थका देने वाली यात्रा के बावजूद इस तेज गेंदबाज ने सबसे अहम समय पर शानदार प्रदर्शन किया और 34 रन देकर दो विकेट लिए। हेनरी ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''बच्चे के जन्म के समय घर पर होना वाकई बहुत खास था। हॉली और जैक दोनों अच्छे हैं। एनाबेल बड़ी बहन बनकर बहुत खुश है। सब ठीक है। अपनी थका देने वाली यात्रा के बारे में उन्होंने कहा, ''सच कहूं तो जब मैं वापस लौट रहा था तो मैंने रास्ते में खूब नींद ली जो मेरे लिए बहुत जरूरी था। मैं बेटे के जन्म के लिए घर जाना चाहता था लेकिन सेमीफाइनल के लिए वापस लौटकर अच्छा लग रहा है। हेनरी को सेमीफाइनल के लिए तैयारी का बहुत कम समय मिला था, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने अनुभव और अपने कौशल पर भरोसा किया। उन्होंने कहा, ''हमने काफी क्रिकेट खेली है, इसलिए मुझे लगता है कि इस समय भरोसा सबसे महत्वपूर्ण है। अगर बारिश हो रही हो तो हम अभ्यास भी नहीं कर पाते इसलिए ऐसा तरीका अपनाना महत्वपूर्ण होता है जिससे कि खिलाड़ी मानसिक रूप से तरोताजा और तैयार रहे तथा अपने कौशल पर पूरा भरोसा रखे। मेरे लिए यहां आकर टीम के लिए अपना योगदान देना ही सबसे अहम था और ईश्वर का आभार है कि मैं ऐसा करने में सफल रहा। हेनरी पिछले साल चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल से बाहर होने पर काफी दुखी थे लेकिन इस बार वह अपना पूरा योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध थे।

## आईसीसी के हस्तक्षेप के बाद जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों का पहला जत्था भारत से रवाना

एजेंसी



नयी दिल्ली। खाड़ी क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद भी भारत में फंसी जिम्बाब्वे की क्रिकेट टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के हस्तक्षेप के बाद आखिरकार स्वदेश रवाना हो गई। जिम्बाब्वे के लिए यह टी20 विश्व कप यादगार रहा। उसने ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को हराकर सुपर आठ में जगह बनाई, लेकिन उससे आगे नहीं बढ़ पाया। जिम्बाब्वे की टीम को दो मार्च को स्वदेश रवाना होना था लेकिन एक मार्च को नयी दिल्ली में दक्षिण अफ्रीका से पांच विकेट से हारने के बाद उसकी टीम यहीं फंस गई थी। लेकिन आईसीसी ने हस्तक्षेप करते हुए टीम के लिए वैकल्पिक यात्रा योजनाओं की व्यवस्था की जिससे जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों का पहला जत्था आखिरकार बुधवार को स्वदेश रवाना हो गया। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने 'एक्स' पर जारी बयान में कहा, ''जिम्बाब्वे क्रिकेट इस बात की पुष्टि करता है कि आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में भाग लेने वाली जिम्बाब्वे की सीनियर पुरुष टीम पारगमन संबंधी बाधाओं के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के बाद भारत से स्वदेश लौट रही है।

## यह 'चोकर' नहीं चारों खाने चित होने जैसा है: दक्षिण अफ्रीकी कोच कॉनराड

एजेंसी



कोलकाता। दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुक्री कॉनराड ने टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से मिली नौ विकेट से हार को 'चोकर' (दबाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना) नहीं बल्कि चारों खाने चित होने जैसा बताया। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किये जाने के बाद आठ विकेट पर 169 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड ने 12.5 ओवर में नौ विकेट से आसानी से जीत हासिल कर ली। उसकी इस जीत में सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने 33 गेंद में नाबाद 100 रन बनाकर टी20 विश्व कप में सबसे तेज शतक बनाया जबकि टिम सीफर्ट ने 33 गेंद पर 58 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका इससे पहले भी आईसीसी की प्रतियोगिताओं में नॉकआउट के दबाव वाले मैचों में लड़खड़ाता रहा है जिसके कारण उसे 'चोकर' कहा जाने लगा था। उसने वर्तमान टूर्नामेंट में अजेय रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इस दौरान उसने न्यूजीलैंड और भारत को भी हराया था। कॉनराड ने पहले सेमीफाइनल के बाद पत्रकारों से कहा, ''मुझे नहीं पता कि आज रात का मुकाबला चोकर जैसा था या नहीं। मुझे तो लगा कि यह चारों खाने चित होने जैसा था। उन्होंने कहा, ''आपने थोड़ी बहुत तो चुनौती पेश की होती लेकिन आज के मैच में ऐसी कोई झलक नहीं दिखाई दी। दक्षिण अफ्रीका में हम इसके लिए एक शब्द 'मोएर्ड' (बुरी तरह से हारना) का उपयोग करते हैं। कॉनराड यहीं पर नहीं रुके और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के एक मुहावरे का उपयोग करके अपनी टीम की करारी हार की व्याख्या की। पिछले साल टेस्ट श्रृंखला के दौरान भारतीय टीम को 'ग्रोवल' (घुटने टेकना) शब्द का उपयोग करके विवाद पैदा करने वाले कॉनराड ने कहा,''आज रात हमें एक करारा 'स्नॉटक्लैप' मिला। यह एक अफ्रीकी शब्द है जिसका अर्थ है बुरी तरह पिटाई, करारा थप्पड़ जिसकी आपको उम्मीद नहीं थी। हमें बिल्कुल वैसा ही महसूस हुआ। न्यूजीलैंड के गेंदबाज कोल मैककॉन्ची ने दूसरे ओवर में ही क्विंटन डीकॉक (10) और रयान रिकेल्टन (00) को लगातार गेंदों पर आउट कर दिया। बाद में रचिन रविंद्र और मैट हेनरी ने बीच के ओवरों में दक्षिण अफ्रीका को दबाव में रखा। बाद में मार्को यानसन (नाबाद 55) और ट्रिस्टन स्टब्स (29) ने टीम के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। कॉनराड ने कहा, ''स्टैबो और मार्को की बदौलत हमने अच्छी वापसी की, लेकिन न्यूजीलैंड का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने शुरुआती ओवरों में स्पिनरों से परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाया और हम बिल्कुल भी लय हासिल नहीं कर पाए। इसलिए वह जीत के हकदार थे। दक्षिण अफ्रीका के कोच ने कहा कि अभी तक सब कुछ सही चल रहा था लेकिन आज उनका दिन नहीं था। उन्होंने इस बात से भी इंकार कर दिया कि अपने अधिकतर मैच अहमदाबाद में खेलने के कारण वह किसी अन्य स्थान में खेलने के लिए तैयार नहीं थे। उन्होंने कहा, ''अहमदाबाद में अपने सभी मैच खेलने और फिर अन्य स्थान पर नहीं खेलने के बारे में बहुत कुछ कहा जा सकता है। लेकिन फिर भी यह कोई बहाना नहीं है। उन्होंने शुरुआत में ही पकड़ बना ली थी और हमें किसी भी तरह की लय नहीं मिली। उन्होंने हमें जीतने का जरा भी मौका नहीं दिया। इस करारी हार के बावजूद कॉनराड को अजेय रहकर सेमीफाइनल में पहुंचने के प्रदर्शन पर गर्व है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि हमने पूरे टूर्नामेंट में असाधारण प्रदर्शन किया। बहुत अच्छी क्रिकेट खेली। मुझे इन खिलाड़ियों पर बेहद गर्व है।

विश्व कप से पहले के हमारे प्रदर्शन को देखते हुए बहुत से लोगों ने हमें सेमीफाइनल का दावेदार नहीं माना था। लेकिन इससे कोई सांत्वना नहीं मिलती।

## श्रीलंका के खेल मंत्री ने टी20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद एसएलसी में बदलाव के संकेत दिए

कोलंबो। श्रीलंका के टी20 विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अब देश के क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) में आमूलचूल बदलाव हो सकता है क्योंकि देश के खेल मंत्री सुनील कुमार गामागे ने गुरुवार को कहा कि खेल को नया स्वरूप देने के लिए एक अंतरिम समिति के गठन पर विचार किया जा रहा है। श्रीलंका सुपर आठ में अपने सभी मैच हार गया था और इस तरह से सेमीफाइनल में जगह नहीं बना पाया था। गामागे ने पत्रकारों से कहा, ''खेल ढांचे को नए सिरे से तैयार करने के लिए श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी ) का प्रशासन एक अंतरिम समिति को सौंपने के लिए आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के साथ बातचीत चल रही है। एसएलसी के वर्तमान अध्यक्ष शम्मी सिल्वा का कार्यकाल मई 2027 तक है।

## दक्षिण अफ्रीका की चुनौती का डटकर सामना करने का फैसला किया था: फिन एलन

एजेंसी



कोलकाता। टी20 विश्व कप में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड बनाने वाले न्यूजीलैंड के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने कहा कि उन्होंने सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के अजेय अभियान को रोकने के लिए उसकी हर चुनौती का डटकर सामना करने की रणनीति अपनाई थी जिसमें उनकी टीम सफल रही। दक्षिण अफ्रीका टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में चल रही टीम के रूप में सेमीफाइनल में पहुंची थी, क्योंकि वह लगातार सात जीत के साथ प्रतियोगिता में एकमात्र अजेय टीम थी। दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप चरण में न्यूजीलैंड को भी हराया था और सुपर आठ में टूर्नामेंट के मेजबान और प्रबल दावेदार भारत को भी पराजित किया था। लेकिन न्यूजीलैंड ने बुधवार को यहां ईडन गार्डन्स में खेले गए मैच में पिछली बार के उपविजेता को नौ विकेट से हराकर उसे बाहर कर दिया। उसने 43 गेंद शेष रहते जीत हासिल की। केवल 33 गेंद में शतक लगाने वाले एलन ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''हमने बस यही उम्मीद की थी कि (कप्तान मिचेल) सैंटनर टॉस जीतें और पहले बल्लेबाजी का फैसला करें, तो यह पहला चरण पूरा हो गया और उसके बाद उसकी चुनौती का डटकर मुकाबला करना था। मैच पर पकड़ बनाना था और किसी भी चुनौती से पीछे नहीं हटना था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम पावरप्ले में लय हासिल करने में नाकाम रही, क्योंकि ऑफ-स्पिनर कोल मैककॉन्ची ने दूसरे ओवर में लगातार गेंदों पर क्विंटन डीकॉक और रयान रिकेल्टन के विकेट ले लिए। इसके बाद रचिन रविंद्र और मैट हेनरी ने शिकंजा कसने में देर नहीं लगाई। एलन ने कहा, ''गेंदबाजों ने हमारे लिए लय बनाई। जिस विकेट को हम बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छा मान रहे थे, उस पर शुरुआती विकेट लेना बेहद महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा, ''उनके (दक्षिण अफ्रीका के) पास अविश्वसनीय रूप से मजबूत बल्लेबाजी लाइन-अप है लेकिन हमारे गेंदबाजों की तारीफ करनी होगी। उन्होंने अच्छी गेंदबाजी करके हमारी जीत की नींव रखी। न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों ने अहमदाबाद में ग्रुप चरण में दक्षिण अफ्रीका से मिली हार का भी विश्लेषण किया और उससे मिली सकारात्मक बातों पर ध्यान केंद्रित किया।

## सिंधू ने दुबई की मुश्किलों पर कहा, उम्मीद है कि यह इस तरह का पहला और आखिरी अनुभव होगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू ने मंगलवार को माना कि दुबई में तीन दिन की मुश्किल के दौरान उन्हें धैर्य रखने में मुश्किल हुई और वह चाहती हैं कि यह उनकी जिंदगी का पहला और आखिरी ऐसा अनुभव हो। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर बमबारी और उसके बाद तेहरान की जवाबी कार्रवाई के बाद खाड़ी क्षेत्र में वायु क्षेत्र बंद होने के कारण सिंधू दुबई में फंस गई थीं। बर्मिंघम में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप से नाम वापस लेने के बाद वह अब देश लौट आई हैं। उन्हें दुबई के रास्ते बर्मिंघम जाना था लेकिन यात्रा में रुकावटों के कारण ऐसा नहीं हो सका। सिंधू ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) द्वारा आयोजित एक मीडिया बातचीत के दौरान कहा, ''बेशक बहुत तनाव था और यह डरावना था। मुझे लगता है कि शायद एकमात्र चीज शांत रहना थी। मुझे पता है कि यह आदर्श स्थिति नहीं है जहां आप कहते हैं कि हम शांत हैं लेकिन अंदर से ऐसा नहीं था। उन्होंने कहा, ''असल में यह बहुत तनावपूर्ण है लेकिन मुझे लगता है कि यह एक अनुभव है और मुझे उम्मीद है कि यह इस तरह का पहला और आखिरी अनुभवी होगा। लेकिन हां, मुझे लगता है कि हम शांत थे, पूरी टीम शांत थी। सिंधू और उनके इंडोनेशियाई कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा सहित उनकी टीम के सदस्य दुबई हवाई अड्डे के पास हुए एक धमाके के बाद बाल-बाल बच गए। उन्हें पहले दौर में थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग का सामना करना था लेकिन उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। सिंधू ने कहा कि उन्होंने इस बड़े टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए ब्रिटेन जाने के हर विकल्प को देखा जिसमें सड़क के रास्ते ओमान जाना या भारत आकर बर्मिंघम पहुँचने के लिए दूसरा रास्ता लेना शामिल था। उन्होंने कहा, ''मैंने हर मुमकिन कोशिश की लेकिन कोई फ्लाइट नहीं थी।

## संक्षिप्त समाचार

### सेंट्रल बैंक को इंश्योरेंस वेंचर्स में हिस्सेदारी बढ़ाने को सीसीआई ने मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को जेनरली सेंट्रल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और जेनरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में अतिरिक्त शेयरधारिता के अधिग्रहण को अपनी मंजूरी दे दी है। आयोग का विस्तृत आदेश बाद में जारी किया जाएगा। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि प्रस्तावित संयोजन सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जेनरली सेंट्रल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (जीसीआईसीएल) में 1.09 फीसदी अतिरिक्त इक्विटी और जेनरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (जीसीएलआईसीएल) में 0.82 फीसदी अतिरिक्त इक्विटी के अधिग्रहण से संबंधित है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया भारत में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करता है, जिसमें जमा स्वीकार करना, ऋण देना और संबद्ध वित्तीय सेवाएं प्रदान करना शामिल है। जेनरली सेंट्रल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड भारत में सामान्य बीमा सेवाएं प्रदान करती है और जेनरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जीवन बीमा सेवाएं प्रदान करती है।

### टी20 विश्व कप में बना सबसे अधिक दर्शक संख्या का नया रिकॉर्ड

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने बुधवार को बताया कि मौजूदा टी20 विश्व कप ने प्रसारण के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं क्योंकि इस टूर्नामेंट को देखने वाले दर्शकों की संख्या 50 करोड़ के आंकड़े को पार कर चुकी है, जो टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक है। आईसीसी ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले दर्शकों की संख्या के मामले में कुछ लक्ष्य तय किए थे और वह उन्हें हासिल करने में सफल रहा। शाह ने एक्स पर लिखा, ''आईसीसी टी20 विश्व कप का सफर इसे वैश्विक और सहज क्रिकेट प्रतियोगिता बनाने के लक्ष्य के साथ शुरू हुआ था। मुझे खुशी है कि भारत में हो रही इस प्रतियोगिता में दर्शकों की संख्या 50 करोड़ से अधिक हो गई है, जो टी20 विश्व कप के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक संख्या है। उन्होंने कहा, ''यह देखकर बेहद खुशी हुई कि जियो हॉटस्टार पर टूर्नामेंट को देखने वाले दर्शकों की संख्या छह करोड़ 50 लाख तक पहुंच गई है। टूर्नामेंट के नॉकआउट मैच आज रात से शुरू हो रहे हैं और हमें उम्मीद है कि भारतीय प्रशंसकों से हमारी इस प्रतियोगिता को मिलने वाला अपार प्यार और भी रिकॉर्ड बनाने में मदद करेगा। टूर्नामेंट के दो सेमीफाइनल और फाइनल अभी खेले जाने बाकी हैं, लेकिन उसने 2024 में अमेरिका में खेले गए टूर्नामेंट में दर्शकों की संख्या का रिकॉर्ड पहले ही तोड़ दिया है।

### वर्ष 2026 में ब्रेंट क्रूड का औसत दाम 63 डॉलर से अधिक रहने की संभावना नहीं: फिच

**नयी दिल्ली।** पश्चिम एशिया में छिड़े सैन्य संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही पर जोखिम होने के बावजूद वर्ष 2026 में ब्रेंट क्रूड की औसत कीमत 63 डॉलर प्रति बैरल रहने के अनुमान से अधिक बढ़ने की संभावना नहीं है। फिच रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही। वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में कच्चे तेल की अतिरिक्त आपूर्ति होने से कीमतों में तेज बढ़ोतरी सीमित रह सकती है। इसके अलावा होर्मुज जलडमरूमध्य में मौजूदा व्यवधान के अस्थायी ही रहने की संभावना है। फिच ने कहा कि यह जलडमरूमध्य अभी औपचारिक रूप से बंद नहीं हुआ है, लेकिन ईरान या उससे जुड़े समूहों के संभावित हमलों के जोखिम को देखते हुए कई जहाज इस रास्ते से गुजरने से बच रहे हैं। सुरक्षा कारणों से कुछ तेल कंपनियों ने अपनी खेप रोक दी है जबकि बीमा कंपनियां जहाजों के लिए युद्ध जोखिम बीमा को रद्द कर रही हैं। एजेंसी ने कहा, ‟हमने दिसंबर में 2026 के लिए ब्रेंट कच्चे तेल की औसत कीमत 63 डॉलर प्रति बैरल रहने का अनुमान जताया था। हमें अब भी उस अनुमान में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की उम्मीद नहीं है। हालांकि, ईरान पर अमेरिका एवं इजराइल के साझा हमलों और ईरान के पलटवार के बीच समूचे पश्चिम एशिया में तनाव की स्थिति बन गई है। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत जनवरी-फरवरी, 2026 के औसत 66-67 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 82-84 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य समुद्री तेल परिवहन का एक अहम मार्ग है। लगभग 33 किलोमीटर चौड़ा यह जलमार्ग फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है।

## बालाजी वेफर्स में हिस्सेदारी के लिए जनरल अटलांटिक को सीसीआई की मंजूरी

एजेंसी




नई दिल्ली। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने जनरल अटलांटिक सिंगापुर बीडब्ल्यूपी पीटीई लिमिटेड (जीएएसबीडब्ल्यूपी) को बालाजी वेफर्स प्राइवेट लिमिटेड में हिस्सेदारी के अधिग्रहण को स्वीकृति दे दी है। आयोग का विस्तृत आदेश बाद में जारी किया जाएगा। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के मुताबिक जीएएसबीडब्ल्यूपी बालाजी वेफर्स प्राइवेट लिमिटेड (बालाजी वेफर्स) के वर्तमान शेयरधारकों से पूर्णतः डाइल्यूटेड आधार पर बालाजी वेफर्स की कुछ शेयरधारिता का अधिग्रहण कर रही है। यह जनरल अटलांटिक निवेश निधियों के एक समूह से संबद्ध है और वैश्विक क्षेत्रों प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और जीवन विज्ञान, वित्तीय सेवाएं, उपभोक्ता, जलवायु तथा सतत अवसंरचना और रियल एस्टेट में बढ़ते व्यवसायों को पूंजी तथा रणनीतिक सहायता प्रदान करता है। इसका उद्देश्य अपने पोर्टफोलियो कंपनियों में दीर्घकालिक निवेश करना है। बालाजी वेफर्स एक भारतीय स्नैक फूड निर्माता कंपनी है, जो नमकीन स्नैक्स, बिना नमक वाले स्नैक्स, बिस्कुट, रेडी-टू-ईट फूड और मसालों सहित पैकेटबंद खाद्य पदार्थों के निर्माण और बिक्री के व्यवसाय में शामिल है। यह पूरे भारत में वितरकों और खुदरा विक्रेताओं के एक व्यापक नेटवर्क के माध्यम से अपने उत्पादों की आपूर्ति करती है, जिसकी विशेष रूप से पश्चिमी और मध्य भारत में मजबूत उपस्थिति है।

## सर्राफा बाजार में गिरावट जारी सोना और चांदी की घटी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोना और चांदी के भाव ने कमजोरी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 2,850 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 3,110 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। इसी तरह चांदी की कीमत में भी 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई है। सोने की कीमत में आई इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,64,500 रुपये से लेकर 1,64,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,50,790 रुपये से लेकर 1,50,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी की कीमत में भी कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,84,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,64,650 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,50,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,64,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,50,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,64,550 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,50,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,64,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,50,790 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,64,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,50,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,64,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,50,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,64,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,50,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,64,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,50,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,64,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,50,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# भारत और फिनलैंड के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत बनाने की अपार संभावनाएं : मुर्मु

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत और फिनलैंड के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत बनाने की अपार संभावनाएं हैं। श्रीमती मुर्मु ने भारत यात्रा पर आये फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ गुरुवार को यहां राष्ट्रपति भवन में मुलाकात के दौरान यह बात कही। उन्होंने राष्ट्रपति स्टब का स्वागत करते हुए कहा कि इस वर्ष के रायसीना डॉयलाग में मुख्य अतिथि के रूप में उनकी उपस्थिति भारत के लिए गौरव की बात है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समकालीन वैश्विक स्थिति पर उनके विचार सभी प्रतिभागियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और उपयोगी होंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत फिनलैंड को एक महत्वपूर्ण और विश्वसनीय साझेदार के रूप में देखता है, और दोनों देशों के बीच संबंध पारस्परिक विश्वास तथा साझा लोकतांत्रिक परंपराओं पर आधारित हैं।

दोनों नेताओं ने सहमति व्यक्त की कि



हाल के वर्षों में भारत-फिनलैंड संबंध नवाचार, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, शिक्षा और आर्थिक सहयोग जैसे प्रमुख स्तंभों के आधार पर एक गतिशील साझेदारी के रूप में विकसित हुए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि हाल ही में घोषित भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता व्यापार और निवेश संबंधों को नई गति प्रदान करेगा। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि फिनलैंड क्वांटम तकनीक से लेकर 6 जी तक अत्याधुनिक डिजिटल प्रौद्योगिकियों में वैश्विक अग्रणी है। उन्होंने विकसित भारत की यात्रा में फिनलैंड की कंपनियों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि कई भारतीय कंपनियाँ फिनलैंड में सक्रिय हैं और हजारों भारतीय, विशेषकर आईटी पेशेवर, फिनलैंड की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। यह स्थिति इन क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच गहरे सहयोग की अपार संभावनाएँ प्रदान करती है। राष्ट्रपति ने सतत विकास और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों में फिनलैंड की नेतृत्वकारी भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत ने भी जलवायु कार्रवाई के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है—जिसमें सौर और पवन ऊर्ज़ा क्षमता का विस्तार, हरित हाइड्रोजन को बढ़ावा देना, ऊर्ज़ा दक्षता में सुधार तथा अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन जैसे मंचों की शुरुआत शामिल है। उन्होंने राष्ट्रपति स्टब को 'लाइफ मिशन' के बारे में भी जानकारी दी, जो लोगों को सतत जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि यदि सतत प्रौद्योगिकियों में फिनलैंड की विशेषज्ञता को भारत की हरित ऊर्ज़ा नवाचार क्षमता के साथ जोड़ा जाए, तो यह दिखाया जा सकता है कि समृद्धि और स्थिरता साथ-साथ आगे बढ़ सकती हैं।

# युवा चिकित्सकों का सम्मान स्वास्थ्य सेवा के भविष्य को मजबूत करेगा: जितेंद्र सिंह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने यहां गुरुवार को कहा कि युवा चिकित्सकों का सम्मान करना स्वास्थ्य सेवा के भविष्य को मजबूत करेगा।

श्री सिंह ने देशभर के 26 युवा चिकित्सा विशेषज्ञों के सम्मान समारोह में यह बात कही जिन्होंने चिकित्सा के अलग अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इन चिकित्सा विशेषज्ञों में ऑन्कोलॉजी (कैंसर विशेषज्ञ), पीडियाट्रिक्स (बालरोग), एंडोक्रोनोलॉजी (हार्मोन संतुलन), ऑर्थोपेडिक्स (हड्डी रोग) और इमरजेंसी मेडिसिन (आपात चिकित्सा) जैसी कई विशेष क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है।

उन्होंने इस अवसर पर आयोजन करने वाले संस्थान की सराहना की और कहा कि इन चिकित्सा विशेषज्ञों को उनके करियर के शुरुआती दौर में सम्मानित करना मेरे लिये अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि करियर के शुरुआती दौर में पुरस्कार मिलना न केवल उनके कार्यों की पहचान है, बल्कि आगे बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरणा भी देता है।

श्री सिंह ने कहा कि युवा चिकित्सकों को प्रारंभिक अवस्था में प्रोत्साहित करना देश की स्वास्थ्य सेवाओं के भविष्य को मजबूत करने के लिए भी जरूरी है। इससे चिकित्सा पेशेवरों में उत्कृष्टता हासिल करने और तेजी से बदलती चिकित्सा दुनिया के अनुरूप अपने ज्ञान को लगातार अद्यतन (अपडेट) रखने की प्रेरणा मिलती है। श्री सिंह ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि इस समारोह में बड़ी संख्या में युवा चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रतिभा को समय रहते पहचानना न केवल आत्मविश्वास बढ़ाता है, बल्कि युवा डॉक्टरों को समाज की सेवा के लिए और अधिक समर्पण के साथ काम करने के लिए प्रेरित करता है। श्री सिंह ने स्वास्थ्य क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि चिकित्सा जगत इस समय नई तकनीकों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के कारण एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। तकनीक ने जहां रोगों की पहचान और उपचार को अधिक प्रभावी बनाया है, वहीं डॉक्टर की भूमिका आज भी अपरिहार्य बनी हुई है, क्योंकि अनुभव और चिकित्सकीय समझ रोगी की देखभाल में अहम भूमिका निभाते हैं। श्री सिंह ने चिकित्सा शिक्षा के पुराने दौर को याद करते हुए कहा कि पहले चिकित्सा अध्ययन में कुछ विशेष रोगों, जैसे सिफलिस या डायबिटीज, के माध्यम से पूरे चिकित्सा विज्ञान को समझने का प्रयास किया जाता था। लेकिन आज चिकित्सा क्षेत्र का दायरा काफी विस्तृत हो चुका है और कई नई विशेषज्ञताएँ तथा उपचार पद्धतियाँ विकसित हो चुकी हैं। श्री सिंह ने कहा कि तकनीकी प्रगति, नई बीमारियों का उभरना और स्वास्थ्य संबंधी बदलती जरूरतों ने चिकित्सा क्षेत्र को पहले की तुलना में अधिक जटिल बना दिया है। ऐसे समय में युवा डॉक्टरों को किसी एक विशेष क्षेत्र में विशेषज्ञता विकसित करने और लगातार अपने ज्ञान को अद्यतन रखने की आवश्यकता है। श्री सिंह ने कोविड-19 के बाद के स्वास्थ्य परिदृश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि आज संक्रामक रोगों के साथ-साथ जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ भी स्वास्थ्य प्रणालियों के सामने बड़ी चुनौती बनकर उभर रही हैं। इसलिए चिकित्सा पेशेवरों के लिए विशेष ज्ञान और निरंतर सीखना पहले से अधिक आवश्यक हो गया है। श्री सिंह ने सम्मानित युवा डॉक्टरों पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में इनमें से कई डॉक्टर चिकित्सा क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल करेंगे और संभव है कि भविष्य में वे अपने जीवनभर के योगदान के लिए फिर से सम्मानित हों।

# देश के रणनीतिक और राष्ट्रीय हितों की उपेक्षा कर रही है मोदी सरकार : खरगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि हिंद महासागर में अमेरिकी हमले में ईरानी जहाज के डूबने की घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार की चुप्पी से साफ है कि देश के रणनीतिक और राष्ट्रीय हितों की घोर उपेक्षा की जा रही है।

श्री खरगे ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ईरान का जो जहाज टारपीडो की चपेट में आने से डूबा है यह जहाज बिना सैन्य साजो सामान के था और भारत में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा 2026 से लौट रहा था। ईरानी नौसेना का जहाज ईरिस डेना भारत का आमंत्रित अतिथि था और यह विशाखापत्तनम में 15 से 26 फरवरी तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू 2026 में शामिल हुआ था। इस आयोजन में 70 से ज्यादा देशों की नौसेनाएं शामिल हुई थीं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि इस अतिथि के डूबने पर भारत की तरफ से कोई चिंता या संवेदना व्यक्त नहीं की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पर चुप हैं। श्री मोदी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि जब आप अपने ही आंगन में हो रही घटनाओं पर प्रतिक्रिया नहीं दे सकते हैं तो हमें महासागर सिद्धांतों और हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के 'नेट सिक्योरिटी प्रोवाइडर' होने के सिद्धांतों पर उपदेश क्यों दे रहे हैं। उन्होंने इस घटना का विवरण देते हुए कहा कि होर्मुज की खाड़ी में 38 भारतीय ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाज और 1100 नाविक फंसे हुए हैं। कैप्टन आशीष कुमार समेत दो भारतीय नाविकों की कथित तौर पर मौत हो गई है। समुद्री बचाव या राहत अभियान क्यों नहीं चलाया जा रहा है।

# भारत विश्व की वैश्विक कौशल राजधानी बनने की दिशा में अग्रसर : जयंत

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के तहत भारत विश्व की वैश्विक कौशल राजधानी बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है।

श्री चौधरी ने गुरुवार को फिनलैंड सरकार के रोजगार मंत्री मटियास मार्टिनेन के साथ कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और कार्यबल गतिशीलता के क्षेत्रों में भारत और फिनलैंड के बीच सहयोग को मजबूत करने के अवसरों का पता लगाने के लिए द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने और कुशल कार्यबल की गतिशीलता के लिए मार्ग प्रशस्त करने हेतु संस्थानों, उद्योग और प्रशिक्षण प्रणालियों के बीच सहयोग को गहरा करने के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के तहत, भारत विश्व की वैश्विक कौशल राजधानी बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। भारत वैश्विक उद्योगों में कुशल प्रतिभाओं का योगदान देने के लिए अच्छी स्थिति में है। भारत की जनसांख्यिकीय शक्ति और फिनलैंड की तकनीकी एवं व्यावसायिक उत्कृष्टता कौशल के क्षेत्र में एक स्वाभाविक साझेदारी का निर्माण करती है। हमारी चर्चा प्रशिक्षण तंत्रों के बीच व्यावहारिक सेतु बनाने, संस्थागत सहयोग को मजबूत करने और उच्च प्रशिक्षण और गतिशीलता मानकों को बनाए रखते हुए कुशल युवाओं के लिए वैश्विक अवसरों तक पहुंच के मार्ग प्रशस्त करने पर केंद्रित थी। श्री मार्टिनेन ने कहा, ''व्यावसायिक शिक्षा और कार्यबल विकास के क्षेत्र में भारत के साथ बढ़ती साझेदारी को फिनलैंड महत्व देता है। विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत और हमारे कार्यबल को मजबूत कर रहे उच्च कुशल भारतीय पेशेवरों के योगदान की हम तहे दिल से सराहना करते हैं। भारत का मजबूत कौशल विकास तंत्र और युवा प्रतिभा आगे सहयोग के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। अपने संस्थानों और उद्योगों के बीच सहयोग को मजबूत करके, हम नवाचार, कौशल विकास और सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देते हुए कार्यबल संबंधी चुनौतियों का समाधान कर सकते हैं। इस चर्चा में दोनों देशों के संस्थानों और उद्योग जगत के हितधारकों के बीच घनिष्ठ सहयोग की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला गया, ताकि कौशल मानकों को उभरती वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जा सके। दोनों पक्षों ने व्यावसायिक योग्यताओं की सुगम मान्यता सुनिश्चित करने और कार्यबल की कमी का सामना कर रहे क्षेत्रों में कुशल पेशेवरों की आवाजाही को प्रोत्साहित करने वाले तंत्रों की खोज में रुचि व्यक्त की।

# पुर्तगाल के संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्यसभा उपसभापति हरिवंश से मुलाकात की

एजेंसी

नयी दिल्ली। पुर्तगाल की संसद के उपाध्यक्ष मार्कोस पेरेस्ट्रेल्लो डी वास्कोनसेलोस के नेतृत्व में आए संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने आज संसद में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश से मुलाकात की। श्री हरिवंश ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सम्बंधों के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत और पुर्तगाल के सम्बंध गहरी मित्रता, आपसी सम्मान, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, ऐतिहासिक और समुद्री संबंधों तथा सांस्कृतिक और प्रवासी जुड़ाव पर आधारित हैं। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2025 में भारत और पुर्तगाल के बीच राजनयिक सम्बंधों की पुनः स्थापना की 50वीं वर्षगांठ मनाई गई। इससे यह वर्ष दोनों देशों के लिए बेहद खास बन गया। उन्होंने यूरोपीय संघ के साथ भारत की सहभागिता को बढ़ावा देने में पुर्तगाल द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। इसमें वर्ष 2000 में पहले भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन की मेजबानी और 2021 में पोर्टो में आयोजित पहले भारत-यूरोपीय संघ 27 नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी शामिल है। दोनों देशों के बीच राजनीतिक सहयोग के बारे में श्री हरिवंश ने कहा कि नियमित उच्च स्तरीय वार्ता और आदान-प्रदान ने कई क्षेत्रों में बढ़ते सहयोग के साथ द्विपक्षीय सम्बंधों को दिशा दी है। उन्होंने कहा कि 2024 में रियो डी जनेरियो में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री मोंटेनेरो के बीच हुई पहली बैठक में दीर्घकालिक सम्बंधों पर चर्चा हुई और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया। श्री हरिवंश ने कहा कि दो जीवंत लोकतांत्रिक देशों के रूप में, भारत और पुर्तगाल का संसदीय आदान-प्रदान का एक लंबा इतिहास रहा है और उन्होंने इस बात पर बल दिया कि संसदीय आदान-प्रदान को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

# पेज एक का शेष

## कई देशों में ...

हो चुकी है। इनमें 175 स्कूली छात्राएं और स्कूल स्टाफ भी शामिल हैं, जिनकी मौत युद्ध के पहले दिन दक्षिणी शहर मिनाब के एक प्राथमिक स्कूल पर मिसाइल हमले में हुई। यह जानकारी ईरान की मानवीय संस्था ईरानी रेड क्रेसेंट सोसाइटी ने दी है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि मृतकों में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के सैनिक शामिल हैं या नहीं। इजरायल में अब तक 10 नागरिकों की मौत की पुष्टि हुई है। इनमें से नौ लोगों की जान 1 मार्च को यरूशलम के पास बीट शेमेश में हुए ईरानी मिसाइल हमले में गई। इजरायल की एंबुलेंस सेवा मागेन डेविड एडोम ने इसकी जानकारी दी है। इजरायली रक्षा बलों ने अभी तक किसी सैन्य हताहत की पुष्टि नहीं की है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार इजरायली हमलों में वहां 77 लोगों की मौत हो चुकी है। बहरीन में मिसाइल को रोकने की कार्रवाई के दौरान सलमान इंडस्ट्रियल सिटी में आग लग गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। कुवैत में ईरानी हमलों में तीन लोगों की जान गई है, जिनमें दो कुवैती सैनिक शामिल हैं। ओमान के तट के पास मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाले एक उत्पाद टैंकर पर प्रोजेक्टाइल गिरने से एक व्यक्ति की मौत हुई। संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्रालय ने तीन लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक कुवैत में एक सैन्य सुविधा पर हुए हमले में छह अमेरिकी सैनिक भी मारे गए हैं। सीरिया के दक्षिणी शहर स्वेइदा में एक इमारत पर ईरानी मिसाइल गिरने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि इराक में कम से कम 13 लोगों की जान जाने की पुष्टि हुई है। इनमें 11 मिलिशिया सदस्य, एक सेना का जवान और एक आम नागरिक शामिल है। यह युद्ध लेबनान तक पहुंच गया है, जहां इस्राइल बेरूत पर हमले कर रहा है और हिजबुल्लाह के साथ भारी गोलीबारी हो रही है। नाटो के वायु रक्षा सिस्टम ने एक ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल को तुर्की के हवाई क्षेत्र में मार गिराया है, जो कि खाड़ी से बाहर के देशों को लपेटने का एक प्रयास माना जा रहा है। उत्तरी इराक में कुर्दिश बल ईरान के खिलाफ ऑपरेशन के लिए 'स्टैंडबाय' पर हैं, जबकि चीन ने अमेरिका और इस्राइल के इस सैन्य अभियान को तुरंत रोकने की मांग की है। यह संघर्ष अब केवल सैन्य मोर्चे तक सीमित नहीं है, बल्कि इसने लेबनान से लेकर हिंद महासागर तक एक व्यापक क्षेत्रीय और वैश्विक संकट का रूप ले लिया है। होर्मुज जलडमरूमध्य का बंद होना वैश्विक ऊर्ज़ा बाजार और सप्लाई चेन के लिए एक रेड फ्लैग है। दुनिया की नजरें अब इस बात पर टिकी हैं कि क्या कूटनीतिक पहल इस महासंकट को शांत कर पाएगी या वैश्विक अर्थव्यवस्था को एक नए और विनाशकारी झटके का सामना करना पड़ेगा। ईरान के खिलाफ जारी सैन्य कार्रवाई के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की युद्ध संबंधी शक्तियों को सीमित करने का प्रस्ताव अमेरिकी सीनेट ने खारिज कर दिया है।

'वार पावर्स रेजोल्यूशन' को सीनेट में 53 बनाम 47 मतों से पारित किया गया, जिसमें अधिकांश सांसदों ने पार्टी लाइन के अनुसार मतदान किया। इस प्रस्ताव के तहत राष्ट्रपति को ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियान जारी रखने से पहले कांग्रेस की अनुमति लेना अनिवार्य किया जाना था। यदि यह प्रस्ताव पारित हो जाता तो कांग्रेस की औपचारिक मंजूरी के बिना ईरान में आगे की सैन्य कार्रवाई प्रभावी रूप से रोक दी जाती। डेमोक्रेट पार्टी के अधिकांश सांसदों ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने सैन्य कार्रवाई शुरू करते समय कांग्रेस को दरकिनार किया और युद्ध के औचित्य पर स्पष्ट जानकारी नहीं दी। उनका कहना था कि लंबे युद्ध की संभावना वाले निर्णयों में सांसदों की सीधी भूमिका होनी चाहिए। रिपब्लिकन पार्टी के अधिकांश सांसदों ने इसका विरोध करते हुए कहा कि चल रहे संघर्ष के दौरान राष्ट्रपति की शक्तियों को सीमित करना अमेरिका की रणनीतिक स्थिति को कमजोर कर सकता है। मतदान के दौरान दो सांसदों ने अपनी-अपनी पार्टी से अलग रुख अपनाया। पेनसिल्वेनिया के डेमोक्रेटिक सीनेटर जॉन फ़ेटरमैन ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया, जबकि केंटकी के रिपब्लिकन सीनेटर रैंड पॉल ने इसका समर्थन किया। मध्यमार्गी रिपब्लिकन सुसान कॉलिन्स (मेन) और लीसा मर्कोव्स्की (अलास्का) ने भी प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया, हालांकि उन्होंने सैन्य अभियान को लेकर सावधानी बरतने की आवश्यकता पर जोर दिया। कॉलिन्स ने कहा कि प्रस्ताव पारित होने से ईरान को गलत संदेश जा सकता है और संघर्ष में शामिल अमेरिकी सैनिकों की स्थिति कमजोर पड़ सकती है। यह प्रस्ताव वर्जीनिया के डेमोक्रेटिक सीनेटर टिम केन सहित कुछ सांसदों द्वारा पेश किया गया था और इसमें 1973 के वार पावर्स एक्ट के प्रावधानों का हवाला दिया गया था, जिसके तहत कांग्रेस सैन्य कार्रवाई समाप्त करने पर मतदान की मांग कर सकती है।

## ईरान संघर्ष में अमेरिकी सेना...

इस अभ्यास में 42 जहाजों, 29 विमानों और 74 देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था, जो प्रतिभागी नौसेनाओं के बीच व्यापक समुद्री सहयोग को दर्शाता है। इस कार्यक्रम का समापन भारतीय नौसेना के विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर आयोजित औपचारिक समारोह के साथ हुआ था। भारत प्रवास के दौरान आईआरआईएस डेना ने 15 से 25 फरवरी तक आयोजित 'इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026' में भी हिस्सा लिया था और विशाखापत्तनम में पोर्ट कॉल किया था, जहां इसे इस आयोजन के लिए आये कई अन्य विदेशी युद्धपोतों के साथ खड़ा किया गया था।

## शाह ने जनगणना...

बनाने के संकल्प को पूरा करने में महिलाओं और पुरुषों की बराबर की भागीदारी के भी प्रतीक हैं। इन शुभंकरों के माध्यम से जनगणना 2027 से संबंधित जानकारी, उद्देश्य एवं प्रमुख संदेश समाज के विभिन्न वर्गों तक प्रभावी और जन-सुलभ रूप में पहुँचाए जाएंगे। जनगणना-2027 भारत की पहली तकनीकी (डिजिटल) उपकरणों द्वारा संचालित जनगणना होगी। श्री शाह ने इस अवसर पर चार डिजिटल प्लेटफार्म का सॉफ्ट लॉन्च किया। ये प्लेटफार्म हाउस लिस्टिंग ब्लॉक क्रिएटर (एचएलबीसी) वेब एप्लिकेशनः यह वेब-मैप एप्लिकेशन चार्ज अधिकारियों को उपग्रह चित्रों की सहायता से तकनीकी रूप से मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाने में सक्षम बनाता है, जिससे देशभर में भौगोलिक कवरेज का मानकीकरण सुनिश्चित होता है। एचएलओ मोबाइल एप्लिकेशनः यह एक सुरक्षित ऑफलाइन मोबाइल एप्लिकेशन है, जिसके माध्यम से प्रगणक मकान -सूचीकरण डेटा एकत्र एवं अपलोड कर सकते हैं। केवल सीएमएमएस पोर्टल पर पंजीकृत प्रगणक ही इसका उपयोग कर सकते हैं। यह एप्लिकेशन सीधे क्षेत्र से सर्वर तक डेटा प्रेषण की सुविधा प्रदान करता है, जिससे पारंपरिक कागजी कार्य समाप्त हो जाता है। यह एंड्रॉयड एवं आईओएस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है तथा 16 भाषाओं में संचालित किया जा सकता है। स्व-गणना पोर्टलः पहली बार स्व-गणना का विकल्प प्रदान किया जा रहा है। यह एक सुरक्षित वेब-आधारित सुविधा है, जिसके माध्यम से पात्र उत्तरदाता घर-घर सर्वेक्षण से पूर्व अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। सफल पंजीकरण के बाद एक विशिष्ट स्व-गणना आईडी जारी की जाएगी। इस स्व-गणना आईडी को प्रगणक के साथ साझा किया जायेगा जिसके आधार पर दर्ज की गयी सूचना की प्रगणक द्वारा पुष्टि की जा सकेगी। जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली पोर्टलः यह एक केंद्रीकृत वेब-आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से जनगणना से संबंधित गतिविधियों की योजना, प्रबंधन, क्रियान्वयन और निगरानी की जाएगी।

## नेपाल में 60...

388 महिलाएं हैं, जबकि एक अन्य श्रेणी का उम्मीदवार शामिल हैं। आनुपातिक चुनाव प्रणाली में 3,135 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 1,363 पुरुष और 1,772 महिलाएं शामिल हैं। इस चुनाव में 1.89 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 90 लाख से ज्यादा पुरुष और 92 लाख से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं। चुनाव में 1.86 लाख अनंतिम मतदाता भी हैं।

## जंग जल्द खत्म...

का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तीन समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए। दोनों देशों ने कानून के शासन में विश्वास व्यक्त करते हुए वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की वकालत की है। उन्होंने सभी तरह के आतंकवाद जड़ से समाप्त करने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। श्री मोदी ने विश्व में अस्थिरता और अनिश्चितता का उल्लेख करते हुए कहा कि यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि भारत और फिनलैंड दोनों कानून के शासन, बातचीत और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा, '' हम एकमत हैं कि केवल सैन्य टकराव से किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं निकल सकता। यूक्रेन हो या पश्चिमी एशिया, हम संघर्ष की शीघ्र समाप्ति और शांति के हर प्रयास का समर्थन करते रहेंगे। दोनों देशों के बीच सहयोग को और पुख्ता बनाने की सहमति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में दुनिया की दो बड़ी कूटनीतिक शक्तियों भारत और यूरोप का बढ़ता सहयोग वैश्विक स्थिरता, विकास और साझा समृद्धि को नई मजबूती दे रहा है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इससे उनके बीच व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को और प्रबल होगा। दोनों देश डिजिटल प्रौद्योगिकी, ढांचागत और सततता जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण साझेदार हैं। दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे सहयोग पर उन्होंने कहा कि नोकिया के मोबाइल फोन और दूरसंचार नेटवर्क ने करोड़ों भारतीयों को जोड़ा है। फिनलैंड के वास्तुविदों के सहयोग से भारत ने चिनाब नदी पर विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज बनाया है। फिनलैंड की साझेदारी से भारत ने नुमालीगढ़ में दुनिया की सबसे बड़ी बांस से जैव इथेनॉल रिफाइनरी भी बनाई है। उन्होंने कहा कि इस सहयोग से प्रेरणा लेते हुए दोनों देशों ने संबंधों को डिजिटलाइजेशन और स्स्टेनेबिलिटी में रणनीतिक साझेदारी का रूप देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा , '' यह साझेदारी ए आई से लेकर 6 जी दूरसंचार , स्वच्छ ऊर्ज़ा से लेकर क्वांटम कंप्यूटिंग ,कई हाई-टेक क्षेत्रों में हमारे सहयोग को गति और ऊर्ज़ा देगी। साथ ही रक्षा , अंतरिक्ष , सेमीकन्डक्टर और महत्वपूर्ण खनिज जैसे प्रमुख क्षेत्रों में भी साझेदारी और गहरी होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और फिनलैंड जैसे लोकतान्त्रिक और जिम्मेदार देशों की यह रणनीतिक साझेदारी पूरे विश्व के लिए विशवसनीय प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करने में योगदान देगी। उन्होंने कहा कि दोनों देश इस बात पर भी एकमत हैं कि बढती वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार आवश्यक ही नहीं अविलंब होना चाहिए।

## भारत और फिनलैंड ने ...

घोषणा की गई। प्रमुख समझौतों में से एक माइग्रेशन और मोबिलिटी के क्षेत्र में है जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच कुशल पेशेवरों की आवाजाही को सुगम बनाना है। एक अन्य समझौता पर्यावरण सहयोग पर पहले से जारी समझौता ज्ञापन के नवीनीकरण से संबंधित है जिस पर पहली बार नवंबर 2020 में हस्ताक्षर किए गए थे। इस नवीनीकृत समझौते के तहत सततता से जुड़े क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार किया जाएगा, जिनमें जैव ऊर्ज़ा, कचरे से ऊर्ज़ा समाधान, ऊर्ज़ा भंडारण प्रणालियाँ, लचीला नवीकरणीय ऊर्ज़ा ढाँचा, हरित हाइड्रोजन और पवन, सौर तथा छोटे जलविद्युत जैसे नवीकरणीय ऊर्ज़ा स्रोत शामिल हैं। दोनों देशों ने सांख्यिकी के क्षेत्र में सहयोग के लिए भी एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य आधिकारिक सांख्यिकीय प्रणालियों में सहयोग बढ़ाना और सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करना है। इन समझौतों के अलावा, दोनों देशों ने उभरती प्रौद्योगिकियों और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र में सहयोग मजबूत करने के लिए कई नई पहलों की भी घोषणा की। एक प्रमुख घोषणा भारत-फिनलैंड संबंधों को डिजिटलीकरण और सतत विकास के क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने की है जो उन्नत प्रौद्योगिकियों और जलवायु-केंद्रित विकास में बढ़ते सहयोग को दर्शाती है। दोनों देशों ने यह भी सहमति जताई कि भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और फिनलैंड की नवाचार वित्तपोषण एजेंसी के बीच एक कार्यान्वयन व्यवस्था के तहत संयुक्त अनुसंधान प्रस्ताव आमंत्रित किए जाएंगे, ताकि सहयोगी शोध परियोजनाओं को बढ़ावा दिया जा सके। अधिकारियों के अनुसार, दोनों पक्षों ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को वर्तमान स्तर से दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। इसे हाल ही में संपन्न भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से से बल मिलने की उम्मीद है। उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग को मजबूत करने के लिए भारत और फिनलैंड डिजिटलाइजेशन पर एक बहु-क्षेत्रीय संयुक्त कार्य समूह भी स्थापित करेंगे। यह समूह 5 जी और 6 जी संचार, क्वांटम संचार, उच्च-प्रदर्शन और क्वांटम कंप्यूटिंग तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर ध्यान केंद्रित करेगा। दोनों देशों ने 6 जी के लिए एक संयुक्त कार्यबल बनाने की भी घोषणा की, जिसमें फिनलैंड के ओलू विश्वविद्यालय और भारत के भारत 6 जी गठबंधन के शोधकर्ता शामिल होंगे, ताकि अगली पीढ़ी की दूरसंचार तकनीकों पर अनुसंधान और तकनीकी विकास को आगे बढ़ाया जा सके। दोनों देशों के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को जोड़ने के प्रयासों के तहत भारत और फिनलैंड एक 'इंडो-फिनलैंड स्टार्टअप कॉरिडोर' के माध्यम से स्टार्टअप सहयोग को भी बढ़ावा देंगे। इस पहल के तहत भारतीय स्टार्टअप को फिनलैंड के प्रमुख स्टार्टअप कार्यक्रम स्लश हेलसिंकी में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जबकि फिनलैंड के स्टार्टअप्स को नई दिल्ली में आयोजित स्टार्टअप महाकुंड में भागीदारी के लिए बढ़ावा दिया जाएगा। दोनों देशों ने यह भी घोषणा की कि वे 2026 में भारत में विश्व चक्रीय अर्थव्यवस्था फोरम 2026 की सह-मेजबानी करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन भारत के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा फिनलैंड के नवाचार कोष 'सितरा' के साथ साझेदारी में किया जाएगा।

## पहले 'एक जनपद एक...

देव टीम को लीड करते थे तो पाकिस्तान की टीम हार जाती थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य सुविधाओं और विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 2014 तक भारत में केवल छह एम्स थे, जो अब 23 हो गए हैं। उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने मेडिकल कॉलेजों की संख्या 17 से बढ़ाकर 81 की है। केडीएसजी हॉस्पिटल मेडिकल कॉलेज जैसे संस्थान आगे आ रहे हैं। 300 बेड के अस्पताल से एक हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। प्रदेश सकारात्मक सोच के साथ विकास की ओर बढ़ रहा है। आयुष्मान कार्ड न होने पर मुख्यमंत्री राहत कोष से एक साल में 1300 करोड़ रुपये दिए गए। इस दौरान वहां मौजूद सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में उत्तर प्रदेश की अहम भूमिका होगी। उन्होंने बताया कि करीब 30 साल पहले निवेशक इस क्षेत्र में आने से कतराते थे। उस समय कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं थी, जिससे उद्योगों का पलायन होता था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून व्यवस्था, सड़क और आधारभूत सुविधाओं में बड़ा सुधार हुआ है। इसके चलते निवेशकों का भरोसा बढ़ा है और उद्यमी अब यहां निवेश को लेकर उत्साहित हैं। जापान और सिंगापुर जैसे देश भी प्रदेश में निवेश को लेकर आश्वस्त हैं। सांसद ने रजिस्ट्री, रेरा और किसानों से जुड़ी कई समस्याओं के समाधान की बात कही। मेट्रो के दूसरे रूट को भी जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद है। निजी अस्पताल के उद्घाटन कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इनमें पूर्व क्रिकेटर कपिल देव, प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह और विधायक तेजपाल नागर शामिल थे। धीरेंद्र सिंह, सांसद डॉ. महेश शर्मा भी उपस्थित रहे। प्रमोटर सुनील कुमार गुप्ता और डॉ. अजिंक्य डीवाई पाटिल भी इस अवसर पर मौजूद थे।

## सकारात्मक सोच वाली...

ने कहा देश की प्रगति के लिए हम सभी को अपने अपने क्षेत्र में राष्ट्र प्रथम की भावना से नागरिक दायित्वों का निर्वहन करना होगा। भक्ति को राष्ट्रभक्ति से जोड़ना होगा। भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण और नृसिंह हर कालखंड में होंगे, जरूरत हनुमान, अर्जुन और प्रह्लाद जैसी भक्ति भावना जगाने की है।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित राजग उम्मीदवारों ने राज्यसभा के लिए दाखिल किया नामांकन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार की राजनीति में गुरुवार को उस समय हलचल तेज हो गई जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों ने राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नितिन नवीन और रामनाथ ठाकुर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के उपेंद्र कुशवाहा तथा शिवेश कुमार ने भी अपना नामांकन दाखिल किया।



सभी उम्मीदवारों ने बिहार विधानसभा परिसर स्थित विधान सभा कार्यालय प्रकोष्ठ में सचिव की उपस्थिति में राज्यसभा चुनाव के लिए अपने नामांकन पत्र जमा किए। नामांकन दाखिल करने के दौरान राजनीतिक माहौल काफी सक्रिय दिखाई दिया और गठबंधन के कई बड़े नेता इस मौके पर मौजूद रहे। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। नेताओं ने उम्मीदवारों को शुभकामनाएं देते हुए राज्यसभा चुनाव में जीत का भरोसा जताया। जनता दल यूनाइटेड ने राज्यसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अपना उम्मीदवार बनाया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि नीतीश कुमार के लंबे राजनीतिक अनुभव और प्रशासनिक क्षमता का लाभ संसद में भी बिहार और देश को मिलेगा। नामांकन दाखिल होने के साथ ही बिहार में राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। अब सभी दल अपने-अपने उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनाने में जुट गए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले दिनों में राज्यसभा चुनाव को लेकर बिहार की राजनीति में और भी हलचल देखने को मिल सकती है।

# केजरीवाल को विशेषाधिकार समिति के नोटिस की आतिशी ने की आलोचना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) की वरिष्ठ नेत्री और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को विशेषाधिकार समिति के जारी नोटिस की आलोचना की। उन्होंने दिल्ली सरकार से मांग की कि कल जब अरविंद केजरीवाल को बुलाया जाए तब उसका लाइव प्रसारण किया जाए। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने गुरुवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को विधानसभा में 'फंासी घर' को लेकर समन भेजा है। इस पत्रकार वार्ता में आआपा के प्रवक्ता और बुराड़ी से विधायक संजीव झा भी उपस्थित रहे। आतिशी ने बताया कि दिल्ली विधानसभा में जब रामनिवास गोयल अध्यक्ष बने और दिल्ली विधानसभाओं के कई कमरों का




नवीकरण कराया जा रहा था तब उसमें एक छिपा हुआ कमरा मिला, जिसमें रस्सियां और कांच की गोलियां मिलीं। इस कमरे को चुपचाप मौत की सजा देने के लिए अंग्रेजी हुकूमत ने बनवाया था। उन्होंने कहा कि आआपा सरकार ने फैसला किया था इसे आम जनता को देखने के लिए खोला जाएगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार कह रही है कि अंग्रेज इस फंासी घर में भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों को फंासी नहीं देती थी। ऐसा लग रहा है कि दिल्ली सरकार आज भी अंग्रेजी हुकूमत के साथ है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने कई जगहों पर उद्घाटन किया है तो क्या सरकार अब 10 साल में अरविंद केजरीवाल ने जहां-जहां का उद्घाटन किया वहां पर उनको बुला के उनसे सवाल जवाब करेंगे। क्या इसलिए दिल्ली की जनता ने सरकार को चुन के भेजा? आतिशी ने दिल्ली सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार को दिल्ली में पानी, बिजली, सड़क और निजी स्कूलों की समस्या नहीं दिख रही है लेकिन उन्होंने फांसी घर पर अरविंद केजरीवाल को समन भेजा है। उन्होंने कहा कि आज दिल्लीवाले गंदे पानी, टूटी हुई सड़कें और प्रदूषण की समस्या से बुरी तरह से प्रताड़ित हैं लेकिन उसके लिए कोई जांच और पूछताछ नहीं हो रही है। आआपा प्रवक्ता संजीव झा ने कहा कि सरकार ने एक साल यह साबित करने में लगा दिया कि अंग्रेज क्रूर नहीं थे। अंग्रेजों की क्रूरता का इतिहास दीवारों के पीछे छिपा दिया गया है। उन्होंने कहा कि साल 2022 में जब विधानसभा के उस भवन को खुलवाया गया तब पता चला कि वह कमरा 2 मंजिला था। उसमें तमाम रस्सियां, कांच की गोलियां, कपड़े और चप्पलें भी मिलीं।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लद्दाख बुद्ध विहार के फुट ओवर ब्रिज का किया शिलान्यास



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को मोनेस्ट्री मार्केट, लद्दाख बुद्ध विहार के फुट ओवर ब्रिज का शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज मुझे बहुत खुशी हो रही है कि लद्दाख बुद्ध विहार के लोगों की लंबे समय से लंबित मांग आखिरकार पूरी हो रही है। उन्होंने पिछली सरकारों पर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्षों से इस कॉलोनी के निवासी, जहां लद्दाख के भाई-बहन रह रहे हैं और अपनी आजीविका कमा रहे हैं, एक फुट ओवरब्रिज की मांग कर रहे थे। उन्होंने सैकड़ों बार ज्ञापन और अनुरोध के साथ पिछली सरकार से संपर्क किया, लेकिन पिछली सरकारों ने यह छोटा सा काम भी कभी पूरा नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पुल का निर्माण लद्दाख की वास्तुकला को ध्यान में रखकर किया जाएगा। इसमें दो लिफ्ट भी लगाई जाएंगी। फुट ओवर ब्रिज के बनने से लद्दाख बुद्ध विहार और मोनेस्ट्री मार्केट आने-जाने वाले लोगों को सुरक्षित रूप से सड़क पार करने की सुविधा मिलेगी। साथ ही रिंग रोड पर यातायात भी अधिक सुचारु और निर्बाध रूप से चल सकेगा। इस अवसर पर सांसद प्रवीण खंडेलवाल, कैबिनेट सहयोगी प्रवेश साहिब सिंह, लद्दाख भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ताशी ग्यालसन खाचू सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## शिया व सुन्नी धर्मगुरु और विश्व की महाशक्तियां युद्ध रुकवाने के लिए आगे आएं: बाबा रामदेव

**हरिद्वार।** पतंजलि योगपीठ के योग भवन में सुबह के योगाभ्यास के बाद स्वामी रामदेव ने योग साधकों और पतंजलि यूनिवर्सिटी के छात्रों के साथ खूब होली खेली। स्वामी रामदेव ने सभी के साथ फूलों और रंगों से होली खेलकर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए स्वामी रामदेव ने ईरान-इजरायल युद्ध पर चिंता जताते हुए कहा कि पूरा पश्चिम एशिया युद्ध की आग में जल रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका डॉलर का वर्चस्व कायम करना चाहता है और जो देश अमेरिका की बात नहीं मानता अमेरिका उसे निशाना बनाता है। स्वामी रामदेव ने आह्वान किया कि सभी शिया और सुन्नी गुरुओं और विश्व की महाशक्तियों को आगे आकर इन युद्धों को रुकवा कर शांति स्थापित करने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि अगर दुनिया को सुरक्षित रखना है तो परमाणु हथियारों को खत्म करने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। उनका कहना था कि युद्ध से किसी का भला नहीं होता, जबकि योग और शांति ही मानवता को बचा सकते हैं।

# लोक भवन में हर्षोल्लास से मनाई गई होली



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। राजधानी देहरादून स्थित लोक भवन में बुधवार को होली मिलन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल गुरमीत सिंह (से.नि.) और पुष्कर सिंह धामी ने भाग लिया। दोनों ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक', कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत और गणेश जोशी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी, समाजसेवी एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग उपस्थित रहे। सभी ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें होली की बधाई दी तथा एक-दूसरे को रंग एवं गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल गुरमीत सिंह ने अपने संदेश में कहा कि होली हर्ष, उल्लास और समरसता का प्रतीक पर्व है, जो समाज में प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि विविध रंगों का यह उत्सव आपसी सद्भाव को सुदृढ़ करने का माध्यम है और मानवता को एकजुट रहने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि होली हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह पर्व सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कामना की कि रंगों का यह त्योहार सभी के जीवन में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करे तथा प्रदेश निरंतर विकास और प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे। कार्यक्रम के दौरान लोक भवन परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण रहा और पारंपरिक ढंग से होली का पर्व मनाया गया।

## होली के बाद सदर अस्पताल सुपौल में मरीजों की भारी भीड़

सुपौल। होली पर्व के समापन के बाद गुरुवार को सदर अस्पताल सुपौल में मरीजों की संख्या में अचानक काफी बढ़ोतरी देखी गई। अस्पताल के ओपीडी से लेकर विभिन्न विभागों तक मरीजों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। खासकर शिशु रोग विभाग और हड्डी रोग विभाग में मरीजों की भीड़ सबसे अधिक देखने को मिल रही है।

## पंजाब व चंडीगढ़ में हर तरफ होली की धूम

चंडीगढ़। पंजाब व हरियाणा में चारों तरफ होली की धूम रही। आपसी प्रेम व भाईचारक एकता को मजबूत करते हुए लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी। ऐतिहासिक शहर आनंदपुर साहिब में होला मोहल्ला के अवसर पर लाखों की संख्या में देश विदेश से श्रद्धालु पहुंचे और धार्मिक आयोजनों में भाग लिया। पंजाब के अमृतसर स्थित दरबार साहिब में भी आज अन्य दिनों के मुकाबले संगत की भारी भीड़ रही। सुबह से ही यहां श्रद्धालु माथा टेकने के लिए पहुंचने शुरू हो गए थे। आनंदपुर साहिब में भीड़ को संभालने के लिए यहां करीब 5000 जवान तैनात किए गए हैं और ड्रोन के जरिए भी निगरानी रखी जा रही है। लुधियाना, जालंधर, पटियाला, बठिंडा समेत कई स्थानों पर होली के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राजधानी चंडीगढ़ में भी कई स्थानों होली के साथ-साथ हुडदंगियों ने भी हंगामा किया। चंडीगढ़ पुलिस ने बल का प्रयोग करते हुए सुखना लेकर से कुछ युवाओं को खदेड़ा। यह नौजवान सुखना का पानी गंदा करने का प्रयास कर रहे थे। इसी बीच सेक्टर-15 में मार्केट और पंजाब यूनिवर्सिटी में युवाओं की भीड़ जुट गई। इसके बाद पुलिस ने लाठियों का हलका बल प्रयोग करके उन्हें खदेड़ दिया। जिससे माहौल गर्मा गया। वहीं सेक्टर-10 स्थित कॉलेज के हॉस्टल में रहने वाली लड़कियों ने हंगामा कर दिया है। उन्होंने कहा कि हमें होली खेलने के लिए बाहर नहीं जाने दिया जा रहा है। अमृतसर की गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी में भी पुलिस ने लाठियां चलाकर हुडदंग मचाने वालों को खदेड़ दिया। उधर लुधियाना के गोविंद गोधाम में लोगों की भीड़ जुटी और जमकर होली का जश्न मनाया जा रहा। इसके साथ ही अबोहर के आलमगढ़ स्थित खाटू श्याम में भी श्रद्धालु जुटे। इस बीच पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने प्रदेश के लोगों को होली की बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि मेरी परमात्मा से प्रार्थना है कि यह त्योहार आपके जीवन में खुशियों के सभी रंग लेकर आए। पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवा ने भी एक संदेश जारी करके पंजाब के लोगों को होली की बधाई दी है।

## एमजीसीयू का इन्फ्लिबनेट केंद्र के साथ एमओयू

पूर्वी चंपारण। महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय ने गांधीनगर, गुजरात स्थित इन्फ्लिबनेट (INFLIBNET) सेंटर अर्थात सूचना एवं पुस्तकालय नेटवर्क केंद्र के साथ आधिकारिक तौर पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अनुसंधान परिदृश्य में क्रांतिकारी बदलाव लाकर वैश्विक अनुसंधान दृश्यता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाना है।

कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा है, कि यह सहयोग एक सशक्त अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो विद्वानों को वैश्विक मंच पर अपने बौद्धिक योगदान को प्रदर्शित करने के लिए विश्व स्तरीय डिजिटल उपकरण प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है,कि इन्फ्लिबनेट के साथ यह समझौता होने से, विश्वविद्यालय के शोध प्रबंध और थीसिस,भारतीय इलेक्ट्रॉनिक थीसिस के प्रमुख भंडार शोधगंगा के माध्यम से वैश्विक शैक्षणिक समुदाय के लिए सुलभ होंगे। यह प्लेटफार्म शोधकर्ताओं और पर्यवेक्षकों को पंजीकरण से लेकर थीसिस के अंतिम प्रस्तुतीकरण तक संपूर्ण अनुसंधान जीवनचक्र के प्रबंधन के लिए एक समर्पित गेटवे प्रदान करेगा।यह साझेदारी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा अनिवार्य उन्नत साहित्यिक चोरी का पता लगाने वाले उपकरणों और शैक्षणिक सत्यनिष्ठा प्रोटोकॉल के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करेगी। इसके साथ ही इन्फ्लिबनेट विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों और शोधार्थियों के लिए विशेष प्रशिक्षण और मार्गदर्शन कार्यक्रम प्रदान करेगा।

समस्त क्षेत्रवासियों को होली व चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
शिव कैलाश दीक्षित 'राजन'
समाजसेवी
प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य
पद हेतु त्रिवेदीगंज तृतीय
बाराबंकी


समस्त क्षेत्रवासियों को होली व चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
रोहित सिंह
समाज सेवी
रजनपुर
तिलोई अमेठी


समस्त क्षेत्रवासियों को होली व चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
शैलेंद्र गुप्ता
अध्यक्ष
नगर पालिका
परिषद, पूरनपुर
जनपद पीलीभीत


समस्त क्षेत्रवासियों को होली व चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
कर्ण कुमार बाजपेयी
पूर्व जिला पंचायत
सदस्य
तिलोई विधानसभा
क्षेत्र अमेठी


# सीजन से पहले हरकी पैड़ी क्षेत्र में अतिक्रमण पर कार्रवाई, ठेले-फड़ हटाए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। आगामी यात्रा सीजन और बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए प्रशासन ने हरकी पैड़ी क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में गुरुवार को चौकी नगर क्षेत्र में पुलिस टीम ने विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया। अभियान के दौरान सड़कों, गलियों और घाटों के आसपास लगाए गए अस्थायी ठेले-फड़ और अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। पुलिस टीम ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि दोबारा अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि यात्रा सीजन के दौरान हरकी पैड़ी और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में अतिक्रमण के कारण मार्ग संकरा हो जाता है, जिससे आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में भी कठिनाई आती है। अभियान के दौरान दुकानदारों और व्यापारियों से अपील की गई कि वे निर्धारित स्थानों पर ही अपना व्यवसाय करें और सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण न करें, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यात्रा सीजन को देखते हुए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। हरकी पैड़ी सहित शहर के अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों के आसपास भी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके।







चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063